Page 11  खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10 देश 

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, रोहिणी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 16 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 09 • पृष्ठ 12



निरज की ओलिंपिक जर्सी वर्ल्ड एथलेटिक्स हेरिटेज कलेक्शन में शामिल

हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद एक्शन में योगी सरकार, यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण....


## अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली, आतिशी कालकाजी से लड़ेंगी चुनाव

- सभी 70 सीटों पर एएपी कैंडीडेट घोषित, 26 विधायकों के टिकट काटे, 4 की सीट बदली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की चौथी और आखिरी लिस्ट आ गई है। इसमें 38 नाम हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। सीएम आतिशी को कालकाजी से उम्मीदवार बनाया गया है। सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश, सत्येंद्र जैन शकूर बस्ती से चुनाव लड़ेंगे। एएपी ने 21 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच यानी



25 दिनों में कुल 4 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। इस बार 26 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए हैं। 4 विधायकों की सीट बदली गई है। इनमें मनीष सिसोदिया की सीट पटपड़गंज से जंगपुरा, राखी बिडलान की मंगोलपुरी से मादीपुर, प्रवीण कुमार की जंगपुरा से जनकपुरी और दुर्गेश पाठक की करावल नगर से राजेंद्रनगर सीट बदली गई है। 2020 में राघव चड्ढा राजेंद्रनगर से विधायक बने थे। 2022 में उनके राज्यसभा जाने के बाद से यह सीट खाली है।

## जियाउर्रहमान के बाद अब इकबाल के इलाके में गरजा बुलडोजर

- संभल में यूपी सरकार के ऐक्शन से मचा हड़कंप, राजनीति भी शुरू

**संभल (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल में 24 नवंबर को भड़की हिंसा के बाद लगातार ऐक्शन जारी है। संभल हिंसा के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। तीन दर्जन से अधिक आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। वहीं, अब संभल के विभिन्न इलाकों में बुलडोजर गरज रहा है। दरअसल, संभल प्रशासन की ओर



से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अवैध निर्माणों को ढहाने की कार्रवाई हो रही है। प्रशासन और पुलिस की टीम लगातार एक्शन मोड में दिख रही है। संभल में पिछले दिनों सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क के इलाके में बुलडोजर ऐक्शन हुआ। इस दौरान एक जगह से मंदिर मिलने की खबर सामने आई। वहीं, अब रविवार को समाजवादी पार्टी विधायक इकबाल महमूद के इलाके में बुलडोजर गरजा है। प्रशासन की टीम बुलडोजर के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत इलाके में पहुंची। संभल में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर प्रशासन की ओर से कहा गया है कि यह कानून सम्मत कार्रवाई है।

## भारत में ही बैठे-बैठे लोगों को गायब करवा रहीं शेख हसीना

- यूनुस सरकार के जांच आयोग ने लगाए आरोप, 3500 मामले आए सामने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार द्वार गठित जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर बड़ा खुलासा किया है। जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उसे लोगों को कथित रूप से गायब किए जाने की घटनाओं में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की संलिप्तता का पता चला है। लोगों के लापता होने की घटनाओं की जांच के



लिए गठित आयोग ने अनुमान लगाया है कि ऐसे मामलों की संख्या 3500 से ज्यादा है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के मुख्य सलाहकार के कार्यालय की प्रेस शाका ने शनिवार रात एक बयान में कहा कि आयोग को इस बात के साथ मिले हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के निर्देश पर लोगों को गायब किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अपदस्थ प्रधानमंत्री के रक्षा सलाहकार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) तारिक अहमद सिद्दीकी, राष्ट्रीय दूरसंचार निगरानी केंद्र के पूर्व महानिदेशक और बर्खास्त मेजर जनरल जियाउल अहसन, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मोनिरुल इस्लाम एवं मोहम्मद हारुन ओर रशीद और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इन घटनाओं में शामिल पाए गए।

# अगले 'परिसीमन' पर टकराव के बन रहे आसार

- दक्षिण के राज्य सबसे ज्यादा नाराज, होगा नुकसान
- बीजेपी की सहयोगी टीडीपी ने भी खड़े किए सवाल

**अमरावती (एजेंसी)।** बीजेपी के सहयोगी दल टीडीपी सांसद लवू श्रीकृष्ण देवरायल ने लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा कि अलगे परिसीमन से दक्षिण के राज्यों को नुकसान होने वाला है। उन्होंने कहा कि परिसीमन का लाभ उत्तर भारत को मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर जनसंख्या के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया होती है तो यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे प्रदेशों में लोकसभा सीटों की संख्या 169 से बढ़कर 324 हो जाएगी। वहीं आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में केवल 129 से 164 सीटें हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि एक संघ के हित के लिए यह सही नहीं है। जिन राज्यों में जनसंख्या कम हुई है उन्हें भी परिसीमन का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा में पास हुए विधेयकों की मंजूरी की भी सीमा नहीं तय करनी चाहिए। दरअसल अगलो लोकसभा चुनाव 2029



में होना है और इसे बढ़ी हुई सीटों के साथ कराने का प्लान तैयार किया जा रहा है। परिसीमन कानून के मुताबिक 2026 तक लोकसभा की सीटें नहीं बढ़ाई जा सकतीं। इसके बाद जनगणना के आधार पर परिसीमन करवाया जा सकता है। संभवना है कि 2027 की जनगणना के बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे पहले 2008 में लोकसभा सीटों का परिसीमन किया गया था। पहले माना जा रहा था कि 2031 में जनगणना के बाद ही परिसीमन होगा। हालांकि अगर 2021 वाली जनगणना 2027 में कराई जाती है तो इसके बाद परिसीमन किया जा सकेगा। माना जा रहा है कि 2029 में लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़कर साढ़े सात सौ के करीब हो जाएंगी।

# 2034 तक नहीं हो पाएंगे एक साथ चुनाव!

- 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल के बाद भी हैं कई पड़ाव बाकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ करवाने की ओर मोदी सरकार तेजी से कदम बढ़ा रही है। कैबिनेट से मंजूरी के बाद विधेयक को संसद के शीत सत्र के दौरान ही लोकसभा में पेश कर दिया जाएगा। बता दें कि एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर मोदी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई थी। 14 मार्च को समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। एकसाथ चुनाव कराने के लिए प्रस्तावित विधेयक में संकेत यही मिलता है कि यह प्रक्रिया 2034 से लागू की जाएगी। विधेयक की कॉपी की बात करें तो अगर किसी लोकसभा या विधानसभा में समय से पहले चुनाव करना है तो संसद या फिर विधानसभा को भंग करना पड़ेगा। विधेयक में आर्टिकल 82 (ए) को शामिल करने का प्रस्ताव है जिसके तहत सभी विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव साथ में कराए जाएंगे। इसके अलावा आर्टिकल 83 में भी संशोधन करना पड़ेगा। इसमें संसद के सदनों के कार्यकाल की बात कही गई है। इसके अलावा आर्टिकल 172 और 327 में भी संशोधन करना होगा। इन आर्टिकल में विधानसभा के चुनाव के बारे में संसद को नियम बनाने का अधिकार दिया गया है। गुरुवार को केंद्रीय कैबिनेट में 129वें संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी थी। जानकारी के मुताबिक आम चुनाव के बाद लोकसभा की पहली बैठक के दौरान राष्ट्रपति ही एक राष्ट्र एक चुनाव के समय का ऐलान करेंगे। इसका मतलब यह



तारीख 2929 के लोकसभा चुनाव के बाद निर्धारित की जाएगी। ऐसे में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ 2034 से पहले नहीं शुरू हो पाएंगे। सरकार लोकसभा में वित्तीय अनुदान संबंधी कामकाज पूरा करने के बाद 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से संबंधित विधेयकों को पेश करेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे पहले, दो विधेयक - संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्यक्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक - सोमवार को लोकसभा में पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध थे। सरकारी सूत्रों ने बताया कि सोमवार के लिए सूचीबद्ध अनुदानों की अनुपूरक मांगों के पहले बैच को सदन द्वारा पारित किए जाने के बाद ये विधेयक इस सप्ताह बाद में पेश किए जा सकते हैं। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी संशोधित कार्यसूची में सोमवार के एजेंडे में ये दोनों विधेयक शामिल नहीं हैं।

## भारत को जल्द मिलने वाली है नक्सलवाद से मुक्ति:शाह

### केन्द्रीय गृहमंत्री का बड़ा ऐलान, तारीख भी बताई

**रायपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को इस बात को फिर से दोहराया कि 31 मार्च 2026 तक भारत नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। एक निजी कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने कहा कि नक्सलवाद ने देश के कई हिस्सों में विकास को सालों तक अवरुद्ध किया है। गृह मंत्री ने सरकार के प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्य अब इस प्रभाव से मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में केवल दो जिले ही नक्सल प्रभावित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की हालिया चुनावी जीत नक्सल विरोधी प्रयासों को और मजबूत करेगी। अमित शाह छत्तीसगढ़ के एक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक कैम्प का दौरा करने वाले हैं जहां वह रात बिताएंगे। जब उनसे इस दौरे की महत्वता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह पहली बार नहीं



है जब मैं ऐसे कैम्पों का दौरा कर रहा हूं। अब भाजपा के सरकार बनाने के बाद हमारे समन्वय में सुधार हुआ है। उन्होंने नक्सलवाद के खिलाफ प्रगति का श्रेय इन प्रयासों को दिया और कहा एक साल के भीतर 900 से अधिक लोग गिरफ्तार किए गए हैं। 600 से ज्यादा ने आत्मसमर्पण किया है। 300 से ज्यादा मुठभेड़ों में मारे गए हैं।

# महाराष्ट्र में देवेन्द्र फड़णवीस मंत्रिमंडल का विस्तार

- भाजपा से पकंजा मुंडे, बावनकुले और नितेश राणे बन गए मंत्री

### सीएम समेत 42 मंत्री, इनमें 1 मुस्लिम, 4 महिलाएं, 1 सीट खाली

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का पहला विस्तार रविवार को नागपुर में हुआ। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले समेत 33 कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें भाजपा के दिवंगत नेता गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा और उनके चचेरे भाई धनंजय शामिल रहे। एनसीपी की ओर से हसन मुश्रिफ एकमात्र मुस्लिम फेस हैं, जबकि 4 महिलाएं मंत्री बनाई गईं। इनके अलावा 6 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली। 288 सदस्यों वाली महाराष्ट्र विधानसभा में 15 फीसदी यानी 43 सदस्य ही मंत्री बन सकते हैं।

सीएम फडणवीस और डिप्टी सीएम शिंदे-पवार समेत अब 42 मंत्री हो चुके हैं। महाराष्ट्र में 33 साल बाद कैबिनेट विस्तार और शपथ ग्रहण राज्य की उप-राजधानी में हुआ है। इससे पहले 21 दिसंबर 1991 को कांग्रेस के सीएम सुधाकरराव नाइक के मंत्रिमंडल



का विस्तार नागपुर में हुआ था। कार्यक्रम में 39 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।

इससे पहले नाराज शिवसेना विधायक नरेंद्र भेंडिंकर ने विधानसभा उपनेता पद से इस्तीफा दिया। शपथ लेने वालों में चंद्रशेखर बावनकुले, नितेश राणे और पंकजा मुंडे समेत भाजपा के दिग्गज नेताओं ने शपथ ली। शिवसेना की तरफ से गुलाबराव पाटिल, भारत गोगवले, संजय शिरसाट ने शपथ ली। एनसीपी की तरफ से धनंजय मुंडे और हसन मुश्रिफ समेत कई दिग्गजों को मंत्री बनाया गया है। हालांकि मंत्रिमंडल विस्तार से पहले नाराजगी की खबरें भी सामने आईं। शिवसेना नेता नरेंद्र भेंडिकर ने मंत्री पद न मिलने से विधानसभा उपनेता पद से इस्तीफा दे दिया। एनसीपी के अजित पवार ने शपथग्रहण से ठीक पहले कहा है कि आज शपथ लेने वाले मंत्रियों का कार्यकाल ढाई साल का होगा। महायुति के सभी विधायकों पर ये नियम लागू होगा। इसके बाद नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। अब जानकारी के लिए बता दें कि शिवसेना को शहरी विकास, आवास, उद्योग, स्वास्थ्य, परिवहन, पर्यटन, आईटी, मराठी भाषा और एमएसआरडीसी विभाग मिल सकता है।

वहीं एनसीपी को वित्त, सहकारिता और खेल विभाग मिलने का अनुमान है। बीजेपी गृह, राजस्व, बिजली, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा और चिकित्सा शिक्षा और सिंचाई मंत्रालय अपने खाते में रखेगी। वैसे आदित्य ठाकरे ने तो फडणवीस से अपील की थी, कुछ चेहरों को अपने मंत्रिमंडल से दूर रखें।

# रिकार्ड तोड़ रही है ठंड डरा रहीं बर्फीली हवाएं

### यूपी-एमपी और राजस्थान के बुरे हाल, बर्तनों में जम रहा पानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहाड़ों में बर्फबारी की वजह से उत्तर भारत में शीतलहर अपने तेवर दिखा रही है। बड़े इलाके में अभी कोहरे की मार ना पड़ने के बावजूद ठंड में कोई कमी नहीं है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों मे न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं राजधानी दिल्ली का न्यूनतम तापमान भी शनिवार को 4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि

- दिल्ली-पंजाब में और गिरेगा पारा, दक्षिणी राज्यों बारिश का अलर्ट

अभी शीतलहर का प्रकोप बना रहेगा। वहीं पहाड़ों में बर्फबारी में इजाफा होगा जिससे पारा और लुढ़क सकता है। इसके अलावा दक्षिण के राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। हरियाणा और पंजाब के कई हिस्सों में रविवार को भी शीतलहर जारी रहेगी। फरीदकोट में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक शनिवार को पंजाब में फरीदकोट सबसे ठंडा स्थान रहा। आंकड़ों के अनुसार, पंजाब के पठानकोट में न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि गुरदासपुर में 2.8 डिग्री और बठिंडा में 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



इसके मुताबिक, अमृतसर में न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस, लुधियाना में 7.8 डिग्री सेल्सियस और पटियाला में 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

## कॉमेडियन सुनील पाल को किडनैप करने वाले का एनकाउंटर

- मेरठ में दरोगा की पिस्टल छीनकर गाड़ी से कूदा



**मेरठ (एजेंसी)।** कॉमेडियन सुनील पाल और एक्टर मुश्ताक खान किडनैप मामले में गिरफ्तार अर्जुन कर्णवाल ने रविवार को पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की। मेडिकल चेकअप के लिए ले जाते समय वह दरोगा की पिस्टल छीनकर गाड़ी से कूद गया और पुलिस पर फायरिंग कर दी। क्रॉस फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। अर्जुन को पुलिस ने शनिवार रात पकड़ा था। उसके पास से किडनैप में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो कार, 2 लाख रुपए और फिरौती में इस्तेमाल किया गया मोबाइल मिला था।

# अनशन तोड़ने को तैयार नहीं हैं किसान नेता डल्लेवाल

### हालत हुई गंभीर, केन्द्रीय अफसर मिलने पहुंचे, सरकार भी ऐक्टिव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने शनिवार को दिल्ली कूच करने की कोशिश की। प्रशासन की सख्ती की वजह से किसान आगे नहीं बढ़ पाए। पुलिस ने किसानों पर आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया।। किसानों का कहना है कि अब वे 16 दिसंबर को ट्रैक्टर मार्च करेंगे। वहीं खनौरी बॉर्डर पर किसान

- गृह मंत्रालय ने ली मांगों की लिस्ट, अब बड़ी घोषणा का इंतजार

नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 20वें दिन भी आमरण अनशन कर रहे हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा, हम यही आश्वासन देने की कोशिश कर रहे हैं कि किसानों की सरकार से बातचीत का रास्ता खुलेगा और उनकी मांगें भी पूरी होंगी। उन्होंने कहा, हमने जगजीत सिंह डल्लेवाल और अन्य किसान नेताओं से अपील की। इसके अलावा उनकी चिकित्सा सुविधा का इंतजाम किया गया। यादव ने कहा, हम उनके साथ मिलकर इस मामले को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। डल्लेवाल ने हमसे कहा कि हमारी मांगों को सरकार के सामने रखा जाए। वहीं गृह मंत्रालय में डायरेक्टर मयंक मिश्रा ने किसानों से मुलाकात के बाद कहा, हमने किसानों की मांगों की सूची ले ली है और हमें सुप्रीम



कोर्ट के निर्देशों का भी पालन करना है। पंजाब के डीजीपी ने कहा, हमने किसान नेता डल्लेवाल की स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। हमने उन्हें सीएम भगवंत मान का संदेश दिया है कि मुख्यमंत्री उनको लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि जगजीत सिंह डल्लेवाल का जीवन कीमती है। डल्लेवाल 26 नवंबर से खनौरी बॉर्डर पर अनशन पर बैठे हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राजगीर में कई घंटो तक बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**नालंदा**। बिजली विभाग की तरफ से शहर में व्यापक मेंटेनेंस अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी वजह से स्थानीय उपभोक्ताओं को कई घंटों तक बिजली आपूर्ति में बाधा का सामना करना पड़ेगा। बेंडेड टावर के रखरखाव कार्य के लिए सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक 11 केवी सिलाव, बरहरी और कटारी फीडर पर पूर्ण बिजली कटौती लागू रहेगी। वहीं, बह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजगीर, सिलाव और अंडवस के पावर सब-स्टेशन (पीएसएस) से संबंधित सभी क्षेत्रों में आंशिक रूप से बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। सहायक कार्यपालक अभियंता अंतेश कुमार और कनीय विद्युत अभियंता खुशबू सिन्हा ने इस संबंध में एक संयुक्त बयान जारी किया है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह रखरखाव कार्य बिजली आपूर्ति की दीर्घकालिक विश्वसनीयता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।इससे स्थानीय व्यवसायों और निवासियों को काफी असुविधा होने की संभावना है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अवधि के दौरान महत्वपूर्ण बिजली से चलने वाले उपकरणों को पहले से ही चार्ज कर लें और आवश्यक सावधानियां बरतें।

### नौ दिवसीय मिनी ओलंपिक गेम्स का आयोजन

**बिंद**। प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय के मैदान में शनिवार को 9 दिवसीय मिनी ओलंपिक गेम्स की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुजीत कुमार, बीडीओ घोसवरी अरविंद कुमार, डॉ. अंशुमन, डॉ.विभाष, अमरजीत कुमार पूर्व शिक्षक भागीरथ प्रसाद, उच्च विद्यालय बिंद के प्रभारी धनंजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। गेम्स में निजी व सरकारी विद्यालयों के 300 से अधिक छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। मिनी ओलंपिक गेम्स में जूनियर बालक और बालिका के लिए दौड़, लौंग जम्प, हाई जम्प का आयोजन किया गया, जबकि सीनियर में केवल बालक के लिए दौड़, लौंग जम्प, हाई जम्प, गोला फेंक, चक्का फेंक आदि गेम्स का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीपीओ ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार सरकारी विद्यालयों में खेल की कई योजनाएं चला रही है। अभिभावकों से उन्होंने अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और पढ़ाई के साथ खेलने से बच्चों को रोके टोके नहीं। मिनी ओलंपिक गेम्स के आयोजक दिव्येश रंजन, संजीव दर्शन, वीरेंद्र कुमार व प्रयाग कुमार ने बताया कि इस गेम्स में निजी व सरकारी विद्यालयों के कुल 300 से अधिक छात्र एवं छात्राएं शामिल हुए है। मार्गदर्शक के रूप में भगीरथ प्रसाद, राजेन्द्र केवट, अनिल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बालिका कबड्डी टीम सीतामढ़ी के लिए रवाना

**सिलाव**। बिहार राज्य कबड्डी संघ के तत्वावधान में सीतामढ़ी में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय गोल्डन जुबली 50वीं जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नालंदा की 12 सदस्यीय टीम शुक्रवार को रवाना हुई। टीम की कप्तान करीना कुमारी हैं । टीम में पूजा कुमारी, छोटी कुमारी, सजनी कुमारी, अंजलि कुमारी, प्रिया कुमारी, इस्पा कुमारी, शिवानी कुमारी, नेहा कुमारी, ज्योति, सिमरन शामिल हैं। टीम को कोच संदीप कुमार और मैनेजर गोपाल कुमार के नेतृत्व में रवाना किया गया। प्रतियोगिता 14 से 16 दिसंबर तक सीतामढ़ी के डुमरा जानकी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। पूर्व रेफरी राणा रंजीत सिंह, इसपाल कुमार, पूर्व खिलाड़ी नवीण कुमार, नुनू कुमार ने हौसला अफजाई की।

### ड्रग्स के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

**हिलसा**। ड्रग्स के खिलाफ एक जागरूकता अभियान चलाया। समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने कॉलेज छात्रावास एरिया, बिहार रोड दक्षिण दिशा, खजूरबन्ना, दबौल गली दक्षिण, तालाब पर समेत कई क्षेत्रों का भ्रमण कर अभियान चलाया। कहा कि गांव और शहर के सीधे साधे किशोर व कम उम्र के बच्चों को ड्रग्स की लत लग रही है। इसका खामियाज़ा खासकर राह चलती महिलाओं, लड़कियों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नशे की चंगुल से देश के भविष्य को बचाने के लिए लगातार अभियान चलाने की जरूरत है। इस दौरान युवकों ने जीवन में कभी ड्रग्स को हाथ न लगाने का संकल्प लिया।

### दीया रक्त अग्रदूत ने किया रक्तदान का बहिष्कार



**गया**। अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई मगध युवा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित दीया रक्त अग्रदूत बिहार ने अब रक्तदान शिविर का सामूहिक बहिष्कार किया है। इस संदर्भ में रामसागर रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में एक बैठक भी हुई। नेतृत्व समन्वयक अमित कुमार ने किया। इस बीच उन्होंने कहा कि गया में रक्तवीरों की सेवा भावना के साथ खिलवाड़ किया गया है। फर्जी डोनर कार्ड से रक्त की कालाबाजारी हो रही है। उन्होंने घटना में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इधर शिविर प्रभारी सह उप समन्वयक लौकेश कुमार ने कहा कि इस तरीके का कार्य मानवीय संवेदना के खिलाफ है। अध्यक्षता मगध युवा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शक मंडल के मनीष शुक्ला व मनीष मिश्रा ने संयुक्त रुप से की। मौके पर समन्वयक रूपेश कुमार, अनिकेत राउत, अमरजीत कुमार, विष्णु कुमार आदि मौजूद थे।

### बिहार बोर्ड के नए उप सचिव का स्वागत



**गया**। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रमंडलीय कार्यकारिणी के सदस्य रणजीत कुमार और राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह सचिव गया सदर आशुतोष कुमार के नेतृत्व में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के प्रमंडलीय क्षेत्रीय कार्यालय, गया के उप सचिव डॉ. राजेश्वर प्रसाद का स्वागत बुके व अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया। समिति के क्षेत्रीय कार्यालय, गया में उप सचिव का पद कई दिनों से खाली था। जिससे शिक्षकों, छात्रों और मगध प्रमंडल के आम अवाम को कठिनाई हो रही थी। संघीय पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए उप सचिव ने कहा है कि वे शिक्षक व छात्रहित के कार्य करने को संकल्पित हैं। मौके पर राकेश कुमार सिंह, रविंद्र कुमार, आलोक कुमार, शंभु रंजन शामिल थे।

### महिला हिंसा पर रोक को ले किया जागरूक



**गया**। इनरव्हील क्लब ऑफ गया सिटी ने महिला हिंसा पर रोक को लेकर शनिवार को चित्रगुप्त मध्य विद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया। नेतृत्व क्लब की सदस्य स्मिता नीलेश ने की। इस बीच उन्होंने आए दिन महिलाओं और बच्चियों के साथ हिंसा, उत्पीड़न और अत्याचार के खिलाफ छात्रों को जागरूक किया, साथ ही सावधानी के तरीके बताए। जागरूकता फैलाने के लिए स्त्री हिंसा से संबंधित पोस्टर भी लगाए। मौके पर आईपीपी निशा सेठ, पीपी प्रभा जी, संपादिका प्रीति कुमारी आदि मौजूद थीं।

# नालंदा-E और C की हुई शानदार जीत जूनियर लीग में फाइनल में किया प्रवेश

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा जिला जूनियर लीग 2024 के सेमीफाइनल मुकाबले में नालंदा इ और नालंदा सी ने अपनी असाधारण खेल क्षमता का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश लिया है। दोनों टीमों ने अपने-अपने मैचों में शानदार प्रदर्शन किया, इसमें क्रिकेट प्रेमियों को मनोरंजक खेल देखने का अवसर प्रदान किया।

**पहला सेमीफाइनल- नालंदा इ की दमदार जीत**: पहले सेमीफाइनल मैच में नालंदा डी और नालंदा इ के बीच भिड़ंत देखने को मिली। नालंदा डी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.2 ओवर में 131 रनों का स्कोर खड़ा किया, जिसमें विनीत (29), राजीव (26), रौनक (20) और सनी (21) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। हालांकि, नालंदा इ के बल्लेबाजों ने इस चुनौती का बखूबी सामना किया। अयान अरमान के नेतृत्व में नालंदा इ ने केवल 13.1 ओवर में 132 रन बनाकर मैच जीत लिया। अरमान ने अपने शानदार अर्धशतक (91 रन) से टीम को जीत दिलाई, जबकि नीरज ने 22 रन का योगदान दिया। इस तरह नालंदा इ ने 8 विकेट से जीत हासिल की।

**दूसरा सेमीफाइनल-नालंदा सी का दबदबा**: दूसरे सेमीफाइनल मैच में नालंदा सी ने नालंदा ए को 48 रनों से पराजित किया। नालंदा सी ने 20 ओवर में 151 रन बनाए, जिसमें युग सिन्हा (52 रन) और मो सैम (25 रन नाबाद) ने शानदार बल्लेबाजी की। आदित्य (24 रन) और हिमांशु (13 रन) ने भी टीम के स्कोर में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जवाब में नालंदा ए केवल 103 रन ही बना सके, जिससे नालंदा सी ने आसानी से जीत हासिल की। आदित्य (27 रन) नालंदा ए की ओर से सर्वाधिक रन scorer रहे।



**निर्णायक मैच की तैयारी**: दोनों सेमीफाइनल मैचों में मैदान पर मौजूद अंपायरों ने खेल की निष्पक्षता सुनिश्चित की। मनीष राज, मो शब्बीर, परवेज़ मुस्तफा और अंकित राज ने अपना महत्वपूर्ण कार्य किया।

हैदर अली द्वारा की गई ऑनलाइन स्कोरिंग ने भी मैच की पारदर्शिता में योगदान दिया। अब सभी की नज़रें फाइनल मैच पर टिकी हुई हैं, जहां नालंदा इ और नालंदा सी के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। क्या युवा क्रिकेटरों का यह महोत्सव नए प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

♦ 132 रन बनाकर टीम ने की जीत हासिल

## स्वास्थ्य उपकेंद्र करण बिगहा को मिला राज्यस्तरीय एनक्वास प्रमाण पत्र




**निज संवाददाता। नूरसराय**

प्रखंड के स्वास्थ्य उपकेंद्र करण बिगहा को राज्यस्तरीय एनक्वास (नेशनल लेवल क्वालिटी सर्टिफिकेशन) प्रमाण पत्र के लिए चयनित किया गया है। राज्य में स्वास्थ्य उपकेंद्र करण बिगहा का स्थान दसवां रहा। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने 12 दिसंबर को सभी सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव को राज्यस्तरीय एनक्वास प्रमाणीकरण व नेशनल असेसमेंट हेतु आवेदन के संबंध में पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में जनसामान्य को सुरक्षित व उच्च गुणवत्ता युक्त सेवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रयासरत है। राज्य के चयनित संस्थानों को राज्य स्तरीय एनक्वास प्रमाणपत्र द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही सक्षम पोर्टल के माध्यम से प्रक्रियानुसार नेशनल लेवल असेसमेंट के लिए आवेदन सुनिश्चित करने को कहा गया है। बताते चलें कि 21 नवंबर को राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के एनक्वास के दो सदस्यीय टीम ने करण बिगहा स्वास्थ्य उपकेंद्र की जांच की थी।

## सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सुधा अनरसा को ऑनलाइन लांच किया, डीडीसी ने किया उद्घाटन

**निज संवाददाता। गया**

मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड "सुधा' ने पहली बार एक नया प्रोडक्ट गया की मिठाई "अनरसा'' को लांच किया हैं। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में सहकारिता सह वन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में डीडीसी नवीन कुमार शामिल हुए। बता दें कि पटना में एक अतिमहत्वपूर्ण बैठक होने से मंत्री डॉ. कुमार डिजिटल तरीके से समारोह में जुड़े और गया की मिठाई को लांच किया। इस बीच उन्होंने बताया कि सुधा डेयरी का रिश्ता ग्राहकों के साथ एक भरोसे का है। यहां निर्मित प्रोडक्ट शुद्ध होते हैं। गया के अनरसा को अब पूरे बिहार में पहचान मिलेगी। उन्होंने बताया कि नए प्रोडक्ट के लांच से रोजगार के साधन बढ़ेंगे। किसानों खासकर दुग्ध व्यापार से जुड़े लोगों को फायदा मिलेगा। राज्य के सहकारिता मंत्री ने मगध मिल्क यूनियन के किसानों को सशक्त बनाने और गुणवत्ता वाले उत्पादों को बढ़ावा देने के प्रयास की भी सराहना की। इसके पूर्व सुधा अनरसा समारोह का शुभारंभ डीडीसी नवीन कुमार, प्रबंध निदेशक ज्ञान शंकर, मगध दुग्ध संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, प्रशासनिक प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता व मार्केटिंग अधिकारी मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया।




**किसानों की आजीविका होगी और बेहतर** : प्रबंध निदेशक ने कहा कि नई पहल से किसानों की आजीविका और बेहतर होगी। कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर विपणन प्रमुख अमरजीत गांधी, उत्पाद प्रभारी ज्योति प्रसाद, मंटू कुमार, प्लांट इंचार्ज शैलेंद्र कुमार, मार्केटिंग टीम श्री सागर, विजय, नीतीश कुमार, करुणा कुमारी, सुमित कुमार, दिप्ती कुमारी, त्रिभुवन आदि लोग मौजूद थे।

**किसान बनेंगे और सशक्त**: डीडीसी डीडीसी नवीन कुमार ने कहा कि किसानों के विकास के लिए समर्पित एक प्रमुख सहकारी संस्था सुधा है। अनरसा एक पारंपरिक मिठाई है जो बिहार की समृद्ध पाक कला को दर्शाती है। अब पूरे बिहार में यहां की मिठाई को बाजार मिलेगा। नई पहल से किसान और सशक्त बनेंगे। उन्होंने हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिया। वहीं मगध दुग्ध संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने कहा कि अनरसा का शुभारंभ मगध मिल्क यूनियन की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### रेड क्रॉस की तरफ से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

## नालंदा में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर अभियान, विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे सेवा

**निज संवाददाता। नालंदा**

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की नालंदा जिला शाखा की तरफ रविवार को स्थानीय नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया है। सुबह 7:30 से 9:00 बजे तक इस शिविर में विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के कुल 11 विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इस शिविर में चिकित्सा के विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हैं, जिनमें बाल रोग विशेषज्ञ से लेकर नेत्र रोग विशेषज्ञ तक शामिल हैं। डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग विशेषज्ञ) से लेकर डॉ. अभिनव सिन्हा (नेत्र रोग विशेषज्ञ) तक, शिविर में स्वास्थ्य जांच की व्यापक व्यवस्था की गई है। जिला शाखा के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि यह पहल स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



**डॉक्टरों की विशेषज्ञता**: डॉ. श्याम बिहारी -शिशु रोग विशेषज्ञडॉ. उमेश कुमार सिंन्ह- फिजिशियनडॉ. इंद्रजीत कुमार- फिजिशियनडॉ अखिलेश कुमार - फिजिशियनडॉ सुबोध कुमार - हड्डी रोग विशेषज्ञडॉ आशुतोष कुमार -सर्जनडॉ त्रिशला - स्त्री रोग विशेषज्ञडॉ अभिनव सिंनहा नेत्र रोग विशेषज्ञडॉ. रवि कुमार- दंत चिकित्सकडॉ दीपा भारतीडॉ मोहम्मद शहजाद आलम-फिजियोथैरेपिस्ट। संगठन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अनूठे अवसर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराएं। "स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम" के इस नारे के साथ, रेड क्रॉस सोसाइटी स्वास्थ्य जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## लाइव डिमोनेशन होगा मुख्य आकर्षण का केंद्र



**राजगीर महोत्सव**

**निज संवाददाता। नालंदा**

राजगीर में 21 दिसंबर से शुरू हो रहे तीन दिवसीय राजगीर महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार महोत्सव में दर्शकों को कई नए आकर्षण देखने को मिलेंगे। कन्वेंशन सेंटर के पास बनाया जा रहा मुख्य पंडाल इस बार और भी बड़ा और आकर्षक होगा। इस पंडाल में एक साथ दस हजार दर्शक बैठकर महोत्सव का आनंद ले सकेंगे।

**जर्मन हैंगर से बनेगा मुख्य पंडाल**: इस बार भी मुख्य पंडाल जर्मन हैंगर से बनाया जा रहा है। यह पंडाल काफी मजबूत और आकर्षक है। इसमें दर्शकों को ठंड का एहसास भी नहीं होगा। पंडाल में एक विशाल मंच भी बनाया जा रहा है, जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**लाइव डिमोनेशन होगा मुख्य आकर्षण**: इस बार महोत्सव में लाइव डिमोनेशन एक प्रमुख आकर्षण होगा। इसमें पर्वत, मछली आदि विभिन्न चीजों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी दर्शकों को रोमांचित करने वाली होगी।

**महिलाओं की भागीदारी को मिलेगा बढ़ावा**: महोत्सव के दौरान समाज में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री भी की जाएगी। दर्शकों की सुविधा के लिए इस बार फूड जोन को और बड़ा किया गया है।

यहां विभिन्न प्रकार के व्यंजन उपलब्ध होंगे। महोत्सव के दौरान ग्राम श्री मेला का भी आयोजन किया जाएगा। इस मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगेंगे, जहां लोग सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। महोत्सव में पुस्तक मेला, कृषि मेला और व्यंजन मेला का भी आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन महोत्सव को भव्य बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। महोत्सव स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

- ♦ 10 हजार दर्शक होंगे शामिल, ग्राम श्री मेला का भी आयोजन
- ♦ महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री भी की जाएगी
- ♦ यहां विभिन्न प्रकार के व्यंजन उपलब्ध होंगे

## ट्रक लूटकर भाग रहे 3 लुटेरे गिरफ्तार पूर्व सैनिक निकला गिरोह का सरगना

**आर्मी से रिटायरमेंट के बाद करता है आपराधिक काम**

**निज संवाददाता। गया**

गया जिले के मुफस्सिल थाने पुलिस ने देर रात फिल्मी स्टाइल में ट्रक लूटने वाले तीन शातिर लुटेरों को ट्रक सहित गिरफ्तार किया है। ट्रक पर सीमेंट के बोरे लदे पड़े थे। पुलिस ने अपराधियों को पांच किलोमीटर तक पीछा कर पकड़ा है। पकड़े गए लोगों ने पूछताछ के दौरान बताया कि ट्रक लूट गिरोह का सरगना मनीष कुमार शर्मा है। जो एक पूर्व सैनिक है। पुलिस ने बताया कि डोभी-राजगीर NH-82 पर नौरंगा मोड़ के मनीष और उसके साथियों ने आर्मी की ड्रेस पहन कर ट्रक (HR 58C 0503) को रुकवाया। ट्रक से चालक को उतार कर उन्होंने उसके साथ मारपीट की और मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया। ट्रक ड्राइवर ने इस घटना की सूचना डायल 112 को दी। इलाके में मौजूद ईआरवी-1 टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रक का पीछा करना शुरू कर दिया। जिसके बाद रसलपुर गुमटी के पास पुलिस ने ट्रक को रोक लिया। जहां मनीष ने पुलिसकर्मी पवन कुमार मिश्रा के साथ जमकर मौके पर हाथापाई भी की। इस दौरान तीन अन्य आरोपी भीड़ का फायदा उठा कर भाग निकले। लगभग 20-25 मिनट तक पुलिस और लुटेरों के बीच झड़प होती रही। सूचना मिलते ही मौके पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष भी दलबल के साथ पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने 3 आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी टेकारी के रहने वाले मनीष कुमार शर्मा, टेटुआ निवासी गुड्डू कुमार और उचेली निवासी अभिषेक कुमार हैं। तीनों वर्तमान में भुसुंडा के खाटंगी कोठी कैंपस में रहते हैं। मुफस्सिल थाना के अपर थानाध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जेल भेजने की प्रक्रिया जारी है। बता दें कि आर्मी से रिटायर होने के बाद मनीष कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा। करीब एक साल पहले वह शराब के नशे में हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार भी हुआ था।



सांस्कृतिक महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी आल इंडिया नाट्य प्रतियोगिता

# आल इंडिया नाट्य प्रतियोगिता को लेकर एसडीएम व डीएसपी ने की समीक्षा बैठक

- देशभर से जुटेंगी 32 टीमें, 13 राज्यों का प्रतिनिधित्व
- नुक्कड़ नाटक और रंग यात्रा बनेंगे आकर्षण का केंद्र
- प्रशासन और संस्थान की व्यापक तैयारी
- स्वास्थ्य सुविधाओं का भी ध्यान



निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

डेहरी शहर में आयोजित होने वाली आल इंडिया नाट्य प्रतियोगिता इस बार एक भव्य सांस्कृतिक महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी। यह आयोजन 26 से 30 दिसंबर तक झुनझुनवाला वाटिका परिसर में होगा। इसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रभारी एसडीएम अभिषेक कुमार ने अभिनव कला संगम के सदस्यों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई। अभिनव कला संगम के अध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि इस नाट्य प्रतियोगिता में देश के 13 राज्यों से कुल 32 नाट्य टीमें भाग लेंगी। 26 से 29 दिसंबर तक हर रोज नाटकों का मंचन होगा। इन नाटकों में सामाजिक संदेश, सांस्कृतिक धरोहर और समकालीन मुद्दों को दर्शाया जाएगा। इसके साथ ही, 27 से 29 दिसंबर तक दिन में अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें गायन, नृत्य, चित्रकला और मेहंदी प्रतियोगिता प्रमुख हैं। ये कार्यक्रम युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और स्थानीय कला को बढ़ावा देने का मंच प्रदान करेंगे। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सामाजिक कुरीतियों और जागरूकता के संदेश दिए जाएंगे। इन नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से कलाकार आमजन तक सीधे जुड़ने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का समापन 30 दिसंबर को एक भव्य रंग यात्रा के साथ होगा।

इस यात्रा में सभी राज्यों के कलाकार पारंपरिक परिधानों में अपनी सांस्कृतिक झलक और विविध सामाजिक मुद्दों पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन करेंगे। रंग यात्रा के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। शहर के प्रमुख स्थानों पर व्यवसायियों और पुलिस प्रशासन द्वारा कलाकारों के स्वागत की विशेष व्यवस्था की गई है। प्रभारी डीएसपी स्वीटी सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। आयोजन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। यातायात प्रबंधन के लिए भी खास योजना बनाई जा रही है, ताकि शहरवासियों और प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर परिषद के सिटी मैनेजर आफताब आलम ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सफाईकर्मियों की तैनाती की जाएगी और शहर की स्वच्छता व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अनुमंडल अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक राणा ने स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर एंबुलेंस की व्यवस्था और प्राथमिक चिकित्सा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। बैठक में कार्यक्रम से जुड़े कई गणमान्य लोग और अधिकारी मौजूद थे। इनमें सचिव विनय मिश्रा, कोषाध्यक्ष शिवजी गुप्ता, उपाध्यक्ष सीमल सिंह, अधिवक्ता मनोज अज्ञानी, मुकुल मणि, ओम यादव, राहुल सिंह और विशाल सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपने सुझाव दिए और इसके आयोजन में हर संभव योगदान का भरोसा दिलाया। आयोजन समिति ने बताया कि यह महोत्सव न केवल राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कलाकारों को मंच प्रदान करेगा, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को भी अपनी कला दिखाने का अवसर देगा। इस पहल का उद्देश्य रोहतास जिले की सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देना है। आयोजन की खबर से शहरवासियों के बीच उत्साह का माहौल है। दुकानदारों, व्यवसायियों और स्थानीय संगठनों ने इस महोत्सव का समर्थन करते हुए इसे ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया है। आल इंडिया नाट्य प्रतियोगिता इस बार केवल एक प्रतियोगिता तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे एक ऐसे महोत्सव का रूप दिया गया है, जिसमें कला, संस्कृति और मनोरंजन का संगम होगा। आयोजन समिति और प्रशासन ने इसे स्मरणीय बनाने के लिए कमर कस ली है। यह महोत्सव न केवल डेहरी शहर के लिए गौरव का विषय बनेगा, बल्कि जिले की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का एक बेहतरीन मौका भी होगा।

# सासाराम विधानसभा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों एवं नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्षों का सम्मान समारोह

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



शहर के एसपी जैन कॉलेज रोड स्थित एक निजी भवन में रविवार को सासाराम विधानसभा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों एवं नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्षों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह का आयोजन धौंडाढ़ पंचायत के मुखिया और राजद नेता जयशंकर शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम की संयोजन की जिम्मेदारी भी संभाली। इस अवसर पर सासाराम प्रखंड की प्रमुख रूपा कुमारी, उप प्रमुख सरस्वती देवी समेत कई अन्य जनप्रतिनिधियों ने मिलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सम्मान समारोह का उद्घाटन संयुक्त रूप से प्रमुख रूपा कुमारी और उप प्रमुख सरस्वती देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आयोजकों ने समारोह में शामिल होने वाले सभी अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें धन्यवाद दिया। इस सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य सासाराम विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों और खासकर महिला शक्ति को उनके योगदान के लिए सम्मानित करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयोजक जयशंकर शर्मा ने कहा, "यह हमारे लिए गौरव का पल है कि आज हम सासाराम विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्षों और अन्य जनप्रतिनिधियों को सम्मानित कर रहे हैं। विशेष रूप से महिला प्रतिनिधियों को सम्मानित करना हमारे समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका और उनके योगदान को मान्यता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।" उन्होंने यह भी कहा कि वे 2024 के विदाई और नए वर्ष के आगमन पर सभी जनप्रतिनिधियों को उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा से अपने-अपने क्षेत्र की जनता के लिए कार्य करेंगे। समारोह में सम्मान पाने वालों में समरडीहा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष विनोद चौबे, मोकर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष मधुरेंद्र उपाध्याय, आकाशी पैक्स अध्यक्ष कन्हैया सिंह, करुप पैक्स अध्यक्ष कमलेश राय, धौंडाढ़ पैक्स अध्यक्ष लव कुश सिंह, धनकाढ़ा के मिंटू सिंह, अमरी के विकास कुमार, करवंदिया के कमल किशोर गुप्ता, सिकरियां की मधुबाला, मुरादाबाद के दिनेश सिंह उर्फ छोटेलाल सिंह, महद्दीगंज के इंद्रदेव सिंह, उचितपुर के प्रेम प्रकाश, भदोखरा के अशोक आजाद समेत जिले के अन्य महत्वपूर्ण जनप्रतिनिधियों का नाम शामिल है। इन सभी को उनके कार्यों और क्षेत्रीय विकास में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए आगे की योजना और अपने कार्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला जनप्रतिनिधियों की बढ़ती संख्या को सराहा गया, जो समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही हैं। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को लोकतंत्र की ताकत बताते हुए कई नेताओं ने उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया। समारोह में सासाराम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के जिला पार्षद, पैक्स अध्यक्ष, वार्ड सदस्य, और अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इसे और भी गौरवपूर्ण बना दिया। सभी ने अपने क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए संकल्प लिया और समाज में हर स्तर पर विकास को प्राथमिकता देने का वचन लिया।

# आहर के पानी में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव, गांव में फैली सनसनी

निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)

स्थानीय थाना क्षेत्र के पचौली गांव के पास सड़क किनारे स्थित एक आहर में रविवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पास के गांव रन्नी निवासी 64 वर्षीय बेचू राम के रूप में हुई। शव मिलने की खबर से गांव में हड़कंप मच गया, और लोग एकत्रित हो गए। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि बेचू राम शुक्रवार की शाम घर से निकले थे, लेकिन रातभर और शनिवार को पूरे दिन घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी तलाश गांव और आसपास के इलाकों में की, लेकिन उनका कहीं भी कोई पता नहीं चला। इसके बाद, रविवार सुबह जब कुछ ग्रामीण आहार के पास से गुजर रहे थे, तो उन्होंने पानी में शव को देखा। शव को देखकर आसपास के लोग शोक में डूब गए। मृतक के बेटे कल्लू राम और अन्य ग्रामीणों का कहना था कि शव पर चोट या मारपीट के कोई निशान नहीं थे। शुरुआती जांच के बाद यह अनुमान लगाया गया है कि बेचू राम आहर में गिर गए होंगे, जिससे उनकी मौत हुई है। हालांकि, मौत के कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही की जाएगी। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर यूडी (अप्राकृतिक मृत्यु) केस दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है ताकि मौत के असल कारण का पता चल सके। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। बेचू राम के निधन से उनके परिवार में गहरा दुख व्याप्त है। परिवार के लोग सदमे में हैं, जबकि ग्रामीण भी इस अचानक हुई घटना से स्तब्ध हैं। गांव के लोग उनके योगदान को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, और इसके सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जाएगी।

## 33 बोतल शराब बरामद दो पर मामला दर्ज

दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)। स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से 33 बोतल शराब बरामद की है। यह छापेमारी दिनारा थाना क्षेत्र में की गई, जिसमें दो संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पुलिस ने सबसे पहले कुंड गांव निवासी हरिद्वार राम के बेटे डिंपल राम के घर पर छापा मारा, जहां से 31 बोतल शराब बरामद की गई। इसके बाद दिनारा गांव निवासी सत्येंद्र महतो के बेटे चंदन महतो के पास से 2 बोतल शराब बरामद की गई। दोनों मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए सरदार पटेल, प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि का किया गया आयोजन

- सरदार पटेल के योगदान को किया याद
- समाज के विविध वर्गों ने दी श्रद्धांजलि
- समाज के युवाओं को प्रेरणा देने की अपील
- सरदार पटेल का जीवन और उनकी शिक्षा



निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

रोहतास जिले में रविवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन के तत्वावधान में कचहरी मोड़ पर स्थापित लौह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया और सरदार पटेल के जीवन एवं योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सरदार पटेल के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि एक कुशल संगठनकर्ता और अद्वितीय राष्ट्रभक्त थे। किसान नेता के रूप में उनका बारडोली सत्याग्रह आज भी प्रेरणा का स्रोत है। यह संघर्ष केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि किसानों के अधिकारों के लिए एक मजबूत कदम था। वक्ताओं ने बताया कि सरदार पटेल ने 665 रियासतों को भारत में विलय कराकर देश की एकता को मजबूत किया। उनके प्रयासों ने भारत को वह रूप दिया, जिसे आज हम एक अखंड राष्ट्र के रूप में जानते हैं। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल का निधन 15 दिसंबर 1950 को हुआ था। आज उनकी 74वीं पुण्यतिथि पर हम उन्हें श्रद्धा और सम्मानपूर्वक याद करते हैं। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम देश को और सशक्त बना सकते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य रूप से राजेंद्र पासवान, शाहनवाज हुसैन (वकील), बबन विद्रोही, अशोक कुमार (एपीपी), रमेश कुमार रमन (एपीपी), कुमारी शकुंतला सिंह (वकील), संगीता सिंह (वकील), प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. दिनेश प्रसाद सिंह, संजय तिवारी (अधिवक्ता), राम सुरेश सिंह, उमेश सिंह सहित दर्जनों बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों ने माल्यार्पण कर सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लें। उनके आदर्श और बलिदान हमें यह सिखाते हैं कि देश की प्रगति के लिए एकजुटता और निष्ठा का होना कितना आवश्यक है। वक्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि नई पीढ़ी को सरदार पटेल के विचारों से परिचित कराने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में उनके जीवन पर आधारित सेमिनार और चर्चा आयोजित की जानी चाहिए। श्रद्धांजलि सभा के बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सरदार पटेल के योगदान पर आधारित गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। बच्चों और युवाओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा, एक पोस्टर प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें सरदार पटेल के जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को चित्रित किया गया था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन के शुरुआती दिनों का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह उन्होंने कठिनाइयों का सामना करते हुए शिक्षा प्राप्त की। उनकी कर्तव्यनिष्ठा और दृढ़संकल्प आज के युवाओं के लिए एक मिसाल है। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति गीतों के साथ हुआ। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रतिज्ञा ली और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

# स्टेपिंग स्टोन एकेडमी का धूमधाम से मनाया गया दसवां वार्षिकोत्सव, बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से मचाया धमाल

निज संवाददाता | राजपुर (रोहतास)



क्षेत्र के तुर्कवलिया गांव स्थित स्टेपिंग स्टोन एकेडमी का दसवां वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समारोह का उद्घाटन विशेष अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया, जिसमें पूर्व हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट कम्युनिटी हेल्थ डिपार्टमेंट पीएमसीएच पटना, डॉ. रश्मि सिंह, प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ. एसपी वर्मा और संस्था के निदेशक यमुना चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर निदेशक यमुना चौधरी ने स्कूल के छात्रों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया, जिन्होंने पिछले शैक्षणिक वर्ष में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था और स्कूल का मान बढ़ाया था। उन छात्रों को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। निदेशक ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया और कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वेलफेयर सचिव डॉ. एसपी वर्मा ने निजी स्कूलों की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि निजी स्कूलों में शिक्षा का स्तर सरकारी स्कूलों की तुलना में बेहतर है, जिसका नतीजा यह है कि आज रोहतास जिले में सीबीएसई मान्यता प्राप्त 35 से अधिक स्कूल संचालित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रोहतास जिले के स्कूलों में शिक्षण शुल्क अन्य जिलों से बहुत कम है, जिससे छात्र और अभिभावक दोनों को लाभ हो रहा है। यह एक सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का उदाहरण है, जो जिले के छात्रों के सर्वगंगिक विकास में सहायक हो रही है। मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि सिंह ने शिक्षा और खेलकूद के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे स्वास्थ्य और उच्च कोटि के संस्कार जरूरी हैं। इससे बच्चे न केवल अपने परिवार की भलाई का ख्याल रखते हैं, बल्कि समाज को भी सम्मान देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीबीएसई स्कूलों में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे बच्चे स्वस्थ और प्रेरित होते हैं। रोहित वर्मा ने सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूलों की सफलता पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह कोई आसान कार्य नहीं है, लेकिन स्टेपिंग स्टोन एकेडमी के निदेशक यमुना चौधरी ने इसे साबित कर दिखाया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बड़े शहरों में सीबीएसई स्कूलों की फीस बहुत अधिक होती है, लेकिन यमुना चौधरी ने गांव में इतनी कम फीस में इस प्रकार की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की सुविधा प्रदान की है, जिसके लिए वे सराहनीय हैं। समारोह के अंत में, मुख्य अतिथियों ने स्कूल के सभी शिक्षकों और प्रतिभाशाली छात्रों को प्रतीक चिन्ह और सम्मान पत्र भेंट किए। बच्चों ने भी अपनी नृत्य, गीत और अभिनय के माध्यम से इस विशेष अवसर को और भी यादगार बना दिया।

## कृषि विज्ञान संस्थान की छात्राएं बनीं अंतरसंकाय क्रीड़ा प्रतियोगिता की विजेता

सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान की छात्राओं ने विगत दिनों से चल रहे वॉलीबॉल के अंतरसंकाय प्रतियोगिता में बाजी मार कर विजेता बनीं। देव मंगल मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए एवं बधाईयां दीं। उन्होंने नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के क्रीड़ा समन्वयक डॉ राधेश्याम ढोले, डॉ आदित्य पटेल एवं डॉ कल्पना कुमारी को उनके प्रयासों के लिए सराहा।

# कुत्तों के हमले से पांच लोग गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

नोखा (रोहतास): लावारिस कुत्तों के आतंक ने नोखा नगर परिषद क्षेत्र में समस्या पैदा कर दी है। रविवार को कुत्तों के हमले से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर परिषद लावारिस जानवरों को पकड़कर उन्हें दूर किसी अन्य स्थान पर छोड़ने के बजाय केवल कागजी कार्यवाही करने तक सीमित है। इस वजह से लोग खतरे का सामना कर रहे हैं, लेकिन नगर परिषद प्रशासन इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। रविवार को नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में लावारिस कुत्तों ने हमला किया। राजू पासवान, जो पासवान मोहल्ला के निवासी हैं, को मुख्य बाजार में कुत्ते ने काटा। इसी तरह, नोखा बस स्टैंड पर मुकेश कुमार, पश्चिम पार्टी क्षेत्र में मंटू यादव, घोसिया गांव निवासी जीतन साह और कृष्णापुर गांव निवासी संजय कुमार को भी कुत्तों ने गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।

सभी घायलों को तत्काल नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए लाया गया, जहां उनका इलाज किया गया और उन्हें टिटनेस के लिए टीकाकरण भी किया गया। स्थानीय लोग इस मुद्दे को लेकर परेशान हैं और नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि नगर परिषद के अधिकारी केवल कागजों पर कार्यवाही कर रहे हैं, जबकि वास्तविकता में समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। लावारिस कुत्तों की बढ़ती संख्या से क्षेत्रीय लोग डर में जी रहे हैं, लेकिन नगर परिषद की ओर से इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इस घटना से यह भी स्पष्ट होता है कि नगर परिषद को अपनी जिम्मेदारी का एहसास होते हुए क्षेत्र में लावारिस जानवरों के नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। लोग चाहते हैं कि नगर परिषद सिर्फ कागजी कार्यवाही न करें, बल्कि इस समस्या को सुलझाने के लिए ठोस और कार्यात्मक उपायों को लागू करे, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसे न हों और लोग सुरक्षित महसूस करें।

# सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत, शोक की लहर

निज संवाददाता | संझौली (रोहतास)

संझौली थाना क्षेत्र के चवरिया गांव निवासी नन्हू पासवान के पुत्र धर्मेंद्र पासवान की रविवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चरपुरवा में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। घटना ने न केवल उनके परिवार बल्कि उनके स्कूल और आसपास के इलाके में शोक की लहर पैदा कर दी है। धर्मेंद्र पासवान रविवार को अपने कुछ अन्य साथियों के साथ बिंध्याचल मंदिर दर्शन के लिए निजी वाहन से जा रहे थे। यह यात्रा उनके लिए विशेष महत्व रखती थी, क्योंकि वह धार्मिक स्थलों की यात्रा में विश्वास रखते थे। जब उनका वाहन बनारस के पास पहुंचा और रास्ते में लघुशंका के लिए रुकवाया गया, तो वे गाड़ी में ही बैठे थे। तभी एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर से गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, और धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उनकी हालत को देखते हुए उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया गया। हालांकि, वाराणसी में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। धर्मेंद्र की मौत ने पूरे परिवार और स्कूल के शिक्षक समुदाय को गहरे सदमे में डाल दिया है। वह एक आदर्श शिक्षक के रूप में विद्यालय में कार्यरत थे और विद्यार्थियों के बीच उनकी छवि एक दयालु, सहृदय और प्रेरणादायक शिक्षक की थी।

अपने छात्रों के लिए उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। वह शिक्षा के प्रति अपने समर्पण और मेहनत के लिए भी प्रसिद्ध थे। उन्होंने हमेशा शिक्षा के महत्व को छात्रों में जागरूक करने की कोशिश की और बच्चों को सिर्फ पाठ्यक्रम ही नहीं, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों का भी पाठ पढ़ाया। उनके सहकर्मी भी उनके काम की सराहना करते थे और उनकी कमी को महसूस करेंगे। धर्मेंद्र पासवान के निधन के बाद उनके परिवार में गहरा शोक छा गया है। उनका परिवार और विशेष रूप से उनकी पत्नी इस नुकसान को सहन नहीं कर पा रहे हैं। उनकी मौत ने न केवल उनके परिवार बल्कि गांव और स्कूल के छात्रों के दिलों में भी एक खाली स्थान छोड़ दिया है। विद्यार्थियों ने भी शोक सभा में अपनी भावनाएं व्यक्त की और उनके द्वारा दिए गए शिक्षाओं को हमेशा याद रखने का संकल्प लिया। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा की आवश्यकता को महसूस कराया है। धर्मेंद्र की मौत ने यह साबित कर दिया है कि सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं को लेकर सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि मुख्य रूप से लापरवाही, तेज रफ्तार और खराब सड़क सुरक्षा उपायों के कारण हो रही है। यह दुर्घटना हमें याद दिलाती है कि हर ड्राइवर और यात्री को सड़क पर पूरी सतर्कता बरतने की आवश्यकता है, ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके। धर्मेंद्र के निधन से उनके स्कूल और इलाके में एक गहरा शोक व्याप्त है। उनके परिवार के साथ-साथ पूरे शिक्षण समुदाय को उनकी क़ीमत और योगदान का अहसास हुआ है। इस हादसे के बाद क्षेत्र में और अधिक सड़क सुरक्षा उपायों की जरूरत महसूस की जा रही है।

## 33 बोतल शराब बरामद, दो पर मामला दर्ज

दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)। स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से 33 बोतल शराब बरामद की है। इस मामले में थानाध्यक्ष विनय कुमार ने जानकारी दी कि पुलिस ने कुंड गांव निवासी हरिद्वार राम के बेटे डिंपल राम के घर से 31 बोतल शराब और दिनारा निवासी सत्येंद्र महतो के बेटे चंदन महतो के पास से 2 बोतल शराब जब्त की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी का सिलसिला जारी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शराब की अवैध बिक्री और तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि क्षेत्र में शराब की तस्करी पर रोक लगाई जा सके। इस छापेमारी को लेकर स्थानीय निवासियों में भी खलबली मच गई है, और अब क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाया जाएगा और दोषियों को सजा दिलवाने तक यह अभियान जारी रहेगा।

# लक्ष्मी नारायण यज्ञ का शुभारंभ, जल भारी में शामिल हुए लोग

निज संवाददाता | राजपुर (रोहतास)



बिक्रमगंज (रोहतास)। अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट प्रखंड के बाद गांव में त्रीदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित लक्ष्मी नारायण यज्ञ का जल भरी कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं कलश लेकर और ध्वज के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंची। इसके अलावा, गाजे-बाजे, हाथी-घोड़े और ऊंटों की सवारी के साथ एक भव्य जुलूस निकाला गया, जो ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। जल भरी की इस विशेष प्रक्रिया में महिला श्रद्धालु पीले वस्त्र पहनकर एक साथ कतारबद्ध होकर यज्ञ स्थल की ओर बढ़ीं। हर किसी की आस्था और श्रद्धा ने इस आयोजन को एक दिव्य रूप दे दिया। बक्सर से पवित्र जल लेकर एक विशाल जुलूस के रूप में लोग यज्ञ मंडप तक पहुंचे, जो पूरी तरह से भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत था। इस जल भराई कार्यक्रम में पुरुषों के साथ-साथ बच्चों और बुजुर्गों ने भी भाग लिया, जिनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी भव्य बना दिया। सप्त दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के पहले दिन जल भरने का यह कार्यक्रम पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है। यज्ञ स्थल के पास की सफाई और शुद्धता के लिए आयोजन समिति द्वारा कुछ दिन पहले शाकाहारी भोजन की व्यवस्था की गई थी, और यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो। यज्ञ स्थल पर उपस्थित वातावरण में एक विशिष्ट शांति और पवित्रता का अनुभव हो रहा था, जिससे यह आयोजन एक और यादगार दिन बन गया। यज्ञ स्थल पर उपस्थित लोग एक-दूसरे से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे, और मान्यता के अनुसार इस महायज्ञ के आयोजन से क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, और शांति आने की उम्मीद की जा रही है। इसके अलावा, संध्या के समय जीयर स्वामी जी महाराज का प्रवचन और आरती का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है, जिसमें लोग श्रद्धा भाव से भाग लेंगे और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया जाएगा। इस आयोजन में दूर-दराज से आए संत महात्माओं और श्रद्धालुओं का आगमन भी जारी है, जो यज्ञ स्थल की पवित्रता को और बढ़ा रहे हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की थी कि वे यज्ञ स्थल के पास शाकाहारी भोजन का सेवन करें, ताकि वातावरण की शुद्धता बनी रहे। अभी तक, यह यज्ञ पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश देने में सफल रहा है, और लोगों के मन में धर्म, आस्था और एकजुटता की भावना को बल दे रहा है। आगामी दिनों में होने वाले आयोजनों के लिए सभी श्रद्धालु उत्साहित हैं और पूरी उम्मीद है कि यह महायज्ञ क्षेत्रवासियों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि का कारण बनेगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, लगा रहे हैं न्याय की गुहार

# मारपीट और छिनतई में घायल युवक की मौत, हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस



- ग्रामीणों में दहशत, प्रशासन पर सवाल
- पुलिस का बयान और कार्रवाई

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

रजौली थाना क्षेत्र के प्राणचक मोड़ के समीप 12 दिसंबर की शाम को हुई मारपीट और छिनतई की घटना में घायल युवक मोनू कुमार की इलाज के दौरान रविवार को पटना के अस्पताल में मौत हो गई। घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतक के परिजन जहां न्याय की गुहार लगा रहे हैं, वहीं पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मृतक मोनू कुमार (पुत्र रामबालक मिस्त्री) हरदिया सेक्टर ए का निवासी था। वह 12 दिसंबर की शाम 6:30 बजे अपने फुआ के घर परमेश्वर बिगहा में एक विवाह समारोह में शामिल होने जा रहा था। मृतक की दादी सरस्वती देवी के अनुसार, प्राणचक मोड़ के समीप पहले से घात लगाए सती स्थान, रजौली के दर्जनों लोगों ने उसे घेर लिया। उन लोगों ने लाठी, डंडे और लोहे के रॉड से उस पर हमला कर दिया। हमले के दौरान मोनू का सिर फट गया और वह बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। हमलावरों ने न केवल उसे पीटा, बल्कि उसके पास मौजूद 5000 नकदी और गले में पहना सोने का लॉकेट भी छीन लिया। जब स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल मोनू को स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर होने के कारण उसे नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। नवादा से भी हालत बिगड़ने पर उसे पटना के रॉयल सेंट्रल अस्पताल में भेजा गया, जहां इलाज के दौरान 17 दिसंबर, रविवार को उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के संबंध में मृतक की दादी सरस्वती देवी ने 14 दिसंबर को रजौली थाने में लिखित आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। लेकिन इस बीच घायल मोनू की मौत के बाद परिजनों की दुखद स्थिति और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग ने मामला और गंभीर कर दिया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है, और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच में जुटी हुई है। इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय लोग हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। साथ ही, इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की सतर्कता बढ़ाने की अपील कर रहे हैं। मृतक के परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है। वहीं, पुलिस के लिए यह घटना इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने की बड़ी चुनौती बन गई है। ऐसे मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई का दबाव प्रशासन पर साफ नजर आ रहा है। यह घटना न केवल परिवार के लिए एक गहरा आघात है, बल्कि समाज में सुरक्षा और न्याय की आवश्यकता को लेकर कई सवाल खड़े करती है। पुलिस की तत्परता और कार्रवाई पर ही अब इस केस का भविष्य निर्भर करेगा।

## बढ़ौना में तालाब से युवक का शव बरामद

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)

पकरीबरावां थाना क्षेत्र के कोनंदपुर पंचायत स्थित बढ़ौना गांव के तालाब से रविवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। तालाब में शव को तैरता देख स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से बाहर निकाला और मामले की जांच शुरू कर दी है। शव की हालत देखकर स्पष्ट हो गया कि युवक की गला रेंतकर हत्या की गई है। धारदार हथियार का इस्तेमाल कर हत्या करने के बाद शव को तालाब में फेंका गया था। शुरुआत में ग्रामीणों ने आशंका जताई कि युवक की मौत डूबने से हुई होगी, लेकिन शव बाहर निकालने पर हत्या की पुष्टि हुई। यह घटना गांव में चर्चा का विषय बन गई है, और लोग हत्या के कारणों को लेकर अटकलें लगा रहे हैं। पकरीबरावां पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसकी पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार रावत ने बताया कि हत्या किसी और स्थान पर की गई और शव को बढ़ौना तालाब में फेंका गया है। पुलिस मृतक की पहचान और हत्या के कारणों को जानने के लिए हर पहलू पर जांच कर रही है। पुलिस फिलहाल हत्या के संभावित कारणों पर विचार कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि यह हत्या प्रेम-प्रसंग के चलते हुई हो सकती है। साथ ही, किसी अन्य व्यक्तिगत दुश्मनी या रंजिश के एंगल से भी जांच की जा रही है। घटना ने ग्रामीणों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। लोगों का कहना है कि हत्या की इस घटना ने इलाके में सुरक्षा की कमी उजागर की है। तालाब के पास किसी का शव मिलना यह दर्शाता है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। थानाध्यक्ष दीपक कुमार रावत ने बताया कि लाश की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है और आसपास के थानों में लापता व्यक्तियों की रिपोर्ट के आधार पर मृतक की पहचान का प्रयास कर रही है। जांच टीम हत्या के सभी संभावित कारणों और संदिग्धों की जानकारी जुटाने में लगी है। पुलिस की जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से हत्या के कारणों और घटनाक्रम का पता चल सकेगा। घटना ने न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि स्थानीय प्रशासन के लिए अपराधियों पर नकेल कसने की चुनौती भी बढ़ा दी है।

# सोनू हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

प्रेमिका के भाई ने दी थी वारदात को अंजाम

- आरोपी का अपराध स्वीकारना और आगे की जांच
- हत्या में प्रयुक्त हथियार और छह जिंदा कारतूस बरामद
- इलाके में दहशत और पुलिस का प्रयास




निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

नवादा। जिले के नगर थाना क्षेत्र में 13 दिसंबर की दोपहर दिनदहाड़े हुई युवक सोनू कुमार की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। यह वारदात प्रेम-प्रसंग में हुई रंजिश का नतीजा थी। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल था, लेकिन पुलिस की तत्परता से यह मामला सुलझ गया। 13 दिसंबर को नगर थाना क्षेत्र के नवीन नगर इलाके में दिनदहाड़े बदमाशों ने सोनू कुमार की कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक की पहचान अतौआ गांव निवासी बीरेश सिंह के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई। गोलीकांड के बाद इलाके में दहशत फैल गई थी, और लोग अपने घरों में दुबके रहे। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस और सदर डीएसपी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने कई संदिग्धों से पूछताछ की और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। सदर एसडीपीओ हुलास कुमार ने बताया कि हत्या की जांच में स्थानीय सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्य महत्वपूर्ण साबित हुए। पुलिस ने आरोपी को पुलिस लाइन के पास उसके घर पर छापामारी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोलू उर्फ ऋतिक (पिता राकेश सिंह, निवासी महानंदपुर, थाना नेमदारगंज) के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक सोनू कुमार का उसकी बहन के साथ प्रेम संबंध था।

इस संबंध को लेकर तनाव बढ़ गया था, और आरोपी की बहन ने तेजाब पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। बहन की इस स्थिति से क्षुब्ध होकर गोलू ने गुस्से में आकर सोनू की हत्या करने की योजना बनाई। घटना वाले दिन आरोपी ने सोनू को नवीन नगर इलाके में घात लगाकर रोका और कनपटी पर गोली मार दी। मौके से फरार होने के बाद आरोपी घर पर छिपा था। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सदर एसडीपीओ ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए टीमें गठित कीं और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गोलू उर्फ ऋतिक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वारदात में कोई और व्यक्ति शामिल था या नहीं। इस हत्या के बाद नवीन नगर इलाके में दहशत फैल गई थी। लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे थे। पुलिस ने अपनी तेज कार्रवाई से न केवल मामले का खुलासा किया बल्कि इलाके में शांति और सुरक्षा की बहाली का भी प्रयास किया। गोलू उर्फ ऋतिक ने पुलिस के सामने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस अब उसके नेटवर्क और हत्या के पीछे किसी और षड्यंत्र की जांच कर रही है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ी रंजिश का नतीजा है, जिसने दो परिवारों को दुख और तनाव में डाल दिया। पुलिस की तत्परता ने एक बड़े अपराध का खुलासा कर दिया है, लेकिन इस घटना ने समाज में आपसी संवाद और समझ की आवश्यकता को भी उजागर किया है।

# पत्रकार सतीश कुमार मिश्र के आकस्मिक निधन पर शोकसभा, पत्रकारिता जगत में शोक की लहर

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)।



जिला पत्रकार संगठन की प्रखंड इकाई नारदीगंज द्वारा रविवार को एक शोकसभा का आयोजन किया गया। यह सभा संगठन के प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में निजी भवन में संपन्न हुई। इस अवसर पर दैनिक अखबार के पत्रकार सतीश कुमार मिश्र के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने दिवंगत सतीश कुमार मिश्र की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकार बंधुओं ने मिश्र को एक निर्भीक, बेबाक, मृदुभाषी और व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के रूप में याद किया। दिवंगत पत्रकार पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल में चल रहा था। रविवार की सुबह, इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन को पत्रकारिता जगत और उनके परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। उनके निधन की खबर से परिजनों और क्षेत्रवासियों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया, जबकि लोग सांत्वना देने उनके घर पहुंचते रहे। दिवंगत पत्रकार के अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

जिला पत्रकार संगठन के अध्यक्ष अरविंद कुमार रवि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व मुखिया और सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद मिश्र, पत्रकार मनोज कुमार, गुंजन कुमार, शाहरुख दावर खान, अर्जुन यादव, बुंदेल मांझी, रविभूषण कुमार, धर्मेंद्र कुमार उर्फ बुल्ला, सोनू कुमार, राजेश कुमार सिंह, और मनोज शर्मा प्रमुख थे। शोकसभा में पत्रकारों ने कहा कि सतीश कुमार मिश्र अपनी निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने हमेशा सच्चाई और समाज के हित में अपनी लेखनी चलाई। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसे भर पाना असंभव है। इस मौके पर पत्रकार अमरेन्द्र कुमार मिश्र, कृष्णदेव शर्मा, नीरज पांडेय, समेत अन्य पत्रकार मौजूद थे। सभी ने उनकी स्मृतियों को साझा करते हुए उनके योगदान को याद किया। दिवंगत सतीश कुमार मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज के हर वर्ग से उनके प्रति संवेदना व्यक्त की जा रही है। उनके व्यक्तित्व और कार्यों की स्मृतियां हमेशा सभी के दिलों में जीवित रहेंगी।

# धान के पुंज में लगी आग, किसान का एक लाख से अधिक का हुआ नुकसान

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

प्रखंड क्षेत्र के कौआकोल पंचायत के तरौन गांव में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक घटना में धान के पुंज में आग लगने से भारी नुकसान हुआ। तरौन गांव के कर्बला के पास रखे धान और बिचाली के बड़े पूंज में अचानक लगी आग से लगभग एक लाख रुपये से अधिक मूल्य का अनाज जलकर राख हो गया। इस घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और पीड़ित किसान का परिवार सदमे में है। शनिवार देर शाम अचानक खलिहान में रखे धान के पूंज में आग लग गई। ग्रामीणों ने धुआं और आग की लपटें देख शोर मचाना शुरू किया। स्थानीय लोग तुरंत आग बुझाने के लिए दौड़े, लेकिन आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि धान और बिचाली जलने लगे। पीड़ित किसान राजेंद्र शर्मा ने बताया कि यह धान उन्होंने रानीबाजार निवासी उपेंद्र कुमार पांडेय के खेत में बटाई पर लगाया था। उन्होंने कहा, "धान की फसल इस बार अच्छी हुई थी, और परिवार को उम्मीद थी कि इससे हमारी जरूरतें पूरी होंगी। लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था।" आग की इस घटना में मेहनत और पूंजी से तैयार किया गया पूरा धान खाक हो गया। आगजनी के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन स्थानीय लोगों का मानना है कि या तो यह किसी की लापरवाही का परिणाम है या फिर किसी ने जानबूझकर दुश्मनी के चलते आग लगाई होगी। फिलहाल घटना के पीछे का सच सामने नहीं आया है, और इसे लेकर ग्रामीणों में चर्चा हो रही है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। अग्निशमन वाहन भी मौके पर पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। धान और बिचाली का बड़ा हिस्सा जलकर राख हो गया था। इस घटना के बाद पीड़ित किसान राजेंद्र शर्मा और उनके परिवार की स्थिति दयनीय हो गई है। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि उन्होंने धान की खेती में काफी पूंजी और मेहनत लगाई थी। फसल अच्छी होने के कारण उन्हें आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद थी। लेकिन आग ने उनकी सारी मेहनत और उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने कहा, "हमने दिन-रात मेहनत कर फसल तैयार की थी, लेकिन अब हमारे पास कुछ भी नहीं बचा। परिवार की स्थिति पहले से खराब थी, और अब यह नुकसान सहन करना बहुत मुश्किल है।" घटना के बाद गांव में आक्रोश और दुख का माहौल है। ग्रामीणों ने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की। कई ग्रामीणों ने इसे दुश्मनी से आग लगाने की साजिश बताया, तो कुछ ने इसे स्थानीय लापरवाही का नतीजा कहा। घटना के बाद पीड़ित किसान और ग्रामीणों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। किसानों ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से किसानों का मनोबल टूटता है। यदि प्रशासन जल्द से जल्द राहत प्रदान नहीं करता, तो उनकी स्थिति और खराब हो सकती है।

# हरिशचंद्र स्टेडियम प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-5 का हुआ उद्घाटन



निज संवाददाता | नवादा

नवादा नगर के हरिशचंद्र स्टेडियम में आयोजित स्टेडियम प्रीमियर लीग का पांचवा संस्करण का आरंभ हुआ। इस आयोजन का उद्घाटन नवादा जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद ,समाजसेवी सह मॉडर्न समूह के निदेशक डॉ अनुज ने फीता काटकर किया। इस टूर्नामेंट का आयोजन देव जीत भारद्वाज एवं चैलेंजर टीम के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें 20 टीमें भाग ले रही है। प्रत्येक मैच 16 16 ओवर का होगा और फाइनल मैच 20 ओवर का रहेगा। उद्घाटन मैच पकरीबरामा बनाम पार नवादा था। इस मैच का आगाज करने पहुंचे डॉ अनुज ने सबसे पहले बारी-बारी से दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय हाथ मिलाकर किया। फिर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि नवादा जैसे छोटे शहर से भी निकल कर क्रिकेट में खिलाड़ी अपना नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। इस तरह का आयोजन से खेल प्रेमियों के बीच उत्साह बढ़ता है। आज नवादा का लाल ईशान किशन राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बन चुका है। सभी खिलाड़ियों एवं आयोजक को धन्यवाद दिया। इस टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक में से देवजीत भारद्वाज एवं वार्ड नंबर 15 के वार्ड सदस्य बिल्लू चौधरी का योगदान सराहनीय रहा।

# अगहन पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने भगवान सत्यनारायण की भक्ति में डूबे, ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में विशेष पूजा अर्चना

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



अगहन पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। भोर में ही श्रद्धालु महिलाएं और पुरुष पवित्र जलाशयों, नदी, और पोखरों में स्नान करने पहुंचे। स्नान के बाद भगवान सूर्यदेव, भगवान विष्णु और बाबा महादेव की आराधना कर परिवार के सुख, समृद्धि और आरोग्यता की कामना की। इस अवसर पर ऐतिहासिक द्वापरकालीन हंडिया गांव स्थित सूर्य मंदिर के पोखर, नारदीगंज की ढाढर नदी, और अन्य जलाशयों में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। कुछ श्रद्धालु, जो जलाशयों तक नहीं पहुंच सके, उन्होंने घर पर ही पवित्र जल से स्नान कर पूजा-अर्चना की। नारदीगंज बाजार और आस-पास के गांवों जैसे रामे, कोशला, हंडिया, ओड़ो, कहुआरा, परमा, मसौढ़ा और नंदपुर में भगवान सूर्यनारायण, भगवान विष्णु और बाबा महादेव की विशेष पूजा की गई। इस अवसर पर हंडिया के ऐतिहासिक सूर्य मंदिर परिसर में भगवान सत्यनारायण की विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। पचेया निवासी स्वर्गीय राजेश रोशन के पुत्र पीयूष राज ने इस आयोजन में यजमान की भूमिका निभाई। वहीं, हंडिया के निवासी पुरोहित विनोद पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक पूजा संपन्न कराई। इसके बाद भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण कराया गया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कथा का श्रवण किया और पंचामृत, शीतल प्रसाद, विभिन्न ऋतुफलों सहित अन्य अर्पण सामग्रियों के साथ भगवान की आराधना की। पूजा-अर्चना के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया और श्रद्धालुओं ने इसे ग्रहण कर अपने परिवार की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। साथ ही, ब्राह्मणों को यथाशक्ति दान भी दिया गया। सुबह-सुबह नदी और पोखर के किनारे बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-शांति, आरोग्यता, और अखंड सौभाग्य के लिए मन्नतें मांगी। विभिन्न जलाशयों पर दीप जलाकर और मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा संपन्न हुई। इस अवसर पर कई गांवों में महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पावन दिन के साथ ही एक माह तक चले आ रहे अगहन माह का समापन भी हो गया। श्रद्धालुओं ने अगहन माह के इस अंतिम दिन को बड़ी धूमधाम और श्रद्धाभाव से मनाया। पूजा-अर्चना और कथा-वाचन के कार्यक्रमों के बीच भक्तों ने अगहन माह की समापन बेला को भगवान के प्रति आभार व्यक्त कर सम्पन्न किया। इस भव्य आयोजन में व्यूटी देवी, सुनील कुमार, उपेंद्र सिंह, राज आनंद समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना में भाग लिया और प्रसाद वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया। इस अवसर पर नारदीगंज और आसपास के क्षेत्र में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं के उत्साह और उनकी श्रद्धा ने अगहन पूर्णिमा को और भी विशेष बना दिया।

## माल गोदाम में पीड़ित परिवार से जाकर मिलेः डॉ अनुज सिंह

**नवादा (नि.सं.)**। मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के निदेशक, शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ अनुज सिंह ने नवादा नगर के माल गोदाम, छाय रोड के वार्ड नंबर 9 के निवासी गंभीर बीमारी से मृत व्यक्ति के परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया। ज्ञात हो कि माल गोदाम के रहने वाले स्वर्गीय मदन सिंह के पुत्र मंटू सिंह की मृत्यु गंभीर बीमारी से हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पहले डॉ अनुज ने फोन पर ही शोकाकुल परिजनों से बात कर सहायता का आश्वासन दिया था।अब उनके परिवार में कमाने वाला कोई सदस्य नहीं बचा एकमात्र पुत्र उज्जवल कुमार जो की इंटर में पढ़ाई कर रहा है। उज्जवल कुमार को पढ़ाई लिखाई में हर संभव मदद करने के लिए भी उन्होंने कहा। पिछले कई वर्षों से मंटू गंभीर बीमारी के शिकार हो गए थे,तो उनके पूरे घर का भरण पोषण उनकी पत्नी डॉली सिंहा जो की शहर के एक कपड़े की दुकान में काम कर कर रही थी। रविवार को डॉ अनुज ने परिवार में पत्नी तथा बेटे से मिलकर उन्हें हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। साथ ही साथ उनके बेटे उज्जवल को आगे की पढ़ाई को अपने खर्चे से करवाने की बात कही।

# बीपीएस पब्लिक स्कूल सह बीपीएस किड्स जोन में आनंद मेला का भव्य आयोजन

निज संवाददाता | नवादा



नवादा शहर के राम नगर स्थित बी पी एस पब्लिक स्कूल सह बी पी एस किड्स जोन में आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ बड़े बच्चों ने स्टॉल लगाकर आनंद मेले का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों की संख्या में अभिभावकों ने पहुँचकर बच्चों के मनोबल को बढ़ाने का कार्य किया। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस मेले का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से लोगों को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस बाल मेले में स्कूली बच्चों ने अलग अलग प्रकार के स्टाल लगाए, जिसमें अभिभावकों और शिक्षकों ने खरीदारी कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। बाल मेले में बच्चों के स्टॉल में चाउमीन, बर्गर, मंचूरियन, पनीर रोल, मोमोज़, पानी पूरी, पपड़ी चाट, दही बड़ा, फ्रूट चाट, गुलाब जामुन, लिट्टी चोखा, आलू कच, चाय, कॉफ़ी, इत्यादि लगाए गए। जिसे अभिभावकों ने बहुत ही ज्यादा पसंद किया और इस मेले का लुतफ उठाया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंध निर्देशक पंकज कुमार ने कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों को शिक्षा के साथ साथ सामाजिक सरोकार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाता है।

स्कूल के बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। स्कूल के प्रांगण में सजावट कर बाल मेले का आयोजन किया आया। इस मौके पर विद्यालय की निर्देशिका ने बताया कि दिनांक १६ दिसम्बर को विज्ञानं प्रदर्शनी का आयोजन भी विद्यालय के प्रांगण में किया जायेगा। साथ ही साथ दिनांक १७ दिसम्बर से लेकर २० दिसम्बर तक चार दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। इस मेले को शानदार और यादगार बनाने में विद्यालय के प्राचार्य मनोरंजन कुमार सिन्हा, उप प्राचार्य सारिका भगत तथा सारे शिक्षकों यथा शिव शंकर, रवि, विश्वाश, विनोद, पुष्पा, अंकिता, सुनीला, सोनाली, पम्मी, जूही, नूतन, पूजा, समृद्धि, आरती, सिमरन इत्यादि का भरपूर योगदान रहा।

# श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक की भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना



**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखंड के विभिन्न गांवों में अगहन पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना किया।इस दौरान श्रद्धालु महिलाएं व पुरूषों ने पवित्र जल में स्नान कर भगवान सूर्य नारयण की पूजा अर्चना कर परिवार के सुख, समृद्धि की कामना किया। इस दौरान ऐतिहासिक द्वापरकालीन हंडिया गांव स्थित सूर्य मंदिर पोखर, नारदीगंज स्थित ढाढर नदी के अलावा अन्य गांवों स्थित जलाशयों में लोगों ने डुबकी लगाया। नारदीगंज बाजार के अलावा रामे, कोशला, हंडिया, ओड़ो, कहुआरा, परमा, मसौढा, नंदपुर समेत विभिन्न गांवों में श्रद्धालु महिलाएं ने भगवान सूर्यनारायण की पूजा अर्चना । श्रद्धालु महिलाओं ने उपवास रखकर व नमक वर्जित भोजन कर पूजा अर्चना कर पविार में सुख, समृद्धि, आरोग्यता के साथ अखंड सौभाग्य के लिए मन्नतें मांगी। इस वेला में कई श्रद्धालुओं ने हंडिया सूर्य मन्दिर में छठपर्व की तरह सूर्योपासना किये।भगवान सूर्य को गो दुग्ध से अर्ध्यदान देकर पकवान,नारियल, समेत अन्य ऋतुफल के साथ पूजा अर्चना की। कहा कि यह माह में रविवार को भगवान सूर्य की पूजा अर्चना करने से सौभाग्य प्राप्त होता है,घर परिवार में सुख,समृद्धि और आरोग्यता की प्राप्ति होती है।पूजा अर्चना को लेकर दूर दराज से काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ हंडिया सूर्य मन्दिर में लगी रही।इस परिसर में पूजा समाग्री समेत कई दुकानें सजी रही।पूजा अर्चना होने से।मंदिर के आसपास वातावरण भक्तिमय होता रहा।

# पौधारोपण एवं दरिद्र नारायण भोज कर मनाई गयी पुण्यतिथि

निज संवाददाता | नवादा

नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत बढ़ोरी गावं निवासी उपेन्द्र कुमार अधिवक्ता सह बढ़ई विश्वकर्मा महासभा के जिलाध्यक्ष ने अपनी माँ स्व.आकाश देवी की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर पूजा, हवन, और भोजन वितरण का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि समारोह में उन्हें नमन करते हुए 200 फलदार पेड़ जैसे आम, अमरुद, शरीफा , नींबू, पपीता, नारियल के अलावा 800 सागवान और महोगनी तथा विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। समारोह में पिता बालेश्वर मिस्त्री, चाचा जनकदेव मिस्त्री, भाई निशांत, भागना प्रोफेसर शुभेंदु अमित, पुत्र विशाल, पत्नी स्वेता सुमन, बड़ी बहन गीता देवी, सुधा देवी, जीजा सुरेश, अधिवक्ता मित्र रामानुज शर्मा, अजय कुमार, निरज कुमार, सुजीत गुप्ता, संजय चौधरी और सैकड़ों ग्रामीण लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने उनकी चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धां सुमन समर्पित करते हुए कहा की स्व. आकाश देवी एक सामाजिक, परोपकारी और आध्यात्मिक महिला थी, जिन्होंने अपने जीवन में समाज सेवा और सहयोग के जरिए सभी को एक प्रेरणा दी।

इस अवसर पर उपेन्द्र कुमार ने श्रद्धांजलि सभा में आये लोगों का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि उनके द्वारा लगाए गए पौधों से उनकी माताजी की याद हमेशा जीवित रहेगी। यह कार्यक्रम माताजी के जीवन के आदर्शों और उनकी सेवा भावना को स्मरण करते हुए आयोजित किया गया।मौके पर दर्जनों लोग मौजूद थे। लगाए गए पौधे समाज को स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करेंगे और उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाएंगे। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों और शुभचिंतकों की उपस्थिति ने इसे एक सामूहिक श्रद्धांजलि सभा का रूप दिया, जिसमें परंपरा, सामाजिक आदर्श और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अनुभवाआत्मक ज्ञान बिना सब ज्ञान अधुरा

**आरा**| महर्षि सद्गुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान द्वारा सत्संग भवन महाराजा हाता में सत्संग हुआ। मंच संचालन श्रीकृष्णा प्रसाद ने किया। बिहार राज्य समन्वयक सह दक्षिण बिहार महामंत्री भूपेन्द्र राय ने कहा कि सेवा सभी करते हैं लेकिन सद्गुरु का सेवक वहीं है जो निष्काम भाव से निस्स्वार्थ सेवा करते हैं। कुंभ के अवसर पर महर्षि सद्गुरु सदाफल देव झूंसी आश्रम पर 2 से 6 फरवरी 2025 को पांच दिवसीय विहंगम योग का विशेष कार्यक्रम होगा। मौके पर पटना पश्चिमी मंत्री उमेश कुमार, भोजपुर जिला परार्मशक दीपनारायण प्रसाद, जिला सचिव विजय पाण्डेय, मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार आदि थे।

### डीएम ने पंचायतों में चल रहे योजना की जानकारी ली

**आरा**। जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी तेज कर दी गई है। शनिवार को डीएम तनय सुल्तानिया ने चिन्हित प्रखंडों के पंचायतों में चल रहे क्लस्टर योजना के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित प्रखंडों के बीडीओ एवं आरा जगदीशपुर व पीरो के एसडीओ से विस्तृत चर्चा की। डीएम ने पंचायत सरकार भवन, जल जीवन हरियाली, जीविका वीओ बिल्डिंग, बाल सुलभ आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक पुस्तकालय, खेल मैदान और अन्य कार्यों की प्रगति पर बिंदुवार जानकारी ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि 25 दिसंबर तक इन क्लस्टरों में विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं को पूरा किया जाए। इसके साथ इन विभागों की योजनाओं का कैंप लगाकर बचे हुए लाभार्थियों को योजना का लाभ भी दिया जाए। बैठक में डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह, सिविल सर्जन डॉ शिवेंद्र कुमार सिन्हा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन, सदर एसडीओ रश्मि सिन्हा, जगदीशपुर व पीरो के एसडीओ, डीआरडीए निदेशक, जिला कल्याण पदाधिकारी, आईसीडीएस डीपीओ, डीईओ एनआईसी, पथ, भवन, ग्रामीण कार्य विभाग, पीचईडी, लघु सिंचाई व एलएईओ के कार्यपालक अभियंता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीपीओ मनरेगा आदि मौजूद थे।

### जनता दरबार में नहीं पहुंचे कोई अधिकारी व कर्मी

**गड़हनी**। सरकार के आदेश पर प्रत्येक शनिवार को थाना परिसर में भूमि निपटारा को ले जनता दरबार लगाया जाता हैं ,लेकिन आज गड़हनी थाना परिसर में दोपहर 1 बजकर 21 मिनट तक अंचल से कोई कर्मी या अधिकारी नही आये थे। अंचल से अधिकारी व राजस्व कर्मचारियों को नही उपस्थित देख कई फरियादी आकर लौट गए।



इस संबंध में जब मैं सीओ दीपा कुमारी से पूछा कि मैडम आज जनता दरबार नही लगा है क्या तो बोली कि लगा होगा, मैं बोला कि कोई अंचल से आपका कर्मी नही आये है तो बोली कि देखते है। सरकार के आदेश का भी घोर उलंघन है। इससे साफ जाहिर होता है कि इस सरकार में पदाधिकारी कितने निडर व लापरवाह हो चुके है। गड़हनी निवासी कन्हैया कुमार बताते है कि जनता दरबार सिर्फ कागजी कोरम हो चुका है, सिर्फ दिखावा होता है किसी भी फरियादी का इस जनता दरबार मे भूमि विवाद का निपटारा नही किया गया है।

### आरा रोटी बैंक चेरिटेबल ट्रस्ट ने बच्चों का निःशुल्क कराया स्वास्थ्य जांच

**आरा**| आरा रोटी बैंक चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आरा रोटी बैंक पाठशाला के परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य सिविल लगाया गया। यह शिविर स्वर्गीय शिवानंद सहाय एवं स्वर्गीय सुमन सहाय की स्मृति में आयोजित किया गया था। जिसमें पाठशाला के बच्चो सहित आसपास के लोगों का भी स्वास्थ्य जांच हुआ।




मुख्य रूप से शिविर में सेवा देने वाले डॉ शैलेश चन्द्रा ने कहा कि समय- समय पर बच्चो का स्वास्थ्य जांच होने से बच्चो को किसी प्रकार की बीमारी नहीं होगी। यह उनके शारीरिक विकास के लिये बहुत अच्छा कदम है। स्वास्थ्य जांच के बाद बच्चो एवं बस्ती के लोगो के बीच जरूरी दवा और विटामिन का वितरण किया गया। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष कुमार रोहित, सतीश सिंह, कुमार मोहित, राकेश सिन्हा, रवि सहाय समेत कई लोग उपस्थित थे।

### लोक अदालत में 1362 मामलों का निष्पादन

**आरा**| व्यवहार न्यायालय आरा के परिसर में 14 दिसंबर को माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भारत भूषण भसीन के अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया। उद्घाटन में डीएम तनय सुल्तानिया, एसपी मिस्टर राज, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, सचिव मनमोहन ओझा, जिला अभियोजन पदाधिकारी, मणिक कुमार सिंह, लोक अभियोजक, नागेश्वर दुबे, जिला शासकीय अधिवक्ता राजनाथ सिंह, सभी न्यायिक पदाधिकारीगण के साथ पक्षकार गण उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, गौतम कुमार द्वारा बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 18 पीठ का गठन किया गया था। कुल निष्पादन 1362 हुआ ह। जिसमें बैंक निष्पादन मामले 621 है।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र पर कूड़ा निस्तारणशुरू

**कोईलवर**| जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार आरा नगर निगम द्वारा कोईलवर प्रखंड के बहियारा अवस्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र पर कूड़ा निस्तारण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बहियारा अवस्थित डंपिंग यार्ड लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में फैला है। जिसमें से 10,400 वर्ग मीटर क्षेत्र को 10 फीट ऊँची घेराबंदी से सुरक्षित किया गया है। यहां आरा नगर निगम द्वारा एकत्रित किए गए अपशिष्ट पदार्थों का व्यवस्थित रूप से संचयन किया जाएगा। भविष्य में इस स्थल पर विभिन्न प्रकार की मशीनों के माध्यम से कूड़ा प्रसंस्करण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी और दक्ष बनाने की योजना है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कूड़े की दुर्गन्ध को नियंत्रित करना और महामारी के फैलने से रोकना है। इसके लिए, कूड़े पर जैव-संस्कृति का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे कूड़े पर होने वाले कीटों, जैसे मक्खियां और मच्छर पर नियंत्रण किया जा सके।

### जिले में 11 केंद्र पर हुई सीटेट की परीक्षा

**आरा**। केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) शहर के 11 केंद्र पर हुई। इस परीक्षा में 90% उपस्थिति छात्र छात्राओं की रही। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 12:00 तक हुई। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से 4:30 तक हुई। परीक्षा शुरु होने से पहले परीक्षार्थियों की गहन तलाशी की गई इसके बाद ही उनको इंट्री मिला। परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षा केंद्रों पर कुछ समय के लिए जाम लग गया। परीक्षार्थियों पर नकेल कसने के लिए परीक्षा केंद्र पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। सभी को परीक्षा के दौरान मुस्तैद रहने का आदेश दिया गया था। परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए स्टैटिक दंडाधिकारी-सह-प्रेक् षक, जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ति दल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। नोडल पदाधिकारी डॉक्टर शशि शेखर सिंह ने बताया कि प्रथम पाली में द्वितीय पेपर की परीक्षा हुई एवं दूसरी पाली में प्रथम पेपर की परीक्षा हुई। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में 4599 और दूसरी पाली में 4745 परीक्षार्थियों के परीक्षा देने की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर को भी शहर के 11 केंद्र पर केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा होगी। इस परीक्षा में 4589 परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा एक पाली में सुबह 9:30 से 12:00 बजे तक होगी। 11 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा सीटेट की परीक्षा 11 केंद्रों पर हुई।

# दो देसी कट्टा के साथ 6 बदमाश अरेस्ट

**निज संवाददाता | बक्सर**

बक्सर में औद्योगिक थाना के नामजद अभियुक्त अजित राय उर्फ मुसा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने उमरपुर स्थित उनके आवास पर छापेमारी की। जहां से पुलिस ने 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।जिसकी तलाश लेने पर उनके पास से दो देसी कट्टा और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। हालांकि आरोपी अजीत राय पुलिस को चकमा दे फरार हो गया। सदर डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि अजित राय उर्फ मुसा, कौशलेश राय उर्फ टुटु राय और 5-6 अन्य व्यक्ति उमरपुर स्थित एक डेयरी फार्म पर मौजूद हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने डेयरी फार्म पर छापेमारी की। पुलिस ने मुख्य अभियुक्त कौशलेश राय उर्फ टुटु राय को मौके से दो देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा, पुलिस बल को देखकर भाग रहे पांच अन्य अभियुक्तों को भी घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया।




**आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिसः** डीएसपी की ओर से जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए कौशलेश राय उर्फ टुटु राय, पिता जोगिंदर राय पर पहले से भी कई मामले दर्ज है। जिनमें औद्योगिक थाना में कुल चार कांड पहले से दर्ज है। सुजीत राय, पर भी पहले से कई गंभीर धारा में मामला दर्ज हैं। इसके अलावा विनोद कुमार राय, अनय प्रताप राय,पलक राय,आशुतोष राय,

♦ **बक्सर में पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा, सभी का है आपराधिक इतिहास**

को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की करवाई में लगी हुई है। सदर डीएसपी ने कहा कि पुलिस ने मौके से दो देसी कट्टे और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस संबंध में औद्योगिक थाना कांड सं. 294/24 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया कि अपराध नियंत्रण को लेकर विशेष अभियान जारी रहेगा और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत, घर में हाहाकार

**निज संवाददाता | आरा**



थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर अवस्थित मनभावन मोड के समीप शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक गंभीर घायल हो गया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक के पॉकेट से पुलिस ने मादक पदार्थ (हेरोइन) और पीतल का एक नल बरामद किया है। मृतक पटना जिला के नौबतपुर थान क्षेत्र के गोपालपुर गांव वार्ड नंबर 11 निवासी रौशन कुमार था जो मधुसुदन शर्मा के 32 वर्षीय पुत्र था।मृतक के परिजन ने बताया कि सुबह अपने बाइक से बिना बोले कही निकल गया था। लेकिन देर शाम तक वो वापस नहीं लौटा तो परिजन ने खोजबीन शुरू की। इसी बीच रात में पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी कि युवक का एक्सीडेंट हो गया है। आपलोग आकर सदर अस्पताल में देख लें। सूचना मिलने के बाद परिजन तुरंत सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचें जहां देखा कि रौशन की मौत हो गई है। इस बाबत कोईलवर थाना में कार्यरत एसआई रिंकी कुमारी ने बताया कि अज्ञात युवक अधमरा और जख्मी हालत में सड़क किनारे पड़ा था। स्थानीय लोगों ने कोईलवर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आई। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

## ग्रामीणों ने सीओ पर बाढ़ राहत राशि वितरण में पक्षपात का आरोप

**निज संवाददाता | आरा**

प्रखंड के राजापुर पंचायत के ग्रामीणों ने एक बैठक के दौरान बाढ़ राहत राशि वितरण में अंचलाधिकारी कोईलवर पर पक्षपात का आरोप लगाया है। 2024 में आए भीषण बाढ़ में हुए क्षति के बाद बाढ़ राहत राशि वितरण करने में पक्षपात रवैया अपनाने का आरोप ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी कोईलवर पर लगाया है। इस रवैया के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। पूर्व वार्ड सदस्य गजेंद्र सिंह एवं अन्य ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी कोईलवर पर भेदभावपूर्ण एवं राजनीति से प्रेरित होकर किसी जनप्रतिनिधि के दबाव में आकर चहेते एवं चिन्हित लोगों को राशि देने तथा अन्य को जानबूझकर छोड़ देने का आरोप लगाया है। वार्ड सदस्य 13 की सदस्य मंजू देवी के प्रतिनिधि चंदन कुमार ने बताया कि वार्ड 13 पंचायत राजापुर में कुल



127 लोगों में से मात्र 41 लोगों को ही राहत राशि मिल पाया है। इस संबंध में कई बार आवेदन एवं पीड़ित लोगों की सूची समर्पित किया जा चुका है लेकिन अंचलाधिकारी राहत राशि देने से पल्ला झाड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड संख्या 14 में भी 353 पीड़ितों में लगभग 97 से 98 लोगों को ही राहत राशि मिल पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर राहत राशि नहीं दिया जाता है तो राजापुर में होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में उनके सभा में घेराव किया जाएगा तथा अपनी वेदना को बताया जाएगा।

## शाहाबाद DIG के आदेश पर एसपी ने लिया एक्शन

**निज संवाददाता | बक्सर**

बक्सर में पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक एक्शन सामने आया है। शाहाबाद रेंज के डीआईजी नवीन चंद्र झा के निर्देश पर बक्सर एसपी शुभम आर्य ने नगर थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा को लाइन क्लोज कर दिया है। यह कार्रवाई दरोगा जूही कुमारी पर सितंबर माह में वाहन चेकिंग के दौरान पैसे लेने और उसके बाद दर्ज एफआईआर के मामले में हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जूही कुमारी पर गश्ती के दौरान अवैध वसूली का आरोप लगा था। इसके अलावा प्राइवेट ड्राइवर रखने का भी मामला सामने आया था। इस पूरे प्रकरण में नगर थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा की भूमिका संदिग्ध मानी गई थी। डीआईजी नवीन चंद्र झा ने मामले की जांच के बाद संजय कुमार सिन्हा से स्पष्टीकरण मांगा था।

**संतोषजनक जवाब नहीं देने पर कार्रवाईः** हालांकि, उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया, जिसके बाद डीआईजी ने उनके खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया।



जानकारी के अनुसार, दरोगा जूही कुमारी ने नगर थाना अध्यक्ष द्वारा जांच रिपोर्ट के खिलाफ डीआईजी से न्याय की गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी ने नगर थाना अध्यक्ष संजय सिन्हा से स्पष्टीकरण मांगा। लेकिन उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद डीआईजी के आदेश पर एसपी शुभम आर्य ने संजय कुमार सिन्हा को तत्काल प्रभाव से लाइन क्लोज कर दिया और विभागीय जांच के निर्देश दिए।

**अवैध वसूली के आरोप पर कार्रवाईः**

♦ **नगर थानाध्यक्ष को किया गया लाइन क्लोज, अवैध वसूली और प्राइवेट ड्राइवर रखने का था आरोप**

एसपी शुभम आर्य ने बताया कि सितंबर महीने में वाहन चेकिंग के दौरान जूही कुमारी और गश्ती टीम पर अवैध वसूली का आरोप लगा था। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में नगर थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा की भूमिका संदिग्ध पाई गई। जांच रिपोर्ट डीआईजी नवीन चंद्र झा को सौंप दी गई थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। फिलहाल, इस प्रकरण को लेकर पुलिस महकमे में हलचल मची हुई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि पुलिस विभाग की साख बरकरार रहे।

## वन नेशन वन चुनाव को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

♦ **बक्सर सदर विधायक संजय तिवारी बोले-पैर दर्द की दवा देकर सिर दर्द ठीक करने का प्रयास**



**निज संवाददाता | बक्सर**

बक्सर सदर विधायक इन दिनों लगातार बिहार सरकार हो या केंद्र सरकार हो सभी पर निशाना साधने का काम कर रहे है। कांग्रेस के विधायक संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने सरकार द्वारा सांसद में लाए गए वन नेशन वन चुनाव को लेकर निशाना साधा है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि ये सरकार एसी है की लोगो को सिर में दर्द है और सरकार उनको पैर का दर्द की दवा देकर सिर दर्द ठीक करने का प्रयास कर रही है। एसे काम चलने वाला नही है। साफ बात है की विपक्ष के सवालों का कोई जबाब नहीं होने के कारण ये हो हल्ला कर सदन को भी नही चलने देते है। वहीं आगे कहा कि पहले सरकार को सदन में लाए गए एक एक बिल को धरातल पर लाने का काम करना चाहिए। तब जाकर बात बन सकती है और जनता सुन सकती है।

**जनता की बातों को सदन में रख रहे राहुल गांधीः** साथ ही उन्होंने कहा की आज हमारे नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जिस तरह से मुखर होकर जनता की बातों को सदन में रख रहे है। सवाल करते हुए करते कहा की मैं पूछना चाहता हूं देश के प्रधानमंत्री से इन सब बातों का जबाब देने के लिए आपके पास कोई समय है की नही है। अगर सवालों का जवाब नहीं देते है तो आने वाले समय में जनता आपको नकारने का काम करेगी। आगे उन्होंने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की ये रेवड़ियां बांट कर सरकार बनाने वाले है।उन्होंने की ये ढोल नगाड़े की सरकार है।जो पैसा और रेवड़ियां को बांट कर के हरियाणा हो चाहे महाराष्ट्र हो सरकार बनाने का काम करने वाले है। पैसे और अहंकारी सरकार को जनता आने वाले समय में नकारने का काम करेगी।

## उर्वरक निगरानी समिति की बैठक, अधिक मूल्य नहीं लेने का निर्देश



**निज संवाददाता | आरा**

प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता किया गया। बैठक ई-किसान भवन में की गई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी मो मुस्तफ़ा ने प्रखंड में उपलब्ध उर्वरक के बारे में जानकारी दी गई। कहा कि अभी उर्वरक की खपत अधिक होती है। आप सभी उर्वरक को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही बिक्री करें। ताकि किसानों को कोई परेशानी ना हो। बैठक में चंदा पैक्स अध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा ने कहा कि थोक विक्रेता के द्वारा ही खुदरा विक्रेता को महंगे मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाता है। जिसमें खुदरा उर्वरक विक्रेता को परेशानी झेलना पड़ता है। राजापुर के पैक्स अध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह ने कहा कि उर्वरक के साथ थोक विक्रेता के द्वारा पैक्स में भी जिला से नैनो टैगिंग कर दिया जा रहा है। जबकि हम लोग के यहां का किसान लेने से इनकार कर रहे हैं। बैठक में प्रमुख मनोज कुमार सिंह ने कहा कि सभी उर्वरक विक्रेता उचित मूल्य पर उर्वरक के बिक्री करें ताकि किसानों को परेशानी ना हो। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी बीरबहादुर पाठक, अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जय शंकर कुशवाहा, निगरानी समिति के सभी सदस्य, प्रखंड के उर्वरक विक्रेता, कृषि कर्मी व पैक्स अध्यक्षों सहित सभी कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, खुदरा उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया।

## दुल्हा-दुल्हन की कार से तेल टैंकर की टक्कर

**निज संवाददाता | बक्सर**



बक्सर के डुमरांव-विक्रमगंज हाईवे पर शनिवार को एक सड़क हादसा हुआ। जिसमें दूल्हा-दुल्हन की कार और एक तेल टैंकर में टक्कर हो गई। हादसा बीपीएस हायर सेकेंडरी स्कूल के पास हुआ। इस दुर्घटना में दूल्हा विवेक पाठक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दुल्हन और कार चालक को हल्की चोटें आई हैं। औरंगाबाद के हसौली गांव निवासी संजय पाठक के बेटे विवेक की बारात दो दिन पहले डुमरांव में आई थी। शादी संपन्न होने के बाद शनिवार को दुल्हन की विदाई का शुभ मुहूर्त था। दूल्हा विवेक अपनी पत्नी के साथ कार से वापस हसौली गांव लौट रहे थे। इसी दौरान जितवाडीह नहर पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक तेल टैंकर ने उनकी कार में सीधी टक्कर मार दी।

**कुछ देर के लिए यातायात रहा बाधितः** टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दूल्हा विवेक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बासुदेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दूल्हे को नावानगर सीएचसी ले जाया गया। दुर्घटना के कारण हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और तेल टैंकर को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टैंकर चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। फिलहाल दूल्हे का इलाज जारी है, और दुल्हन व चालक की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## 15 वर्षों से सौर ऊर्जा जलापूर्ति परियोजना बंद, लोग परेशान

**निज संवाददाता | आरा**

स्थानीय गड़हनी प्रखंड के दुबौली और पूर्वी डेम्हा गांव में सौर ऊर्जा चालित जलापूर्ति परियोजना 15 वर्षों से बंद है। हालात यह है कि आश्वासन के एक वर्ष बाद भी चालू नहीं हुआ है। जबकि सौर ऊर्जा योजना सरकार की काफी महत्वाकांक्षी योजना बन चुका है। सरकार की इस योजना पर काफी फोकस है। इसके बावजूद भी 21 वर्ष पहले बना सौर ऊर्जा चालित जलापूर्ति परियोजना अपनी बदहाली का दंश झेल रहा है। बताया जाता है कि पीपरा गांव के पूर्व मंत्री राम अवधेश सिंह के पहल पर यह परियोजना दुबौली व पूर्वी डेम्हा गांव में लाया गया था। करीब 18 लाख लागत से बने इस योजना का उद्घाटन 16 मार्च 2003 में राज्य के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री रमा देवी ने किया था। उद्घाटन कार्यक्रम में राज्य के



उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री शिवानंद तिवारी, सांसद रामप्रसाद सिंह, क्षेत्रीय विधायक बिजेंद्र यादव, रामधनी सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे। परियोजना शुरू होने के बाद ग्रामीणों में इस बात की काफी खुशी हुई थी कि अब गांवों में पानी की संकट कभी नहीं होगी। लेकिन फिलवक्त यह जलापूर्ति योजना शासन- प्रशासन की अनदेखी के कारण बंद पड़ा है। दोनों गांव की इस परियोजना से पानी की सुविधा मिलने को लेकर गलियों में पाइप दौड़ाया गया था और जगह-जगह टोटी भी लगी थी। कुरकुरी पंचायत के पूर्व उप सरपंच दीपक कुमार ने बताया कि योजन शुरू होने के बाद करीब 5 से 6 वर्ष तक पानी का सप्लाई खूब बढ़िया से हुआ था। इसके बाद मामूली खराबी के बाद भी कभी-कभार ग्रामीण मरम्मति से चला रहे थे। लेकिन 5 वर्ष के बाद ही धीरे- धीरे पूरी तरह यह परियोजना ठप हो गयी। 90 प्रतिशत केन्द्र सरकार व 10 % राज्य सरकार की भागीदारी स्थानीय राजेश दूबे ने बताया कि गांव के ही युवा नेता टीएन सिंह ने ही पहल कर इस परियोजना को गांव में लाए थे। यह योजना में 90 प्रतिशत केन्द्र सरकार व 10 प्रतिशत राज्य सरकार की भागीदारी की थी। जलापूर्ति परियोजना की विशेषता के बारे में बताते है कि तेज धूप रहने पर पानी की रफ्तार तेज हो जाती थी। भोजन बनाने के दौरान इस पानी का उपयोग करने पर चावल सफेद व मुलायम दिखता था। कम समय में ही दाल गल जाता था। साथ ही इस जलापूर्ति योजना के पानी व चापाकल के पानी के स्वाद में काफी अंतर था। वैसे कुछ लोग बताते हैं पानी के सेवन से पेट की बीमारी नहीं होती थी। कपड़ा धोने में भी साबुन की खपत कम होती था। क्योंकि इसके बोरिंग का पानी 350 फीट नीचे से आती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 15-18 दिसंबर तक पछुआ हवा के साथ शीतलहर की आशंका

**भागलपुर।** पछुआ के प्रभाव से जिले का मौसम शुष्क बना है। अगले तीन दिनों के दौरान भागलपुर सहित अन्य जिलों में ठंड के साथ कनकनी बढ़ी है। न्यूनतम तापमान 6.5 से शनिवार को 5.5 दर्ज किया गया। इस मौसम का सबसे अधिक ठंड शनिवार को रहा। पिछले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री की गिरावट हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 15-18 दिसंबर के मध्य जिले में आसमान साफ व मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। कहीं-कहीं स्थानों पर शीतलहर की स्थिति व सुबह-शाम के समय मध्यम कोहरा रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 23-24 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 8-9 डिग्री सेंटीग्रेड रहेगा। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 88 प्रतिशत व दोपहर में 40 प्रतिशत रहने की संभावना है। 5 से 8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से पछुआ हवा के साथ शीतलहर की संभावना है।

### दो बाइक की टक्कर में चार युवक घायल

**पीरपैंती।** एनएच 133 पर पसाहीचक मोड़ के पास दो बाइक की टक्कर में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में ओलापुर के राहुल कुमार, दुलदुलिया के मुकेश कुमार, ऋतिक कुमार और पसाहीचक के प्रह्लाद दास शामिल हैं। सूचना पर पीरपैंती और इशीपुर पुलिस मौके पर पहुंची तथा सभी को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। डॉ. कृष्ण ने बताया कि प्रह्लाद की हालत नाजुक है।

### महाकुंभ को लेकर भागलपुर से अब प्रयागराज के लिए 3 सीधी ट्रेनें चलेंगी

**भागलपुर।** भागलपुर से महाकुंभ के लिए दो स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। रेलवे बोर्ड ने पूर्व रेलवे से ट्रेनों का प्रस्ताव मांगा है। मालदा मंडल ने भागलपुर से दो स्पेशल ट्रेनों के लिए योजना बनाई है, जिसे जल्द मंजूरी मिलेगी। इसके बाद टाइम टेबल जारी होगा। इससे पहले रेलवे ने भागलपुर से विक्रमशिला एक्सप्रेस का ठहराव महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में दिया है। जिसका टाइम टेबल और किराया भी जारी कर दिया गया है। इसी के साथ दूसरी जगहों से होकर आने वाली ट्रेनें भी यहां से प्रयागराज जाती हैं। हिन्दू आस्था को देखते हुए रेलवे ने भागलपुर से भी श्रद्धालुओं का ध्यान रखा है। यहां से शहरवासियों के लिए दो स्पेशल ट्रेनों के प्रस्ताव को मंजूरी मिलेगी। जिसके बाद समय सारिणी भी जारी कर दी जाएगी। दो स्पेशल ट्रेन मिलने के बाद भागलपुर से तीन सीधी ट्रेन महाकुंभ के लिए हो जाएंगी। इससे पहले विक्रमशिला एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया है। जिसका किराया तय करने के बाद बुकिंग भी शुरू कर दी गई है। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व बोर्ड के चेयरमैन व सीईओ सतीश कुमार महाकुंभ से जुड़ी सारी व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं। रेल मंत्री का निर्देश भी है कि महाकुंभ के लिए किसी असुविधा की शिकायत नहीं हो। हर जोन से ट्रेनों के प्रस्ताव मांगे गए हैं। जिन्हें अंतिम रूप दिया जा रहा है। आठ ट्रेनों के ठहराव से मिलेगी राहत दिल्ली-हावड़ा रूट की प्रमुख ट्रेनों में शामिल विक्रमशिला के प्रयागराज में ठहराव पहले ही दिया जा चुका है। इसी के साथ ब्रह्मपुत्र मेल, गरीबरथ एक्सप्रेस व एलटीटी, सूरत, अजमेर वीकली भी प्रयागराज में अलग-अलग दिन रुकेगी। रेलवे जो दो स्पेशल ट्रेन चलाएगा उसमें सभी श्रेणियों के कोच रहेंगे। जिससे किसी भी यात्रियों को असुविधा नहीं हो।

### दो दिन में चार डिग्री लुढ़का न्यूनतम पारा

**मुंगेर।** जिले में लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। एक सप्ताह से जिले में ठंड का असर काफी बढ़ चुका है। दो दिन के दौरान जिले का पारा 4 डिग्री तक नीचे खिसका है। शुक्रवार की सुबह से ही जिले में कोहरा और धुंध छाई रही। इस बीच हाड़ कंपाने वाली ठंड से लोगों का जीना मुहाल हो चुका है। पूरे दिन आसमान में कोहरा छाया रहा। हालांकि इस बीच हल्की धूप निकली जो पूरी तरह निस्तेज रही। शुक्रवार को जहां जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से लुढ़क कर 8 डिग्री सेल्सियस हो गया था। शनिवार को पुनः तापमान 2 डिग्री की अतिरिक्त गिरावट के साथ 6 डिग्री सेल्सियस हो चुका है। जबकी इस बीच अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान हवा की गति 10 किमी प्रति घंटा रही।

### कार की टक्कर से छात्र के दाएं पैर की उंगली कटी


**मुंगेर।** कासिम बाजार थाना क्षेत्र के भगत सिंह चौक पर शनिवार की सुबह कार की टक्कर से ट्यूशन पढ़कर आ रहा 17 वर्षीय छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उसके ही मित्रों द्वारा इलाज के लिये सदर अस्पताल लाया गया। साथ ही इसकी सूचना परिजनों को दी गयी। बताया गया कि दिलावरपुर निवासी बिरजू राम का 17 वर्षीय पुत्र हर्ष राज भगत सिंह चौक समीप से ट्यूशन पढ़कर पैदल आ रहा था। इसी दौरान जमालपुर की ओर से आ रहे एक कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें हर्ष राज बुरी तरह घायल हो गया। जबकि उसके दांये पैर की एक अंगुली कट गयी। जिसके बाद उसने फोन से इसकी सूचना अपने मित्र दिलावरपुर निवासी निशांत, आर्य तथा अमित को दी। जिसके द्वारा हर्ष को इलाज के लिये सदर अस्पताल लाया गया।

### कोशी एवं केकेएम कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य रहेंगे, दो सिंडिकेट सदस्यों की नियुक्ति स्थगित

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में रोटेशन के आधार पर दो महाविद्यालय के प्रभारी प्राध्यापकों को सिंडिकेट सदस्य बनाए जाने की अधिसूचना शनिवार को स्थगित कर दी गई। जिसकी अधिसूचना जारी कर दी गई। बता दें कि पूर्व कुलपति प्रो. श्यामा राय के कार्यकाल में रोटेशन के आधार पर कोशी कॉलेज एवं केकेएम कॉलेज जमुई के प्रभारी प्राध्यापक 16 फरवरी 2024 को सिंडिकेट सदस्य नियुक्त किए गए। जिनका कार्यकाल 16 फरवरी, 2025 को पूरा होगा। जिन्हें समय पूर्व (एक साल पूरा होने से पहले) हटा दिया गया था। उनकी जगह रोटेशन के ही आधार पर एक साल के लिए दो कॉलेजों के प्रभारी प्राध्यापकों को सिंडिकेट सदस्य बनाए जाने का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया था। जिस पर विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत आपत्ति दर्ज कराने पर उस अधिसूचना को स्थगित करने का आदेश कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने दिया था। जिसे स्थगित करते हुए कुलसचिव कर्नल विजय कुमार ठाकुर ने अधिसूचना जारी कर दिया। अब कोशी कॉलेज एवं केकेएम कॉलेज जमुई के प्रभारी प्राचार्य अपने कार्यकाल पूरा होने तक सिंडिकेट सदस्य बने रहेंगे। साथ ही इस मामले की जांच के लिए समिति का गठन किए जाने की अधिसूचना जारी की गई।

### शिष्य वह होता है, जो गुरु के प्रति समर्पण का भाव रखे : निरंजनानंद

**मुंगेर।** सत्यम पूर्णिमा अराधना के चौथे दिन स्वामी निरंजनानंद ने कहा कि उनके गुरु एक बहु प्रतिभाशाली व्यक्तित्व थे। उनके दो गुण भक्ति और शक्ति विशेष रूप से अनुकरणीय हैं। स्वामी जी एक उच्चकोटि के भक्त और शिष्य थे। शिष्य वह होता है, जो गुरु के प्रति निश्चल, संपूर्ण समर्पण का भाव रखता हो। इसके अलावा उसकी अपनी महत्वाकांक्षाएं व कामनाएं नहीं रहती है। शिष्य का एकमात्र ध्येय गुरु सेवा होता है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन अपने गुरु स्वामी शिवानंद जी के आश्रम में ऐसा ही रहा। उनका व्यक्तित्व गुरु में लीन हो गया और गुरु उनके भीतर जीवंत हो गए। उन्होंने कहा यही सच्चा शिष्यत्व है।



# अतिक्रमण हटाने के बाद आगजनी, स्टेशन चौक से 24 से अधिक दुकानों को हटाया

## ♦ जाम खत्म करने के लिए जिला प्रशासन की कार्रवाई



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में स्थाई दुकान की मांग को लेकर फुटपाथ विक्रेता सड़कों पर उतर आए हैं। स्टेशन चौक के पास आगजनी कर जमकर हंगामा किया। जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने ततारपुर और कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित स्टेशन चौक पर फुटपाथ पर लगे 24 से अधिक दुकानों को जिला प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त कराया था। इससे करीब 40 से अधिक परिवार बेसहारा हुए थे। जिसे नाराज लोगों ने रविवार को आगजनी की। प्रदर्शन कर रहे शशि दास और अन्य लोगों का कहना है कि हम लोग फुटपाथ पर दुकान लगाकर दो वक्त की रोटी का उपाय करते थे। किसी का चोरी नहीं करते थे। ईमानदारी से कमा कर खाते-पीते थे, लेकिन जिला प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त करने के नाम पर हम लोगों की रोजी-रोटी को उखाड़ दिया। जिला प्रशासन हम लोगों को स्थाई दुकान के लिए जगह दे, ताकि हम लोगों का भरण-पोषण अच्छा से हो सके।

**2 घंटे तक मुख्य मार्ग बाधित रहा:** घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने की कोशिश की। प्रदर्शन के दौरान 2 घंटे तक ततारपुर से स्टेशन जाने वाला मुख्य मार्ग बाधित रहा। लोग रास्ते को बदलकर अब आगमन कर रहे हैं। मालूम हो कि स्टेशन चौक के करीब दुकान को फुटपाथ पर लगाया जाता था। जिससे स्टेशन पर हमेशा जाम की समस्या उत्पन्न होती थी। इसको लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में फुटपाथ पर लगाए गए दुकान को हटाया गया था, जिसके बाद संबंधित लोग आक्रोशित हो गए।

## राष्ट्रीय स्तर की खो-खो प्रतियोगिता के लिए पांच चयनित

**मुंगेर।** भागलपुर स्थित सैंडिस कंपाउंड में शनिवार को संपन्न राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में मुंगेर के उच्च माध्यमिक विद्यालय नौवागढ़ी की शिवानी कुमारी, स्वाति कुमारी, राखी कुमारी, मुस्कान कुमारी, अनुप्रिया का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। इन छात्राओं का चयन अंडर-17 प्रतियोगिता के लिए किया गया। अब विद्यालय के सभी 5 चयनित छात्राएं 21 से 26 दिसंबर के बीच उत्तर प्रदेश के मथुरा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर की खो-खो प्रतियोगिता में शामिल होंगी। इसके अलावा विद्यालय के एक छात्र प्रिंस कुमार का भी चयन राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शनिवार को विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक डा. कृष्ण मुरारी कुमार की अध्यक्षता में खेल शिक्षक मुकेश कुमार, कुंदन कुमार, राजेश कुमार, रंजन कुमार, संजीत कुमार व चंदन कुमार व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## CM के सामने तेजस्वी की घोषणा के मायने नहीं

## माई-बहिन सम्मान योजना वाले ऐलान पर बोले उपेंद्र कुशवाहा, कहा- अर्नगल बयान दे रहे

निज संवाददाता। भागलपुर



राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने रविवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर हमला बोला। तेजस्वी की 'माई-बहिन सम्मान योजना' वाले ऐलान पर कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए नीतीश कुमार ने जो किया है, उसके सामने तेजस्वी की घोषणा का कोई मायने नहीं बनता है। वहीं, तेजस्वी ने बीपीएससी अभ्यर्थियों को अपनी सरकार आने के बाद आने-जाने, रहने, खाने-पीने का व्यवस्था मुहैया कराने की बात कही थी। इस पर कुशवाहा ने कहा कि तेजस्वी को पता है कि वह सत्ता में नहीं आएंगे। इसलिए अर्नगल बयान दे रहे हैं। बीपीएससी के अभ्यर्थी के ऊपर बड़ी सहानुभूति जाता रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि उनके पिता लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में बीपीएससी बंद हो गया था। बिहार के लोगों को झांसा देकर सत्ता में आने का कोशिश कर रहे हैं लेकिन तेजस्वी सत्ता में आने वाले नहीं है।

**वन नेशन वन इलेक्शन का किया फेवर:** आगे उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव और वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर कहा कि अब देश का मूड वन नेशन वन इलेक्शन की तरफ जा रहा है। बिहार का मूड एक बार फिर 2025 में एनडीए की तरफ जा रहा है और मेरा भी मूड एनडीए की सरकार की तरफ ही है। बता दें कि बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कई राजनीतिक दलों के नेता बिहार यात्रा पर हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा भी इन दिनों सूबे के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस कड़ी में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा भागलपुर पहुंचे थे।

## दो दिवसीय डे नाइट प्रतियोगिता संपन्न, फाइनल मुकाबले में भागलपुर ने बेगूसराय को हराया

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड स्टेडियम में आयोजित एसएन पोद्दार स्मृति दो दिवसीय राज्यस्तरीय डे-नाइट प्रतियोगिता संपन्न हो गया। अंतिम दिन खेले गए फाइनल मुकाबले में भागलपुर की टीम बेगूसराय को पराजित कर चैंपियन बनी। भागलपुर ने पहले सेट में बेगूसराय को 25-19 और दूसरे सेट में 25-20 से पराजित किया। इससे पहले खेले गये पहले सेमीफाइनल मुकाबले में भागलपुर ए ने दीवाना क्लब भवनाथपुर को 25-19, 25-22 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई।

दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बेगूसराय ने छपरा को 25-18, 26-24 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। विजेता और उपविजेता टीम को बिहपुर विधायक ई शैलेंद्र, जिला खेल पदाधिकारी जय नारायण कुमार व विजय यादव ने ट्रॉफी प्रदान की. निर्णायक में अनिल, संदीप, विनय सिंह, प्रदीप, चंदन, निलेश, कुणाल भारती, राजा कुमार थे। आयोजन समिति के नील कमल राय ने बताया कि भागलपुर वॉलीबॉल संघ व आर्ट ऑफ गिविंग बिहार यूनिट के तत्वावधान में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. अंतिम दिन लीग के छह मैच खेला गया.

मौके पर जिला संघ के सचिव सचिव अजय राय, उपाध्यक्ष निखिल सिंह, सौरभ कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद थे. टूर्नामेंट के संयोजन में अनीश, रमाशंकर, विकास, शुभम, सत्यम अहम सहयोग रहा।

## भागलपुर महोत्सव के उद्घाटन में डिप्टी सीएम होंगे शामिल

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में पांच दिवसीय महोत्सव को लेकर सैंडिस कंपाउंड में सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। जिसमें 1500 से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। महोत्सव में सांस्कृतिक आयोजन, साहित्य गोष्ठी आदि से महफिल सजेगी। जिसके पहले दिन अल्ताफ रजा के गीतों से सांस्कृतिक संध्या का आगाज होगा। पांच दिवसीय भागलपुर महोत्सव का उद्घाटन सत्र 15 दिसंबर को करीब एक बजे के आसपास होगा। जो 19 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष रमन कर्ण ने बताया कि प्रथम दिन मंच पूजा के बाद गणेश वंदना, बिहार गौरव गान की प्रस्तुति होगी। उद्घाटन के दौरान राज्यपाल के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन, वर्तमान,सांसद, विधायक उपस्थित रहेंगे। सलाहकार जियाउर रहमान और सचिव सत्यनारायण प्रसाद में बताया कि सांस्कृतिक संध्या के बाद प्रथम दिन रंगारंग कार्यक्रम बॉलीवुड गायक अल्ताफ रजा की प्रस्तुति होगी।

संगठन सचिव आनंद श्रीवास्तव और प्रवक्ता रमन शाह ने बताया कि सांस्कृतिक समारोह में लोकगीत गायन, स्कूल स्तरीय ग्रुप डांस ,पेंटिंग, मंजूषा पेंटिंग, ग्रुप डांस, फिल्मी गीत गायन, क्लासिकल नृत्य प्रतियोगिता फैंसी ड्रेस एवं एकल नृत्य फिल्मी ग्रुप का आयोजन किया गया है।

महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम में कई प्रतिभागी भाग लेंगे। दूसरे दिन सांस्कृतिक संध्या पर राष्ट्रीय कवयित्री सम्मेलन होगा। स्वागताध्यक्ष राजीव कांत मिश्रा होंगे।

# मुर्गी फार्म में लगी आग, सैकड़ों मुर्गा-मुर्गी जले, आगजनी में लाखों रुपए का नुकसान

निज संवाददाता। भागलपुर

### 35 बकरी, मोबाइल और बाइकें भी जली



भागलपुर में आम के बागान, पशु शेड में रविवार को अचानक आग लग गई। हादसे में शेड सहित उसमें मौजूद करीब 500 देसी मुर्गी-मुर्गा, 35 बकरी, मोबाइल, पशु का चारा, अनाज और हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल जलकर राख हो गए। हादसा पीरपैंती थाना क्षेत्र की पीरपैंती पंचायत अंतर्गत तेरासी बहियार और दानापुर पहाड़ के सामने स्थित अब्दुल मन्नान के शेड में हुआ है। घटना की सूचना मो. सद्दाम ने समाजसेवी मो. साजिद उर्फ लाल को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे समाजसेवी ने इसकी जानकारी पीरपैंती थाना की पुलिस को दी। इधर, घटनास्थल पर पीरपैंती सहायक थानाध्यक्ष राहुल कुमार अपने दलबल के साथ पहुंचे। पीरपैंती थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आग लगने के कारण को जानने के लिए एफएसएल की टीम बुलाई और साक्ष्यों को एकत्रित किए। घटना स्थल के समय मौजूद मो. सद्दाम ने बताया कि शनिवार की रात मुर्गा-मुर्गी को दाना डालकर लाइट बंद कर 11 बजे सोया था। अचानक आग की गर्मी से नींद खुली तो देखा कि चारों ओर काफी तेजी से आग फैली हुई थी। किसी प्रकार शेड में उपस्थित गाय की रस्सी काटी और उसको सुरक्षित वापस निकाला, लेकिन शेड की बकरी, मुर्गी-मुर्गा और मोबाइल तक को निकाल नहीं सका।

**गाय खोलने गया तो झुलसा शख्स:** गाय को खोलने के दौरान मेरे शरीर पर घाव हो गए हैं। करीब चार माह पहले ही शेड बनाकर रह रहा था। शेड में गाय को छोड़ सारा चारा भी जलकर राख हो गया। काफी प्रयास किया कि इन सब को बाहर कर लूं लेकिन आग इतनी थी कि मैं कुछ नहीं कर पाया। पीड़ित अब्दुल मन्नान ने पीरपैंती थाना में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। पीड़ित ने आवेदन में कहा कि किसी के द्वारा आग लगाया गया है। ऐसे आग नहीं लग सकती है। वहीं, अब तक किस कारण से आग लगी, इसका पुष्टि नहीं हो पाई है। पीरपैंती थाना की पुलिस अलग-अलग तरीके से मामलों की छानबीन कर रही है।

# नवजात की मौत मामले में 2 लाख का जुर्माना मां दुर्गा क्लिनिक में हुई थी मासूम की मौत

## प्रसूता की मौत के मामले में पहले लग चुका है 50 हजार का फाइन

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में अवैध रूप से संचालित हो रहे मां दुर्गा पॉली क्लिनिक के संचालक जैकी पर दो लाख का जुर्माना लगाया गया है। इससे संबंधित निर्देश जारी किया गया है। अवैध रूप से संचालित क्लिनिक के बाहर साइन बोर्ड पर डॉक्टर प्रीति का नाम लिखा है। इससे पहले ये अस्पताल भीखनपुर में था। जब क्लिनिक भीखनपुर में था, तब यहां एक प्रसूता की मौत हुई थी। इस मामले में भी क्लिनिक पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया था, जिसे अब तक नहीं भरा गया है। जानकारी के मुताबिक, प्रसूता की मौत के बाद क्लिनिक को भीखनपुर से हटाकर मुंडीचक ले आया गया। अब दोनों क्लिनिक में हुई दोनों घटनाओं के बाद संचालक को ढाई लाख रुपए की जुर्माना देना होगा। पिछले मंगलवार को सुल्तानगंज से आई एक प्रसूता के नवजात की क्लिनिक में तबीयत बिगड़ गई थी। दावा किया जाता है कि जब नवजात को एडमिट कराया गया, उस वक्त क्लिनिक में कोई भी डॉक्टर नहीं था।

समय पर बच्चे का इलाज नहीं हो पाने के कारण उसकी हालत गंभीर हो गई थी और उसे क्लिनिक में मौजूद कंपाउंडर ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया था। परिजन ने दावा किया था कि जब नवजात को हम लोग सदर अस्पताल लेकर आए थे, तब यहां के डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद परिजन ने क्लिनिक पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया था।

जानकारी के बाद सदर अस्पताल के प्रभारी राजू अपनी टीम के साथ क्लिनिक पहुंचे थे। उन्होंने यहां एडमिट प्रसूताओं को सदर अस्पताल में इलाज करने की सलाह दी। मृत नवजात के परिजन ने सदर अस्पताल के प्रभारी राजू को बताया था कि प्रसूता को हम लोग डिलीवरी के लिए सदर अस्पताल ही लेकर आए थे, लेकिन बिचौलियों ने बहला फुसलाकर उसे क्लिनिक में एडमिट करा दिया था और यहीं डिलीवरी कराई गई थी।

## 2 पैक्स में धान की नहीं हो रही खरीद किसान औने-पौने भाव में बेच रहे हैं

निज संवाददाता। टेटिया बंबर

प्रखंड क्षेत्र में कृषि साख सहयोग समिति के माध्यम से किसानों से धान खरीद कछुए की चाल से चल रही है। जिससे किसान परेशान हैं। किसान अपनी अच्छी उपज वाली धान को भी बिचौलियों के माध्यम से कम कीमत में बेचने को मजबूर हैं। कई किसानों ने बताया कि सरकार के द्वारा पैक्स के माध्यम से धान खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लेकिन बनहरा और लश्करा छाता पैक्स में धान की खरीद शुरू नहीं हुई है। पैक्स के द्वारा अब तक धान की खरीद प्रारंभ नहीं की गई है। जिससे हमलोग 1900 से 2000 रुपये प्रति क्विंटल धान बिचौलियों को बेच रहे हैं। हमलोगों को 300 से 400 रुपये प्रति क्विंटल का घाटा हो रहा है। हम लोगों का धान तैयार हो गया है। खेतों में गेहूं चना आदि की बुआई की जा रही है। पैसे की अभी सख्त आवश्यकता है। लेकिन पैक्स के द्वारा धान की खरीद नहीं की जा रही एवं समय पर खरीद की गई धान की कीमत नहीं दी जाती है। किसान बिचौलियों के हाथ ही धान बेचने पर मजबूर हैं।

बिचौलियों के द्वारा तुरंत पैसा दे दिया जाता है। किसान निरंजन सिंह, पप्पू राय, प्रकाश मंडल, बंटी कुमार, रामावतार प्रसाद सिंह, भरत मंडल, रामशरण राय, अंजनी प्रसाद सिंह ने बताया कि हम लोग धौरी पैक्स के अंतर्गत आते हैं। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी भोला राम ने बताया कि अभी पांच प्रखंडों में पैक्स का चुनाव हुआ है। जिसमें लश्कर छाता पैक्स में नए अध्यक्ष चुने गए हैं। उनका खाता संचालन होना है एवं अन्य कई कारणों से अभी धान की खरीद लक्ष्य के अनुसार नहीं हो रही है। लेकिन 15 नवंबर से 15 फरवरी तक लक्ष्य निर्धारित है। हमलोग अपने लक्ष्य को पूरा कर लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### खनन माफिया की सूचना देने पर 10000 का पुरस्कार



**पटना, एजेंसी।** यदि कोई व्यक्ति खनन माफिया की सूचना देकर ट्रक की जब्ती कराता है तो उसे 10000 का तथा ट्रैक्टर की जब्ती कराने पर 5000 रुपए का बिहार योद्धा का पुरस्कार दिया जाएगा। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार की देर शाम सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान यह बात कही। उपमुख्यमंत्री ने सड़क एवं खनन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इसके उपरांत प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में इंस्पेक्टर राज नहीं चलने दिया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति अपनी ही जमीन से मिट्टी खोदकर खुद उपयोग करता है तो उसमें कोई टैक्स नहीं लगेगा। लेकिन यदि वह व्यावसायिक उपयोग करता है तो टैक्स देना पड़ेगा। यदि कोई अधिकारी उन्हें तंग करता है तो वे 9472238821 नंबर पर फोन कर सूचना दे सकते हैं। उन्होंने खनन को लेकर सूचना देने के लिए मोबाइल नंबर 9473191437 एवं 9122414564 जारी किया। विजय सिन्हा ने कहा कि सरकार किसी भी परिस्थिति में जनता को तंग करने की अनुमति अधिकारी को नहीं देती है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव जंगल राज के युवराज हैं, उन्हें जब सत्ता मिली थी तब वे कहां थे। जो भी नौकरी देने की वे बात करते हैं वह सब एनडीए सरकार द्वारा बनाए गए मापदंड के आधार पर दी गई है। बीपीएससी परीक्षा के दौरान पटना डीएम द्वारा छात्र को थप्पड़ मारे जाने के प्रश्न पर कहा कि राजद प्रतिभाशाली युवाओं को बरगलाकर माहौल खराब करना चाहता है। पटना के डीएम ने अपनी सफाई दे दी है। फोरलेन पर जाम के मामले में उन्होंने कहा कि ट्रैफिक डीएसपी को बुलाकर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है।

### टिकारी : 32 करोड़ की लागत से 39 किलोमीटर सड़क का होगा नवीकरण



**गया, एजेंसी।** टिकारी विधानसभा की तीन महत्वपूर्ण सड़कों का कायाकल्प होगा। वर्षों पहले बनायी गई सड़कों की सतह जगह-जगह खराब हो गई है। अब सड़कों के सतहों का नवीकरण होगा। आरसीडी सभी सड़कों का निर्माण करायेगी। टिकारी को पटना से जोड़ने वाली स्टेट हाईवे- 69 के पंचानपुर से संडा तक बनी सड़क में संडा और कमालपुर में ड्रेनेज सिस्टम नहीं है। इन दोनों गांवों के पास हाइवे पर नाले का पानी बहता है। दोनों गांवों में ड्रेनेज सिस्टम स्थापित किया जाएगा। जबकि संडा से पंचानपुर तक 19.22 किलोमीटर सड़क की सतह का नवीकरण होगा। इससे टिकारी से पटना जाने-आने वाले लोगों को सहुलियत होगी। इसी तरह मऊ - कुरकुट बिगहा - उसास देवरा से ओर बाजार तक बनी सड़क की सतह का नवीकरण की योजना है। 8.20 किलोमीटर लंबी सड़क की सतह के नवीकरण पर 9 करोड़ 85 लाख रुपये खर्च होंगे। ददरेजी - आंती - रफीगंज सड़क का भी नवीकरण होगा। करीब 11 किलोमीटर लंबी सड़क की सतह नवीकरण पर करीब दस करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। क्षेत्रीय विधायक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि इन तीनों सड़कों के नवीकरण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। बाकी सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी करते हुए जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन तीनों सड़कों के नवीकरण के बाद बड़ी आबादी को लाभ मिलेगा। इन सड़कों से रोजाना कई जिलों के हजारों लोग सफर करते हैं। विधायक ने कहा कि आने वाले समय में टिकारी की कई और महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण होना है। सड़कों की सूची विभिन्न विभागों में भेजी गई है।

# डबल एडमिशन से सरकार को 200 करोड़ का नुकसान

# 3.50 लाख छात्रों का प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन

## सरकारी स्कूलों की योजनाओं की ले रहे सुविधा



**पटना, एजेंसी।** बिहार में 3.50 लाख ऐसे छात्र हैं, जिनका एडमिशन तो प्राइवेट स्कूल में हुआ है, लेकिन वे सरकारी स्कूल के बच्चों को दी जाने वाली योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। इन योजनाओं में स्कॉलरशिप, ड्रेस, बैग और साइकिल योजना शामिल हैं। ऐसे में डबल एडमिशन की वजह से हर साल सरकार को 200 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। डबल एडमिशन की वजह से शिक्षा विभाग को शिक्षक और छात्र के औसत के मुताबिक, नियुक्ति, स्कूलों की संख्या, भवन के निर्माण, मिड-डे-मील, ड्रेस, स्कॉलरशिप, क्लास में पढ़ाई सहित अन्य व्यवस्था के मैनेजमेंट में दिक्कत हो रही है। साथ ही बिहार में औसत साक्षर दर निकालने में परेशानी होती है। डबल एडमिशन की जानकारी छात्रों के आधार कार्ड को ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड के दौरान मिली। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने निर्देश दे रखा है कि स्कूली बच्चों का आधार सीडिंग करवाया जाए। प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में आधार सीडिंग को कंपलसरी किया गया है। आधार सीडिंग के बाद हर जिलों से आंकड़े सामने आ रहे हैं। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने निर्देश दे रखा है कि स्कूली बच्चों का आधार सीडिंग करवाया जाए। प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में आधार सीडिंग को कंपलसरी किया गया है। आधार सीडिंग के बाद हर जिलों से आंकड़े सामने आ रहे हैं।

**मिड डे मिल में भी हेराफेरी, हर साल 64 करोड़ का नुकसान :** दोहरे नामांकन की वजह से क्लास में छात्रों की उपस्थिति भी कम रहती है। जिससे शिक्षक पढ़ाई में रुचि नहीं लेते। बिहार बोर्ड से मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को दस-दस हजार रुपए की स्कॉलरशिप दी जाती है। इंटर पास छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत 25-25 हजार रुपए की स्कॉलरशिप मिलती है। साइकिल और पोशाक योजनाएं भी हैं। इन सभी योजनाओं का पैसा छ्क्क्ष के जरिए सीधे बच्चों के अकाउंट में भेजा जाता है।

### सबसे अधिक मधुबनी में 19,200 नामांकन

राज्य में डबल एडमिशन सबसे अधिक मधुबनी में 19200 हैं। जबकि, सबसे कम ऐसे नामांकन शेखपुरा में 2006 हैं। पटना में 9202 छात्रों का नामांकन हुआ है। इन छात्रों को डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने वाले लाभ से वंचित किया गया है।

### आधार अपडेट के लिए निर्देश

डबल एडमिशन को देखते हुए शिक्षा विभाग सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के मैनेजमेंट को छात्रों के आधार कार्ड ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपडेट करने को कहा है। जिससे छात्रों के नामांकन के बारे में जानकारी मिल सके। फिलहाल अभी तक 80 लाख से अधिक छात्रों के आधार कार्ड अपडेट हो चुका है।

डबल एडमिशन की वजह से मिड-डे-मील में भी हेराफेरी हो रही है। इसकी जानकारी स्थानीय शिक्षा के अधिकारियों को भी है। जानकारी के मुताबिक, सरकारी स्कूल में नामांकन और उपस्थित छात्रों के हिसाब से मिड-डे-मील में अनाज देने के साथ ही गैस, सब्जी, नमक, तेल सहित अन्य खरीद के लिए पैसा मिलता है। 1 से 5वीं कक्षा तक के प्रति छात्र 5.45 रुपए, 6 से 8वीं कक्षा के लिए प्रति छात्र 8.17 रुपए तय है। ऐसे में 3.50 लाख छात्रों के मिड-डे-मील में ही लगभग 64 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष हेराफेरी की संभावना है।

## जर्मनी की कंपनी सिखाएगी सुरक्षित व बेहतर सफाई के गुर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जर्मनी सरकार की कंपनी 'जीआईजेड निगम के सफाई कर्मियों को सुरक्षित व बेहतर सफाई के गुर सिखाएगी। इसको लेकर निगम ने जर्मन कंपनी के साथ करार किया है। दो दिवसीय ट्रायल सफल होने के बाद आने वाले दिनों में करीब एक हजार कर्मियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इनमें सफाई कर्मी, चालक से लेकर वार्ड जमादार व अन्य कर्मी शामिल होंगे। इससे पूर्व केंद्र सरकार की योजना के तहत जर्मन कंपनी ने पटना नगर निगम के सफाईकर्मियों को ट्रेनिंग दी थी। हालांकि राज्य में पहली बार किसी नगर निगम के स्तर से पहल की गई है। दरअसल, पिछले दिनों गोवा में देश के चुनिंदा नगर निगमों की बैठक में शामिल होने गए नगर आयुक्त विक्रम विरकर ने सफाई व कचरा प्रबंधन से जुड़े स्टॉर्टअप का निरीक्षण किया था। जीआईजेड के कार्यों को परखने के बाद उन्होंने कंपनी के नेशनल हेड से बात कर सफाईकर्मियों की ट्रेनिंग के लिए तैयार किया था।

### लाइव प्रदर्शन के जरिए दी जाती है ट्रेनिंग

ट्रेनिंग में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, स्रोत पर ही कचरे का वर्गीकरण, कचरा संग्रहण के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता व सुरक्षा के साथ सफाई में उपयोग किए जाने वाले सुरक्षा उपकरणों से अवगत कराने के साथ सूखे, गीले, सेनेटरी व खतरनाक कूड़े को अलग करने के गुर सिखाए जाते हैं। लाइव प्रदर्शन के जरिए सफाई उपकरण मास्क, दस्ताना, सुरक्षा बूट, गैस मास्क, हेलमेट, सुरक्षा रस्सी आदि के उपयोग से जुड़ी ट्रेनिंग दी जाती है।

### निगम के सभी अंचलों को दी गई 7-7 स्पेशल सफाई किट

निगम के सभी 10 अंचलों में 7-7 स्पेशल सफाई किट उपलब्ध करा दी गई है। इसमें विशेष किस्म के जूते, दस्ताने, रस्सी, हेलमेट व अन्य संसाधन हैं। इससे सुरक्षित तरीके से सफाई या कचरा प्रबंधन आसानी से किया जा सकेगा। नगर आयुक्त विक्रम विरकर का कहना है कि जर्मनी सरकार की कंपनी जीआईजेड से सफाई से जुड़े कर्मियों को ट्रेनिंग दिलवाई जाएगी। इसको लेकर गोवा में कंपनी से बात हो चुकी है। अंचल स्तर पर विशेष सफाई किट उपलब्ध कराते हुए उनके नियमित इस्तेमाल की हिदायत दी गई है।

## कार्यकारी डीजीपी का पद छोड़ने के बाद गिनाई उपलब्धियां

**पटना, एजेंसी।** इसी साल अगस्त में आलोक राज कार्यकारी डीजीपी बने थे। उनका तबादला बिहार पुलिस भवन निर्माण भवन निगम में बतौर डीजी कर दिया गया है। कार्यकारी डीजीपी का पद छोड़ने से पहले उन्होंने पुलिस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उनके साथ एडीजी मुख्यालय कुंदन कृष्णन भी रहे। आलोक राज से जब पूछा किया कि आपने 105 दिनों में कई काम किए। फिर भी इतना कम मौका क्यों दिया गया? उसपर उन्होंने कहा-यह सरकार जाने। नो कमेंट। क्या आपको इसका कोई मलाल है? उसपर आलोक राज ने कहा कि मुझे कोई मलाल नहीं है। सरकार के अलावा सभी डीजी, एडीजी, आईजी, डीआईजी, एसएसपी, एसपी और पुलिसकर्मियों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने पूरा सहयोग किया। इसी तरह नए डीजीपी को भी सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नए डीजपी विनय कुमार के साथ साइंस कॉलेज में पढ़े हैं। सारण तिहरे हत्याकांड में आलोक राज ने कहा कि नए कानून लागू होने के बाद सारण में तीन लोगों की हत्या हुई थी। सारण पुलिस ने इस केस में बहुत बेहतर काम किया। स्पीडी ट्रायल कराया गया। एफएसएल की बेहतर जांच हुई। इसका नतीजा हुआ कि 50 दिन में ही तीनों आरोपियों को सजा हुई। नए कानून के बाद देश का पहला केस बना जिसमें सबसे कम समय में सजा दिलाई गई।

## बोरिंग रोड में सड़क से गलियों तक स्ट्रीट लाइट खराब, पसरा अंधेरा



**पटना, एजेंसी।** शहर के बोरिंग रोड इलाके में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो गई है। बोरिंग कैनाल रोड में पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास तक स्ट्रीट लाइट बंद है। इसी तरह बोरिंग रोड, चिल्ड्रन पार्क से मोहनी चौराह, बसावन पार्क, एसके पुरी के विभिन्न गलियों, पानी टंकी से पाटलिपुत्र होते पॉलिटेक्निक मोड़, पाटलिपुत्र-न्यू पाटलिपुत्र इलाके के विभिन्न गलियों ने स्ट्रीट लाइट बंद है। इसका फायदा अपराधी उठा रहे हैं। इन इलाके में रहने वाली महिलाएं शाम ढलने के बाद अकेले घर से निकलने से बच रही हैं। बोरिंग कैनाल रोड के दुकानदार मनोज कुमार ने कहा कि शिकायत के बावजूद स्ट्रीट लाइट नहीं बना। ईईएसएल के हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत करने के समय 72 घंटे में बन जाने की बात कही जाती है। लेकिन, कार्रवाई नहीं होती है।

**मीठापुर से सब्जीमंडी जाने वाले फ्लाई ओवर पर अंधेरा :** मीठापुर से सब्जीमंडी जाने वाले फ्लाई ओवर पर अंधेरा है। इसी तरह करबिगहिया से मीठापुर होते बाइपास जाने वाले मार्ग पर स्ट्रीट लाइट बंद है। विधानसभा से आर ब्लॉक की ओर जाने वाले कर्पूरी ठाकुर फ्लाई ओवर भी अंधेरा में डूबा रहता है। कदम कुआं इलाके बुद्ध मार्ग के आसपास पास स्ट्रीट लाइट बंद है।

**2021 में 85000 लाइट लगाई गई थी :** पटना नगर निगम क्षेत्र में पहले पीला हैलोजन वाला स्ट्रीट लाइट था। इसमें अधिक बिजली की खपत होती थी। मेंटेनेंस नहीं होने के कारण शहर में अंधेरा था। वर्ष 2021 में एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) ने पटना नगर निगम के साथ स्ट्रीट लाइट लगाने का करार किया। ईईएसएल ने शहर में 85,000 से अधिक लाइटें लगाई। इसका सात साल तक ईईएसएल को मेंटेनेंस करना था। इस एलईडी स्ट्रीट लाइट पर बिजली की खपत कम होने से बिल की राशि में बचत होती है। इसकी हिस्सेदारी ईईएसएल को मिलनी थी। यही राशि नगर निगम के पास 25 करोड़ रुपए ईईएसएल का बकाया है।

**30 से 35 प्रतिशत लाइट खराब :** नगर निगम के मुख्य सड़कों और गलियों में ईईएसएल के द्वारा लगाया जाने वाली 30 से 35 प्रतिशत स्ट्रीट लाइट खराब है। शहर के फ्लाई ओवर पर पुल निर्माण निगम और अटल पथ, पाटली पथ पर बीएसआरडीसी द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। इन सड़कों और फ्लाई ओवरों पर भी दोनों विभाग के मॉनिटरिंग के अभाव में स्ट्रीट लाइट बंद है।

## सीवान में डबल मर्डर, पिस्टल लेकर घर में घुसे थे : महिलाओं के चिल्लाने पर जुटी भीड़, लाठी, रॉड से पीट-पीटकर मार डाला

### हथियार दिखाकर पैसे मांगने लगे



**सीवान, एजेंसी।** सीवान में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। दोनों का शव एक घर के पहले तल्ले पर मिला है। आरोप है कि दोनों हथियार लेकर घर में घुस गए और पैसों की डिमांड करने लगे। जिसके बाद लोगों ने दोनों पर लाठी और रॉड से हमला कर दिया। मामला सराय थाना क्षेत्र के मखदूम सराय मोहल्ले का है। डबल मर्डर से इलाके में सनसनी है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही सराय थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, नगर थाना अध्यक्ष राजू कुमार और एसडीपीओ अजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया। मृतकों की पहचान मुजफ्फरपुर के बेला थाना क्षेत्र के क्लामुद्दीन बेटे मो. सैयद अली और सराय थाना क्षेत्र के पुरानी किला पोखरा निवासी निजामुद्दीन बेटे फकीरा के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्तौल भी बरामद की है। बताया जा रहा है कि सैयद अली अपने ननिहाल में रहता था।

### महिलाओं के शोर मचाने पर भीड़ ने पकड़कर पीटा

मखदूम सराय लहेरा टोली में अनवर अली के घर सैयद और फकीरा घुसे थे। दोनों लूटपाट के इरादे से पिस्टल के साथ आए थे। जिसके बाद दोनों घर में मौजूद लोगों को डरा धमका कर पैसा मांगने लगे। जिसके बाद घर में मौजूद महिलाओं ने डर के कारण शोर मचाने लगी, जिससे मोहल्ले के लोग वहां इकट्ठा हो गए। आरोपियों ने लोगों को घर से बाहर जाने के लिए धमकाया, जिससे गुस्साए लोगों ने उनकी पिटाई शुरू कर दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल को संरक्षित कर एफएसएल टीम से जांच कराई जा रही है।

### दो लोगों से पूछताछ जारी

एसडीपीओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। पुलिस ने मामले में अब तक दो लोगों को न्यायिक हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है।

## राजद नेता बोले- 'माई-बहिन मान योजना' चलाएंगे : सरकार बनी तो हर महिला को 2500 माह : तेजस्वी



**पटना, एजेंसी।** राज्य में तय समय पर विधानसभा चुनाव होने में 10 महीने बाकी हैं और चुनावी घोषणाएं चालू हो गई हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को माई-बहिन मान योजना चलाने की घोषणा करके हुए कहा कि मेरी सरकार बनी तो इस योजना से हर महिला को प्रति माह 2500 रुपए देंगे। सरकार बनने के एक महीने के भीतर योजना लागू होगी। तेजस्वी राज्य में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम कर रहे हैं और अब तक 3 बड़ी चुनावी घोषणाएं कर चुके हैं। राज्य के सभी लोगों को 200 यूनिट बिजली फ्री, सामाजिक सुरक्षा और वृद्धावस्था पेंशन 400 से बढ़ाकर 1500 करने का वादा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आशीर्वाद जहां है, सुख-समृद्धि का वास वहीं है। इसी मंत्र पर चलते हुए बिहार की हर महिला को हम सक्षम बनाना चाहते हैं। जो बहनें अपने मन का खा नहीं पाती, अपने मन का खरीद नहीं पातीं, उन मां-बहिनों के लिए ये योजना समर्पित होगी। बढ़ती और व्यापक महंगाई के चलते घर-परिवारों को राहत की दरकार है। महिलाओं को 2500 रुपए मिलेंगे तो नए बिहार के साथ ÷समृद्ध महिला, सुखी परिवार÷ का सपना सच होगा। महिलाओं को नकद पैसा मिलेगा तो वे अपने परिवार की भलाई में अधिक पैसा निवेश करेंगी। पूरे परिवार के लिए पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य सेवा और बच्चों की शिक्षा मे उन पैसों को लगाएंगी। छोटे व्यवसाय शुरू करने या कौशल प्रशिक्षण में निवेश करेंगी। उन्होंने कहा कि 17 महीने के पिछले कार्यकाल में मैंने अपना वादा पूरा किया था।

### पीरपैंती में ट्रैक्टर से कुचलकर सात वर्षीय बालक की मौत

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रखंड के बाखरपुर दियारा के नरकटिया जोला मठिया की कच्ची सड़क पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सात वर्षीय बालक आशीष कुमार पिता बनवारी रजक को कुचल दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और आसपास बहियार में काम कर रहे लोग दौड़े। इधर घटना की सूचना मिलते ही बाखरपुर थाना से अवर निरीक्षक रमेश चौधरी भी पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

## हवा-हवाई दावे-वादे करना तेजस्वी का काम : विजय



**पटना, एजेंसी।** उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि वादे का पिटारा लेकर 'ट्विटर ब्वाय' तेजस्वी यादव ने जनता को दर्शन दिया है। उन्होंने बिहार की महिलाओं से वादा किया है कि उनकी सरकार बनी तो 2500 रुपए महीना देंगे। लेकिन जब उनसे पूछा गया कि किन महिलाओं को देंगे, उसका आधार क्या होगा तो कुछ बोल नहीं पाए। क्योंकि उनको अच्छे से पता है कि वे हवाई संस्कृति वाले शहजादे हैं। केवल हवा-हवाई दावे और वादे करना उनका काम है। जिसका कोई तार्किक और व्यवहारिक आधार नहीं होता। इनके लिए राजनीति 'एंटरटेनमेंट' है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी भूल गए हैं, पर बिहार के लोग नहीं भूले हैं कि इनका पूरा परिवार महिलाओं के बारे में कैसी सोच रखता है। अभी हाल में इनके पिताजी के एक बयान में भी उसकी झलक लोगों ने देखी। वास्तविकता यह है कि हमारी एनडीए सरकार ने महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सामाजिक स्थिति को बहुमुखी तरीके से सुधारने का प्रयास किया। उन्हीं प्रयासों के कारण महिलाएं आज शिक्षा और रोजगार में राज्य में एक-तिहाई से अधिक का योगदान दे रही हैं। पंचायती राज व्यवस्था में आज उनकी भागीदारी 50 प्रतिशत से भी अधिक हो चली है।

# 2025 में सांसदी छोड़ विधायकी लड़ेंगे चिराग पासवान? बोले- मैं तैयार, पार्टी को लेना है फैसला



**पटना, एजेंसी।** लोजपा (आर) के अध्यक्ष और हाजीपुर से सांसद चिराग पासवान के एक बयान से नई सियासी चर्चा का को हवा मिल गई है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि मेरे लिए सांसद बनने से ज्यादा महत्वपूर्ण एक विधायक की भूमिका होगी। ये फैसला आने वाले दिनों में पार्टी को ही लेना है, लेकिन मैं पूरी तरह तैयार हूं। मेरा मेरा राजनीति में आने का कारण ही बिहार और बिहारी रहे हैं। ऐसे में कयास लगने लगे हैं कि क्या 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में चिराग विधायकी का चुनाव लड़ेंगे। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान लोजपा (आर) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि यह इच्छा मैंने जरूर जाहिर की है, कि मेरा राजनीति में आने का कारण ही बिहार और बिहारी रहे हैं। मैंने जाहिर किया है कि सांसद बनने से ज्यादा महत्वपूर्ण मेरे लिए एक विधायक की भूमिका होगी, जहां राज्य में रहकर बिहार के लिए ज्यादा काम कर सकूं। बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट की सोच को धरातल पर उतार सकूं। ये फैसला आने वाले दिनों में पार्टी को ही लेना है। लेकिन मैं पूरी तरह तैयार हूं। आपको बता दें इससे पहले भी चिराग कह चुके हैं कि उन्हें केंद्र से ज्यादा उन्हें बिहार की राजनीति में दिलचस्पी है। राजनीति में आने का उनका मुख्य एजेंडा ही बिहार रहा है। ये बात शुरू से क्लियर रखा है। पिता रामविलास पासवान केंद्र की राजनीति पर ज्यादा फोकस करते थे। लेकिन अपने आप को राज्य की राजनीति में ज्यादा देखता हूं। 2025 में नहीं तो 2030 में आप जरूर मुझे विधायक के तौर पर देखेंगे। एक बार फिर से चिराग अपने ही बयान को दोहराया है। जिसके बाद से उनके 2025 में विधायकी का चुनाव लड़ने की अटकलें तेज हो गई हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# रांची की हवा तीन सिगरेट के बराबर जहरीली, 300 के करीब पहुंचा आंकड़ा, लोगों को खासी सावधानी बरतने की जरूरत

**रांची, एजेंसी।** झारखंड एक तरफ शीतलहर की चपेट में है। वहीं दूसरी तरफ झारखंड के कई शहरों की वायु गुणवत्ता बेहद खराब स्तर पर पहुंच गई है। अगर रांची की बात करें तो यहां की भी हवा में जहर घुलने लगा है। रांची में एक्यूआई 300 के करीब पहुंच गया है। वहीं झारखंड के बड़े शहरों जमशेदपुर और धनबाद में भी एक्यूआई 200 के पार पहुंच चुका है। ऐसे में बाहर निकल रहे लोगों को खासी सावधानी बरतने की जरूरत है। बरकेले अर्थ के मुताबिक रांची में एक व्यक्ति हर रोज 3 सिगरेट पीने जितना धुआं अपने फेफड़ों में भर रहा है।

रांची में सुबह ठीक से धूप भी नहीं निकली थी कि 9 बजते ही एक्यूआई उछल कर 150 के पार पहुंच गया। वहीं पिछले 24 घंटे में एक्यूआई का आंकड़ा 178 रहा। जमशेदपुर में प्रदूषण का स्तर सबसे ऊपर रहा। यहां एक्यूआई का आंकड़ा 190 और धनबाद में 167 दर्ज किया गया। क्वालिटी इंडेक्स के मुताबिक आज रांची में एक्यूआई 280, धनबाद में 238 और जमशेदपुर में 228 रहने की आशंका है। इस दौरान लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। ऐसे में लोगों को बाहर निकलते वक्त मास्क लगाकर निकलना चाहिए।

मौसम विभाग के मुताबिक एक्यूआई अगर 0 से 50 के बीच रहे तो इसे बेहद अच्छा माना जाता है। तो वहीं 51 से 100 तक मॉडरेट की श्रेणी में रखा जाता है। 100 से 200 के बीच खराब 201 से 300 तक अनहेल्दी माना जाता है।



खराब हवा की गुणवत्ता के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। ऐसे में जब भी बाहर निकले तब मास्क लगा कर बाहर निकले। घर के दरवाजे और खिड़कियां को हमेशा बंद रखने का प्रयास करें। घर के अंदर छोटे पेड़ या पौधे लगाने से कुछ राहत मिलेगी। वहीं एयर प्यूरीफायर लगाने से भी आपको हवा साफ करने में मदद मिलेगी।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) की धनबाद शाखा ने 'कॉर्पोरेट संस्कृति और वित्तीय नेतृत्व' विषय पर सीएफओ मीट और सेमिनार का आयोजन किया। अध्यक्षता शाखा के चेयरमैन सीए राहुल सुरेका और कोषाध्यक्ष सीए नंद किशोर तुलस्यान ने संयुक्त रूप से की। मुख्य वक्ता मैथन पावर लिमिटेड के सीएफओ, सीए काजल कुमार सिंह थे। उन्होंने कॉर्पोरेट संस्कृति और वित्तीय नेतृत्व पर अपने विचार साझा किये। उन्होंने बताया कि कैसे एक चार्टर्ड अकाउंटेंट सीएफओ बनने तक का सफर तय कर सकता है। उन्होंने एआइ पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में कुल 52 सदस्य और छात्र उपस्थित हुए।

बीसीसीएल कार्मिक विभाग के चार अधिकारियों का तबादला हुआ है। सभी बीसीसीएल के सिजुआ एरिया में पदस्थापित थे। प्रमोद कुमार को सेंद्रा बांसजोड़ा से लोयाबाद के वासुदेवपुर कोलियरी, निलेश जोशी को वासुदेवपुर से सेंद्रा बांसजोड़ा कोलियरी, तारा सिंह को मुदीडीह कोलियरी से प्रशासनिक विभाग सिजुआ एरिया, मुकेश कुमार को प्रशासनिक विभाग से मुदुडीह स्थानांतरित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतमाला परियोजना में पहुंचे दो अपराधी, चली गोली, गिरफ्तार

**रामगढ़, एजेंसी।** रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र में चल रहे भारत मालापरियोजना में गोलीबारी करने पहुंचे दो अपराधियों को पुलिस ने दबोच लिया है। इस दौरान मिस हैंडलिंग में एक अपराधी के पैर में गोली लग गयी है। इससे वह घायल हो गया है। घायल का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस एक अन्य अपराधी से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम राहुल सिंह गिरोह के दो अपराधी गोला थाना अंतर्गत चल रहे भारतमाला प्रोजेक्ट से रंगदारी को लेकर गोलीबारी करने पहुंचे। इस दौरान एक अपराधी को मिस हैंडलिंग के कारण बाये पैर में गोली लग गई। इससे वह घायल हो गया, जिसके बाद एक अन्य अपराधी के साथ पुलिस ने घायल अपराधी को पकड़ लिया। जबकि दो अपराधी भागने में सफल रहा। घायल अपराधी का पहचान सुरेंद्र गंझू (22 ) के रूप में हुई है। जबकि एक अन्य गिरफ्तार की पहचान सोमनाथ गंझू (20) के रूप में की गई है। दोनों लातेहार जिले के बरियातू के रहने वाले है।

### सरकार ने मजबूत इच्छाशक्ति को प्रकट किया है: प्रदीप यादव

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता जाहिर की। उन्होंने कहा अभिभाषण में सरकार की सोच और संकल्पों को प्रदर्शित किया गया है। सरकार के कमिटमेंट को दर्शाता है। सरकार ने यह कहने का प्रयास किया है कि हम गरीबों के लिए हैं। सरकार ने समझा है कि नर की सेवा ही नारायण की सेवा है। सबको साथ लेकर चलने का संकल्प है। सरकार सबका साथ सबका विकास करना चाहती है। प्रदीप यादव ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे घटकर 24 पर चले गए। हमारे संकल्पों पर जनता ने मुहर लगायी है। जुमलों पर जनता ने विश्वास नहीं दिखाया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दंगा-फसाद कराने का प्रयास किया गया। घुसपैठ को देखने की जिम्मेदारी केन्द्रीय गृह मंत्री की है। ये घुसपैठ के नाम पर दंगा कराना चाहते हैं। प्रदीप यादव ने जाति जणगणना की वकालत की।

### कारो प्रोजेक्ट में फॉरेस्ट क्लीयरेंस को लेकर निरीक्षण

**बोकारो, एजेंसी।** सीसीएल बीएंडके एरिया अंतर्गत कारो परियोजना में 226 हेक्टेयर जमीन के फॉरेस्ट क्लीयरेंस को लेकर गुरुवार को बोकारो के डीएफओ रजनीश कुमार ने बीएंडके जीएम के रामकृष्णन के साथ परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएफओ ने परियोजना के समीप कारो जंगल का अवलोकन किया। डीएफओ ने जंगल में लगे पेड़ों की नंबरिंग करने का निर्देश दिया। प्रबंधन द्वारा डंपिंग एरिया किये जाने वाले प्लांटेशन स्थल का निरीक्षण किया। प्रबंधन ने कहा कि परियोजना विस्तार के लिए जल्द फॉरेस्ट क्लीयरेंस जरूरी है। डीएफओ ने कहा कि कोयला खनन के दौरान हम पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ करते हैं। हमारी जिम्मेवारी है कि पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिए खाली जगह में पौधरोपण करें। उन्होंने कहा कि फॉरेस्ट क्लीयरेंस को लेकर प्रक्रिया जल्द पूरी की जायेगी, ताकि माइंस विस्तार हो सके। मौके पर फॉरेस्टर जगदीश कुमार, वनकमी अक्षय कुमार मुंडा, बीएंडके जीएम के रामकृष्णन, एसओ पीएंडपी शंभू झा, कारो के पीओ सुधीर सिन्हा, एकेके ओसीपी के पीओ केएस गेवाल, पर्यावरण अधिकारी विनय अंचल आदि थे।

### पूर्व पार्षदों ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा, निगम चुनाव की मांग की

**रांची, एजेंसी।** रांची नगर निगम के पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा, अर्जुन राम, विनोद कुमार सिंह, भरी लिंडा आदि पूर्व पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को राज्यपाल से मिले। प्रतिनिधमंडल ने उन्होंने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि रांची नगर निगम का कार्यकाल अप्रैल 2023 में ही समाप्त हो गया है। उसके बाद से मेयर, डिप्टी मेयर एवं पार्षदों के सारे पद रिक्त हैं। बताया कि समूचे शहर में कचरे का अंबार फैला है, हजारों की संख्या में स्ट्रीट लाइटे बंद पड़ी हैं, निगम की व्यवस्था चरमरा गई है। बताया कि झारखंड प्रदेश में करीब 12 नगर निकाय में 2020 से ही चुनाव लंबित हैं। जबकि पड़ोसी राज्य बिहार और मध्य प्रदेश में पिछड़े वर्ग को आरक्षण देते हुए चुनाव करा ली गई है। उन्होंने सभी बातों पर संवैधानिक लेते हुए जल्द चुनाव कराने के लिये राज्य सरकार को निर्देशित करने की कृपा करें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 84 करोड़ रुपए समझौता राशि की वसूली



**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 13 बेंचों का गठन कर मामलों की सुनवाई की गई। बोकारो सिविल कोर्ट में 9, जबकि तेनुघाट अनुमंडल न्यायालय में 4 बेंचो का गठन किया गया, जहां चेक बाउंस, बिजली बिल, पारिवारिकि विवाद, दीवानी, श्रम, उत्पाद, वन विभाग व मोटरयान से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। लोक अदालत में कुल 405990 वादों को रखा गया, जिनमें 405990 वादों का निष्पादन करते हुए समझौते के आधार पर 840076427 रुपए किए गए।

मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा बोकारो के अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश श्रम न्यायालय अनुज कुमार, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अरविंद कुमार, पीठासीन पदाधिकारी, श्रम न्यायालय अनुज कुमार, बोकरो के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय दीपक वर्णवाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय देवेश कुमार त्रिपाठी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ गरिमा मिश्रा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लुसी सोसेन तिग्गा, डालसा सचिव अनुज कुमार सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी व अधिवक्ता तथा संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध खनन के दौरान एक मजदूर की मौत

### मौके पर पहुंचे पुलिस एवं सीसीएल अधिकारियों ने संबंधित खंता के मुहाने का निरीक्षण किया

**गिरिडीह, एजेंसी।** घटना की सूचना पर एसडीपीओ जीत वाहन उरांव, गिरिडीह कोलियरी के पीओ जीएस मीणा, माइंस मैनेजर आरपी यादव, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो उक्त स्थल पहुंचे। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गयी है। घटना शनिवार की अलसुबह लगभग चार बजे की बतायी जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक अवैध खंता में कोयले की अवैध कटाई के दौरान चाल धंसने से एक मजदूर की मौत हो गयी। घटना के बाद इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है। मौके पर पहुंचे पुलिस एवं सीसीएल अधिकारियों ने संबंधित खंता के मुहाने का निरीक्षण किया। खंता में बोरा व बांस लगाकर ढकने का प्रयास किया गया था। काफी देर तक पुलिस पदाधिकारी व जवान वहां मौजूद रहे। इस दौरान घटनास्थल पर पहुंचे झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के सचिव तेजलाल मंडल, झामुमो के देवचरण दास, जगत पासवान, भाजपा नेता कामेश्वर पासवान, महेशलुंडी के मुखिया शिवनाथ साव ने मामले का उद्भेदन कर दोषी खंता ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया गया



कि उन्हें यह सूचना मिली थी कि अवैध खनन के दौरान एक मजदूर की दबकर मौत हो गई है। इधर, खंतों के संचालक और अवैध खनन के दौरान हुए हादसे की वास्तविकता का पता लगाने में पुलिस जुट गयी है।

**लगातार जारी है खंतों की डोजरिंग :** पीओगिरिडीह कोलियरी के पीओ जीएस मीणा ने बताया कि सूचना पर संबंधित खंता जाकर अवलोकन किया गया। इस दौरान एसडीपीओ जीत वाहन उरांव व मुफस्सिल थाना प्रभारी श्यामकिशोर महतो ने भी अपने स्तर से निरीक्षण किया है। खंता को संचालक ने बोरा व बांस लगाकर ढकने का प्रयास किया था। कहा कि सीसीएल और पुलिस प्रशासन के संयुक्त अभियान में निरंतर खंतों की डोजरिंग करायी जा रही है।

**होगी कड़ी कार्रवाई :** एसडीपीओएसडीपीओ जीत वाहन उरांव ने कहा कि अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ सघन कार्रवाई की जा रही है। खंता को बंद करने के लिए डोजरिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# पिकनिक के लिए पसंदीदा स्थल है गवाई बराज

**पिंड्राजोरा, एजेंसी।** पुरुलिया मुख्य पथ में चास प्रखंड मुख्यालय से 20 किलोमीटर की दूरी पर पिंड्राजोरा में स्थित गवाई बराज बोकारो के प्रमुख पिकनिक स्थलों में से एक है। गवाई बराज की प्राकृतिक छटा सैलानियों को आकर्षित करती है। इस स्थल की एक और विशेषता यह है कि इसके अलग-बगल में ब्रिटिश काल के अनेक स्मारक मौजूद हैं।

पिंड्राजोरा थाना से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित गवाई पुल से थोड़ा दायीं ओर का रास्ता सीधे बराज तक ले जाता है। यहां की खूबसूरत वादियां सैलानियों को खूब लुभाती हैं। बोकारो, चास, पश्चिम बंगाल सहित दूर-दूर से भी काफी लोग यहां पिकनिक मनाने आते हैं। करीब चार दशक पहले बराज निर्माण के साथ ही यहां पिकनिक मनाने की शुरुआत हो गयी थी। चास-बोकारो सहित आसपास के जिलों के विभिन्न स्कूलों के प्रबंधक अपने छात्र-छात्राओं को भी पिकनिक मनाने यहां लाते हैं। दिसंबर और जनवरी के अलावा साल के अन्य दिनों में भी लोग सैर-सपाटे के लिए यहां आते हैं।



गवाई नदी के तट पर कई खोरठा फिल्म की शूटिंग भी की जाती है। वर्तमान में बराज निर्माण के बाद गवाई बराज की खूबसूरती और बढ़ गयी है। निर्माण शेड सहित आम के बगीचे बराज की खूबसूरती को चार चांद लगा रहा है।

**जर्जर सड़क के निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन ध्यान नहीं :** क्षेत्र के लोग तथा गवाई बराज आने वाले लोगों का कहना है कि एनएच 32 से गवाई बराज तक जान वाली सड़क काफी जर्जर हो गयी है। सड़क निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन को ध्यान देनी चाहिए। इस सड़क से चारपहिया तथा दोपहिया वाहन से आने वाले लोगों का काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह सड़क पूरी तरह से सड़क जर्जर हो चुकी है । लोगों का कहना है कि अगर सरकार ध्यान दे तो गवाई बराज एक अच्छा पर्यटन स्थल बन सकता है।

# नाश्ते की दुकान में तब्दील हो चुका हीरापुर हटिया का पुलिस पोस्ट

**रांची, एजेंसी।** हीरापुर हटिया के विवेकानंद चौक की यह तस्वीर किसी नाश्ते की दुकान की नहीं बल्कि पुलिस पोस्ट की है। यहां कभी पुलिसकर्मी रहकर विधि व्यवस्था संभालते थे, आज यहां दुकानदार स्नैक्स तले जा रहे हैं और चाय बिक रही है। दुकानदरों से बात करने पर पता चला कि इस पोस्ट में कभी पुलिस आती नहीं है, हमेशा पोस्ट खाली रहता है। इस वजह से दुकानदारों ने इसे कब्जा कर लिया है। पोस्ट में अंदर दुकानदारों ने अपना बिजली मीटर भी लगा लिया है।



**आइआइटी आइएसएम के नाम जुड़ने जा रही एक और उपलब्धि, स्टार्टअप को भी मदद करेगा टेक्समिन-हेक्सागॉन सेंटर फॉर एक्सीलेंस सेंटर**

आइआइटी आइएसएम के नाम एक और उपलब्धि जुड़ने वाली है। संस्थान में सोमवार से एक और सेंटर फॉर एक्सीलेंस शुरू होने जा रहा है। इसकी स्थापना जानी मानी सॉफ्टवेयर कंपनी हेक्सागॉन और टेक्समिन के साथ मिलकर की है। इसका नाम टेक्समिन-हेक्सागॉन सेंटर फॉर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड एक्सीलेंस इन माइनिंग एंड मॉनिटरिंग है। यह अत्याधुनिक सेंटर माइनिंग उद्योग को डिजिटल ट्विन, एआइ, आइओटी और बिग डेटा एनालिटिक्स जैसी उन्नत तकनीकों के क्षेत्र में काम करेगा। इसके साथ ही यह सेंटर इस क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप को भी मदद करेगा। यह सेंटर टेक्समिन केंद्र में शुरू हो रहा है।

इस सेंटर फॉर एक्सीलेंस का उद्घाटन देश के जाने माने वैज्ञानिक और नीति आयोग सदस्य डॉ वीके सारस्वत करेंगे। डॉ वीके सारस्वत आइआइटी आइएसएम के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेने के लिए आ रहे हैं। दीक्षांत समारोह 17 दिसंबर को होगा। इस मौके पर आइआइटी निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा, प्रो धीरज कुमार, टेक्समिन के सीइओ सूरज प्रकाश के साथ संस्थान के सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे।वहीं हेक्सागॉन इंडिया की ओर से सीइओ प्रमोद कौशिक, निदेशख मनोज शर्मा के साथ कंपनी के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# अब विश्वविद्यालय खुद नहीं करा सकेंगे पीएचडी प्रवेश परीक्षा

**रांची, एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय समेत कोई भी विश्वविद्यालय अब अलग से पीएचडी प्रवेश परीक्षा नहीं करा सकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पीएचडी के नामांकन के नियमों में बदलाव कर दिया है। पीएचडी में एडमिशन के लिए अभ्यर्थियों को नेट परीक्षा पास करनी होगी। यूजीसी के नये नियम के अनुसार नेट की परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थी जून 2024 से अब तीन श्रेणियों के लिए योग्य माने जायेंगे। नये नियमों के अनुसार जिन उम्मीदवारों का नेट परीक्षा में अधिक पर्सेंटाइल होगा, उसे श्रेणी वन में रखा जायेगा। ये अभ्यर्थी असिस्टेंट प्रोफेसर जेआरएफ और पीएचडी करने के योग्य माने जायेंगे। अधिक पर्सेंटाइल वाले अभ्यर्थियों को पीएचडी में दाखिले के लिए सिर्फ इंटरव्यू देना होगा। इसी तरह श्रेणी दो के तहत मध्यम पर्सेंटाइल वाले अभ्यर्थियों को रखा जायेगा, जो असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी में एडमिशन के योग्य माने जायेंगे। इसके बाद नंबर आता है नेट परीक्षा में सबसे कम पर्सेंटाइल पाने वाले उम्मीदवारों का। इन्हें श्रेणी तीन में रखा जायेगा और ये सिर्फ पीएचडी में दाखिले के योग्य माने जायेंगे।

पीएचडी में एडमिशन के लिए नेट की परीक्षा में पास अभ्यर्थियों के नेट पर्सेंटाइल को 70 प्रतिशत वेटेज दिया जाएगा। वहीं 30 प्रतिशत वेटेज साक्षात्कार का होगा। साक्षात्कार के लिए श्रेणी दो और तीन वाले अभ्यर्थियों का नेट स्कोर सिर्फ एक साल के लिए मान्य होगा। उन्हें एक वर्ष के अंदर पीएचडी में एडमिशन लेना होगा। अगर वह इस अवधि में पीएचडी में एडमिशन नहीं ले पाते हैं, तो उन्हें एक साल बाद इसका लाभ नहीं मिलेगा। इसके बाद पीएचडी में दाखिले के लिए दोबारा नेट की परीक्षा पास करनी होगी। बीबीएमकेयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ सुमन कुमार वर्णवाल ने बताया कि श्रेणी दो और तीन के तहत अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के लिए, 70 प्रतिशत वेटेज नेट स्कोर को दिया जायेगा, जबकि 30 प्रतिशत पीएचडी प्रवेश के लिए साक्षात्कार को आवंटित किया जायेगा। प्रवेश प्रक्रिया नेट अंकों और साक्षात्कार परीक्षा के प्रदर्शन की संयुक्त योग्यता के आधार पर निर्धारित की जायेगी।

आजसू छात्र संघ ने शनिवार को कुलपति प्रो रामकुमार सिंह ने मिलकर विवि में छात्रों के लिए जल्द से जल्द पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की मांग की है। विक्की कुमार के नेतृत्व में द्वितीय पीएचडी प्रवेश परीक्षा (पीइटी) आयोजित करने के संबंध में कुलपति डॉ राम कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।

# साहिबगंज जिले में मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना की शुरुआत 14 से

**साहिबगंज, एजेंसी।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल साहिबगंज के विद्युत कार्यपालक अभियंता शंभुनाथ चौधरी ने गुरुवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले में बिजली विभाग के सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, आरडीएसएस, मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना (मुजी) व पीएम जुगा कंपनी के ठेकेदार व एजेंसियों के प्रतिनिधि शरीक हुए। चौधरी ने संबंधित अधिकारियों व एजेंसी के प्रतिनिधियों से उक्त स्कीमों में चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। कहा कि मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना (मुजी) के कामों की शुरुआत 14 दिसंबर से हो जाएगी। इसके तहत जिले के 172 टोला-गांव में बिजली विभाग से संबंधएत छूटे हुए कामों को जल्द पूरा किया जाएगा। बिजली के जर्जर पोल व तार जल्द बदले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पीएम जुगा के कार्यों की डीपीआर तैयार कर बिजली विभाग के रांची स्थित मुख्यालय को भेज दी गई है। चौधरी ने सहायक व कनीय अभियंताओं को बिजली बिल की वसूली में तेजी लेकर राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक अभियंता सत्यदेव कुमार, कनीय अभियंता नील गगन, ग्रामीण कनीय अभियंता दीपक कुमार सिंह, ज्ञानचंद्र, प्रोजेक्ट मैनेजर डीपी ठाकुर, मुजी के प्रोजेक्ट मैनेजर समेत अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पीवीयूएनएल टाउनशिप में फील्ड हॉस्टल का उद्घाटन

**रामगढ़, एजेंसी।**

रामगढ़ के पीवीयूएनएल टाउनशिप में नए फील्ड हॉस्टल की स्थापना की गई है। फील्ड हॉस्टल का उद्घाटन पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह व स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने संयुक्त रूप से किया। फील्ड हॉस्टल में कर्मचारियों के रहने के लिए कमरे, कैंटीन व कॉमन हॉल की व्यवस्था है।



यह सुविधा कंपनी के कर्मचारियों व अतिथियों के लिए है। उद्घाटन समारोह में जीएम (ओएंडएम) देवदीप बोस, जीएम (मेंटेनेंस) मनीष क्षेत्रपाल व मानव संसाधन विभाग के प्रमुख जियाउर रहमान विशेष रूप से उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने इस नई सुविधा के महत्व को रेखांकित किया और कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं देने की कंपनी की प्रतिबद्धता दुहराई। सीईओ आरके सिंह ने कहा कि यह फील्ड हॉस्टल कंपनी के कर्मचारियों के लिए सकारात्मक कदम है, जिससे उनके कामकाज और आराम के बीच संतुलन बना रहेगा। एसएमएस की अध्यक्ष रीता सिंह ने कंपनी की प्रगति और कर्मचारियों के कल्याण पर जोर दिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### हर्ष फायरिंग के नाम पर हो रही हिंसा

देश के कई इलाकों में खुशी मौके पर हवा में गोलियां चलाना शान का प्रदर्शन माना जाता रहा है, लेकिन इसके पीछे कहीं न कहीं लोगों के भीतर छिपी सामंती कुंठा होती है। भारतीय समाज में विवाह समारोह के दौरान दिखावे की प्रवृत्ति इस कदर बढ़ती गई है कि अब उसमें हिंसक प्रवृत्तियों का भी खुल कर प्रदर्शन किया जाने लगा है। शादी-ब्याह के मौके पर बंदूक और राइफल से गोली दाग कर खुशी का इजहार करने का यह कौन-सा तरीका है जिसमें किसी बेकसूर की जान चली जाए। सवाल है कि विवाह के अवसर पर हथियार लेकर चलने की परंपरा के पीछे कौन-सी मानसिकता काम करती है। इस बात को किसी तर्क पर ठीक माना जा सकता है कि कोई व्यक्ति कानून के दायरे में अपनी आत्मरक्षा का हवाला देकर कोई हथियार रखता है। मगर लोग खुशी का इजहार करने के नाम पर भी गोलियां दाग रहे हैं और उससे कई बार विवाह समारोह में ही मातम पसर जाता है तो उससे किसको खुशी मिल सकती है? दिक्कत यह है कि गोलीबारी में वधू या वर पक्ष के करीबी लोगों के शामिल होने के कारण कई बार मामले को कानूनी अंजाम तक नहीं पहुंचने दिया जाता है। लाइसेंसी हथियार सिर्फ आत्मरक्षा की कानूनी परिभाषा के तहत रखने की छूट है, लेकिन आज यह दिखावे का औजार बनता जा रहा है। कई लोग शान बघारने या दबंगई दिखाने के लिए ऐसे मौके पर हथियार लेकर आते हैं। जबकि अकारण हवा में गोली चलाना अपराध है और इसके लिए सजा भी हो सकती है। गौरतलब है कि हरियाणा के चरखी दादरी में एक विवाह समारोह में जश्न के नाम पर किसी ने गोलियां दागीं, जिसकी चपेट में आकर तेरह साल की एक बच्ची की मौत हो गई और उसकी मां जख्मी हो गई। यह कोई पहली घटना नहीं है। लुधियाना में पिछले महीने विदाई के वक्त भाई की चलाई गोली दुल्हन के माथे में जा लगी थी। इसी तरह हाल में मथुरा में जयमाला के दौरान करीबी रिश्तेदार की ऐसी ही लापरवाही के कारण दुल्हन को गोली लग गई। देश के कई इलाकों में खुशी मौके पर हवा में गोलियां चलाना शान का प्रदर्शन माना जाता रहा है, लेकिन इसके पीछे कहीं न कहीं लोगों के भीतर छिपी सामंती कुंठा होती है। शादी-ब्याह में रिश्तेदार ही दिखावे के लिए गोलियां दागने लगें, तो समझा जा सकता है कि हमारे समाज में यह कुंठा कितनी गहरी हो चुकी है। दिखावे की हिंसा की ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

### बड़े व्यवसायी रकम लेकर छोड़ रहे देश, यह चिंतनीय है

यह चलन लगातार बढ़ता गया है कि बड़े व्यवसायी सार्वजनिक बैंकों से किसी उद्यम के लिए कर्ज लेते हैं और फिर कंपनी बंद कर दिवालिया हो जाते हैं। इस तरह बैंकों का कर्ज डूब जाता है। इस वक्त जब अर्थव्यवस्था का रुख नीचे की तरफ है, लोगों की क्रयशक्ति न बढ़ने से बाजार में नरमी बनी हुई है, बैंकों के कारोबार में मंदी देखी जा रही है, तब बट्टे खाते का आकार बढ़ते जाना चिंता पैदा करता है। चालू वित्तवर्ष की पहली छमाही में सार्वजनिक बैंकों ने बयालीस हजार करोड़ रुपए का कर्ज बट्टे खाते में डाल दिया। यह जानकारी सरकार ने संसद में दी। कर्ज को बट्टे खाते में डालने का अर्थ है कि बैंकों ने मान लिया कि इस रकम की वसूली संभव नहीं है। हालांकि सरकार का कहना है कि बैंक बट्टे खाते में डाली गई रकम की वसूली के प्रयास करते रहते हैं। पिछले वित्तवर्ष में एक लाख सत्तर हजार एक सौ सात करोड़ रुपए बट्टे खाते में डाले गए थे। पिछले कुछ वर्षों में बैंकों का एनपीए यानी गैरनिष्पादित आस्तियों का आकार बढ़ता गया है। इसे लेकर चिंता व्यक्त की जाती रही है। मगर इस दिशा में अभी तक कोई व्यावहारिक उपाय नहीं तलाशा जा सका है। यह चलन लगातार बढ़ता गया है कि बड़े व्यवसायी सार्वजनिक बैंकों से किसी उद्यम के लिए कर्ज लेते हैं और फिर कंपनी बंद कर दिवालिया हो जाते हैं। इस तरह बैंकों का कर्ज डूब जाता है। अनेक व्यवसायी बड़ी रकम लेकर देश छोड़ गए। इस तरह बैंकों के कारोबार पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में यह सवाल उठता रहा है कि कर्ज डूबने की समस्या से सार्वजनिक बैंकों को ही क्यों जूझना पड़ता है, जबकि निजी बैंकों के सामने यह समस्या इतनी बड़ी नजर नहीं आती। फिर, जब सामान्य लोगों के घर, वाहन, निजी उपयोग आदि के लिए लिए गए कर्ज की उगाही में बैंक विफल साबित नहीं होते, वे उनसे कर्ज वसूली कर ही लेते हैं, तो फिर बड़े कर्जों की वसूली में उनसे कहां और कैसे चूक हो जाती है। जाहिर है, कर्ज देते समय जरूरी एहतियात नहीं बरती जाती। सार्वजनिक बैंकों का पैसा डूबने का अर्थ है, आम लोगों का पैसा डूबना। ऐसा नहीं माना जा सकता कि अगर सरकार सचमुच बट्टे खाते का आकार बढ़ने से रोकने को लेकर गंभीर हो, तो ऐसे कर्जों की वसूली कठिन होगी।

## गडकरी बताएं दिल्ली-एनसीआर के लोग आखिर कहां जाएं

(योगेंद्र योगी)

*कुछ दिन पहले हरियाणा सरकार ने कथित तौर पर कैथल जिले में पराली जलाने के आरोप में 18 किसानों को गिरफ्तार किया था। ऐसी गतिविधियों पर लगाम लगाने में विफल रहने के कारण राज्य के कृषि विभाग के करीब 24 अधिकारियों को निलंबित भी किया गया था। गौरतलब है कि हजारों किसान पराली हर साल जलाते हैं। इसके बावजूद कुछ किसानों की गिरफ्तारी महज दिखावा है। केंद्र सरकार ने 2022 में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर राज्यों में फसल अवशेषों के इन-सीटू प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने की योजना शुरू की।*

देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली हर तरह के जानलेवा प्रदूषण की शिकार है। वाहनों और फैक्ट्री के धुएं से होने वाला प्रदूषण, यमुना का प्रदूषण और घरों-प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का प्रदूषण। तीनों तरह के प्रदूषण का बोझ उठाने के लिए दिल्ली अभिशप्त हो चुकी है। देश की राजधानी दिल्ली का प्रदूषण इतना खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी दिल्ली आने से घबराते हैं। गडकरी ने कहा कि स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडने़ से वे दिल्ली आने से कतराते हैं। गडकरी मंत्री हैं। उनके पास साधन और सुविधाएं हैं। वे कहीं भी आसानी से आवागमन कर सकते हैं। सवाल दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र (एनसीआर) के करोड़ों लोगों के जीवन का है। इतने लोग अपना कामकाज, घरबार छोड़ कर कहां जाएं। प्रदूषण के धीमे जहर को पीना उनकी मजबूरी बन गई है। ज्यादातर सांसदों, मंत्रियों पर अकूत दौलत है। उनके लिए प्रदूषण से बचने के लिए कहीं भी देश में सरकारी खर्च पर आना-जाना आसान हैं। वैसे भी नेताओं को संसद और विधानसभा को सुचारू चलाने की ज्यादा इ्क्षचता नहीं है। दिल्ली और एनसीआर के लोगों को सरकारी मशीनरी और नेताओं के नाकारपन का अभिशाप झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली हर तरह के जानलेवा प्रदूषण की शिकार है। वाहनों और फैक्ट्री के धुएं से होने वाला प्रदूषण, यमुना का प्रदूषण और घरों-प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का प्रदूषण। तीनों तरह के प्रदूषण का बोझ उठाने के लिए दिल्ली अभिशप्त हो चुकी है। दिल्ली में केंद्र भाजपा गठबंधन की और राज्य में आप की सरकार मौजूद हैं। इससे पहले दिल्ली में लंबी अवधि तक कांग्रेस का शासन रहा है। प्रदूषण से निपटने में सभी राजनीतिक दल नाकाम रहे हैं। दिल्ली में कचरे का पहाड़ आज भी नेताओं के दावों-वादों को मुंह चिढ़ा रहा है। हिंदू-मुस्लिम विवाद और भ्रष्टाचार की तरह प्रदूषण नेताओं के लिए कभी चुनावी मुद्दा नहीं बन पाया। जब कभी प्रदूषण का मुद्दा उठता भी है तो केंद्र और दिल्ली की सरकार गेंद एक-दूसरे के पाले में डाल कर अपनी जिम्मेदारी से बरी हो जाती हैं। यही वजह है कि दिल्ली और एनसीआर की आबोहवा इतनी बिगड़ चुकी है कि सांस लेना भी दुभर हो रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक दिल्ली में रहने वाले कम से कम 10 सिगरेट जितना प्रदूषण हर दिन लेने को विवश हैं। सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण जैसी संवैधानिक स्वतंत्र संस्थाए भी तमाम प्रयासों के बावजूद दिल्ली और एनसीआर के प्रदूषण से निपटने में प्रभावी भूमिका अदा नहीं कर सकी। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने अपने बयान में स्वीकार किया था कि दिल्ली में 50 प्रतिशत प्रदूषण वाहनों से निकलता है। गडकरी देश के परिवहन मंत्री हैं। ऐसे में सवाल यही उठता है कि आखिर प्रदूषण की विकराल समस्या से निपटने की जिम्मेदार किसकी है। जब देश का परिवहन मंत्री ही समस्या के समाधान से मुंह चुराने लगे तो अवाम किससे उम्मीद करे। स्विस संगठन की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 में दिल्ली को सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला राजधानी शहर बताया गया है। रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 2023 में 134 देशों में से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत की वायु गुणवत्ता तीसरी सबसे खराब की भविष्यवाणी की गई। राष्ट्रीय राजधानी को वर्ष 2018 से लगातार चार बार विश्व का सबसे प्रदूषित राजधानी शहर बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि अनुमान है कि भारत में 1.36 अरब लोग पीएम 2.5 की सांद्रता का अनुभव करते हैं, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित वार्षिक दिशानिर्देश स्तर 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक है। दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण से खराब हालात में सुधार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रयास भी सरकारों के नाकारपन के कारण बौने साबित हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट दर्जनों बार फटकार लगा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सुनवाई दौरान कहा कि कोर्ट कमिश्नरों की रिपोर्ट में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। अदालत ने कहा कि सरकारी एजेंसियों और दिल्ली पुलिस के बीच समन्वय की कमी है। साथ ही अदालत ने कहा कि दिल्ली में फिल्हाल ग्रैप-4 जारी रहेगा। दिल्ली सरकार, एमसीडी, डीपीसीसी, सीएक्यूएम और अन्य अधिकारियों के बीच समन्वय की पूरी तरह से कमी है। समन्वय सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग पर है। इसलिए ग्रैप-4 को लागू करने के लिए समन्वय हो। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के साथ-साथ पंजाब और हरियाणा की राज्य सरकारों को फटकार लगाई क्योंकि राज्य प्रदूषण विरोधी उपायों को लागू करने में विफल रहे। यह ऐसे समय में हुआ है जब दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता बहुत खराब बनी हुई है, जिससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मामले की सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत की पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा खेतों में लगी आग को बुझाने के प्रयासों को मात्र दिखावा करार दिया। हवा की गुणवत्ता खराब होने का एक स्पष्ट कारण पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्यों में पराली जलाने की बार-बार होने वाली घटनाएँ हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने 23 अक्टूबर को पर्यावरण कानूनों को शक्तिहीन बनाने के लिए केंद्र की आलोचना की और कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) अधिनियम के तहत पराली जलाने पर दंड से संबंधित प्रावधानो को लागू नहीं किया गया है। मामले की सुनवाई कर रही पीठ ने कहा कि वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रावधान को लागू करने के लिए कोई आवश्यक तंत्र बनाए बिना ही अधिनियम लागू कर दिया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के अनुसार भारत में हर साल पैदा होने वाले 22 मिलियन टन चावल के ठूंठ में से लगभग 14 मिलियन टन पराली को आग के हवाले कर दिया जाता है। यह पैदा होने वाले चावल के ठूंठ का लगभग 63.6 प्रतिशत है और हरियाणा और पंजाब में अकेले जलाई जाने वाली पराली का 48 प्रतिशत हिस्सा है। हालत यह है कि वोटों के डर से राज्य और केंद्र की सरकारें पराली जलाने पर पूरी तरह रोक नहीं लगा पा रही हैं। राजनीतिक दलों के लिए किसानों का वोट बैंक आम लोगों के जीवन पर भारी पड़ रहा है। यही वजह है कि पराली जलाने की हर साल होने वाले घटनाओं के बावजूद कोई भी सरकार सख्त कदम उठाने से हिचकिचाती है।

## ट्रंप बढ़ाएंगे टैरिफ, भारत का क्या होगा

(भरत झुनझुनवाला)

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि यदि ब्रिक्स देश अपनी अलग मुद्रा बनाने का प्रयास करते हैं, तो सभी सदस्य मुल्कों पर 100त्न आयात कर लगा दिया जाएगा। यह धमकी निष्प्रभावी है, क्योंकि ब्रिक्स देशों द्वारा एक अलग मुद्रा बनाना संभव नहीं। यूरोपीय यूनियन ने साझा मुद्रा यूरो बनाने के साथ-साथ सभी देशों के नागरिकों को एक दूसरे के यहां जाकर काम करने की छूट भी दी थी। ब्रिक्स के सदस्य- भारत, चीन, रूस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और दूसरे देश इस तरह की छूट नहीं देंगे। ऐसे में अलग करंसी नहीं बनाई जा सकती। इसके बाद भी ट्रंप द्वारा आयात कर बढ़ाने की बात गंभीर है। ट्रंप ने भारत को आयात कर का राजा बताया है और मेक्सिको व कनाडा पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही है। याद करें, ट्रंप के पिछले दौर में भारत के कई सामान को जनरल सिस्टम ऑफ प्रिफरेंसेस से हटा लिया गया था। इसके तहत, बिना आयात कर दिए अमेरिका में प्रवेश की छूट थी। नए कार्यकाल में ट्रंप निश्चित तौर पर सभी देशों पर इंपोर्ट टैक्स बढ़ाएंगे, ताकि अमेरिका में घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन मिले। ट्रंप के इस कदम का भारत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हमारे आईटी, दवा, कपड़े और जूते जैसे निर्यात प्रभावित होंगे। ॥1क्क वीजा में कटौती से भारतीय नागरिकों के लिए अमेरिका में काम करना कठिन हो जाएगा। उनके द्वारा भारत को रेमिटेंस कम भेजी जाएगी। ट्रंप द्वारा अमेरिकी कंपनियों को अमेरिका में ही उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके कारण विश्व की पूंजी का अमेरिका की तरफ पलायन होगा। इन तथ्यों को देखते हुए यूनियन बैंक ऑफ स्विट्जरलैंड ने अनुमान लगाया है कि ट्रंप के कदमों के कारण भारत की विकास दर में 0.5 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। कयास लगाया जा रहा है कि ट्रंप के निशाने पर मुख्य रूप से चीन और रूस हैं, भारत नहीं। सामरिक दृष्टि से यह बात सही है। भारत मूल रूप से अमेरिका के साथ है। ट्रंप के निशाने पर चीन इसलिए है क्योंकि वह भारी मात्रा में अमेरिका को माल का निर्यात करता है। इससे अमेरिकी उद्योग ठंडे पड़े हुए हैं। ट्रंप को सामरिक समस्या कम और सभी देशों से होने वाले आयातों से समस्या ज्यादा है। इसलिए ऐसा सोचना सही नहीं कि ट्रंप, चीन पर इंपोर्ट टैक्स बढ़ाएंगे, जबकि भारत को छोड़ देंगे। ट्रंप का मूल उद्देश्य अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है और इस हिसाब से भारत व चीन एक बराबर हैं। ट्रंप की पॉलिसी विदेशी व्यापार के सिद्धांत के विपरीत है और टिकाऊ नहीं होगी। विदेशी व्यापार इसलिए किया जाता है कि जो देश जो माल सस्ता बना सकता है, उसका उत्पादन करे और दूसरे उससे खरीदें। जैसे- भारत में बासमती चावल का उत्पादन सस्ता है, जबकि अमेरिका में अखरोट का। ऐसे में भारत चावल भेजे और अमेरिका अखरोट। ऐसे दोनों देशों के नागरिकों को सस्ता सामान मिल जाएगा। लेकिन, ट्रंप की पॉलिसी का नतीजा यह होगा कि अमेरिका को भारत और दूसरे देशों से जो सस्ती दवाएं, कपड़े, चावल वगैरह मिलते हैं, वे बंद हो जाएंगे। अमेरिकी नागरिकों को महंगा माल खरीदना पड़ेगा और उनके जीवन स्तर में गिरावट आएगी। ट्रंप की नीति के जवाब में दूसरे देश भी चुप नहीं बैठेंगे। मेक्सिको के राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा है कि उनका देश भी अमेरिकी सामानों के आयात पर टैक्स बढ़ाएगा। इससे अमेरिका का निर्यात घटेगा और साथ में रोजगार भी। फिर भी, संभव है कि अमेरिका में घरेलू बाजार के लिए उत्पादन बढ़ने से अमेरिकी नागरिकों को नौकरियां मिलें, लेकिन मेरा आकलन है कि यह प्रभाव देर से और न्यूनतम होगा। इसलिए ट्रंप की पॉलिसी का अमेरिका में ही विरोध होगा, जैसे ब्रिटेन में ब्रेक्जिट के बाद हो रहा है। व्यापार में अपने देश पर फोकस करने की यह पॉलिसी अगर सही होती, तो सारे देश ऐसा करके अपनी जनता का हित कर सकते थे। हालांकि ऐसा नहीं हुआ है और कमोबेश सभी मुल्कों ने विदेश व्यापार को स्वीकार किया है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5583

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5582

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

### वर्ग पहेली 5583

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1870 को इस देश में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरूआत हुई (4)
6. मछली, मत्स्य (2)
7. अहिरावण का एक द्वारपाल जो पुराणानुसार हनुमान का पुत्र माना जाता है (5)
9. अस्वीकार करना, वचन तोड़ना (4)
11. बहुत थका, उत्साह भंग होने का भाव, साहस टूटना (2)
12. नारी का अपभ्रंश, मोटा रस्सा (2)
14. भिक्षा मांगने वाला, भिक्षुक (3)
16. अलमस्त, बिंदास, मनमस्त (4)
18. यह संसार की सबसे लंबी नदी है, श्रीराम की सेना का एक वानर (2)
19. गर्व, घमंड, फख्र (2)
20. व्यंग्य, आक्षेप वाक्य, कटाक्ष (2)
21. साहसी पुरूष, बहादुर, पराक्रमी (2)
23. ताया, जेठा चाचा (2) (2)
24. जमींदारी, इलाका (3)

**ऊपर से नीचे**

1. भारत के एक लोकप्रिय पूर्व रेडियों उद्घोषक (6)
2. प्रसिद्ध अप्सरा जिसे विश्वामित्र की कठोर तपस्या से डरकर इंद्र ने उनके तप-भंग करने के लिए भेजा था (3)
3. हसरत, आरजू, तमन्ना (3)
4. अभिभावक, संरक्षक, संरक्षण देने वाला (5)
5. प्रतिदिन, नित्य (2)
8. नष्ट, बर्बाद, ध्वंस (2)
10. काव्य मर्मज्ञ, जो रस पान करें, रस लेने वाला (3)
12. किसी कार्य के लिए किसी का नाम निश्चित करने की क्रिया (5)
13. कंठहार, पर्वत श्रेणी, तारतम्य, सूत्राली (2)
15. प्रचलित, काम चलाऊ (4)
17. इस्लाम धर्म का विद्वान, बच्चों का पढ़ाने वाला, धर्म दीक्षक (3)
22. हानि, आक्रमण, आपत्ति, हानि आदि से बचाव (2)

### वर्ग पहेली 5582 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चं | द्र | शे | ख | र | आ | जा | द |
| द्र | | खी | ल | | का | न | न |
| शे | र | | ना | लि | श | | द |
| ख | त | रा | | | गं | था | ना |
| र | ज | ज | | आ | गा | | ना |
| | गा | रा | | क्र | | चु | |
| चि | | जा | ज | म | | ना | ना |
| ली | मा | | ग | ण | दे | व | ता |

## आज का राशिफल

### मेष
आज अपने कार्य पूर्ण करने के लिए काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है, लेकिन दिन लाभदायक रहेगा। अपने काम पर फोकस करें और जीवन के मजे लें। आपकी निर्णय लेने की क्षमता आपको सफलता दिलाएगी। दिन आनंद और प्रसन्नता से भरा रहेगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। निवेश के लिए अच्छा दिन है, भविष्य में लाभ मिलेगा।

### वृष
आज दिन लाभ और सम्मान से भरा रहेगा और आपको हर कार्य में मनचाही तरक्की हासिल होगी। आपका दिन खुशहाली से भरा होगा और आपके भाग्य में वृद्धि होने से सभी कार्य सफला के साथ पूरे होंगे। आपके लोन लेने के प्रयास सफल होंगे। पुराने दोस्तों का साथ मिलेगा और नए दोस्त भी बनेंगे। पत्नी के परिवार से भी सहयोग प्राप्त होगा।

### कर्क
आज आपकी साख सामाजिक क्षेत्रों में भी फैलेगी, जिसका लाभ आपको अवश्य मिलेगा और सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स भी बढ़ सकते हैं। व्यापार में कुछ नए अवसर आपके सामने आएंगे, आपको उन्हें पहचानना होगा, तभी वे आपको शुभ परिणाम दे पाएंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में कड़ी मेहनत करनी होगी।

### सिंह
सारा ध्यान इस लक्ष्य को प्राप्त करने पर केंद्रित होगा। अगर आपने वाहन, मकान, फ्लैट आदि चीजें खरीदने के लिए बैंक लोन के लिए आवेदन किया था तो वह भी कल आपको प्राप्त हो सकता है। तभी सफलता प्राप्त कर सकेंगे। शाम के समय परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर किसी मांगलिक कार्यक्रम पर चर्चा कर सकते हैं।

### मिथुन
आज करियर में लाभ के योग हैं। फिजूलखर्ची से बचें। किसी कारण से परेशानी बढ़ सकती है। सामाजिक गतिविधियों में रुकावट आ सकती है। अचानक लाभ से मन प्रसन्न होगा और धार्मिक भावनाएं बढ़ेंगी। संतान से शुभ समाचार मिलेगा।

### कन्या
आज दिन उत्तम रहेगा। मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। संतान पर विश्वास बढ़ेगा। धन और सम्मान में वृद्धि होगी। परिवार वाले आपकी बातों से खुश रहेंगे। परिवार से विशेष सहयोग मिलेगा। शान-शौकत पर खर्च करेंगे जिससे शत्रु परेशान होंगे। माता-पिता का ध्यान रखें।

### तुला
आज दिन मिलाजुला रहेगा। मानसिक अशांति, खिन्नता और उदासीनता परेशान कर सकती है। माता-पिता का आशीर्वाद मिलेगा। ससुराल पक्ष से नाराजगी हो सकती है। मीठी वाणी का प्रयोग करें, नहीं तो रिश्ते खराब हो सकते हैं। आपको आंखों से जुड़ी कोई परेशानी हो सकती है।

### वृश्चिक
आज करियर में लाभ होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। कठिन कार्यों को साहस से पूरा करेंगे। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। फिजूलखर्ची हो सकती है। दूसरों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। काम पर ध्यान दें तो लाभ होगा। आपके लिए लाभ और सफलता से भरा दिन होगा और आपकी कार्ययोजनाएं पूर्ण होंगी।

### मकर
आज आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं और आपके अंदर रचनात्मक कार्य करने का शोक उत्पन्न हो सकता है, जिसे आप कमाई का जरिया भी बना सकते हैं। अगर आप घर, जमीन व वाहन खरीदना चाहते हैं तो आज शनिदेव की कृपा से आपकी यह इच्छा पूरी हो सकती है। शाम का वक्त परिवार के लोगों के साथ खुशियों में बीतेगा।

### कुंभ
आज जिस भी काम में हाथ डालेंगे, शनिदेव की कृपा से उसमें अवश्य सफल होंगे और पिताजी की मदद से हर समस्या का समाधान खोज पाएंगे। अगर आपने किसी तरह का निवेश किया है तो वह कल अच्छा खासा मुनाफा दे सकता है। साथ ही प्रॉपर्टी के लेनदेन के बारे में सोच रहे हैं तो उसके लिए भी दिन बेहतरीन रहेगा। शनिवार के दिन पीपल और शनिदेव की पूजा करने से आपको विशेष लाभ होगा। किसी गरीब को खाना खिलाएं।

### धनु
आज दिन आनंदमय रहने वाला है। ऊर्जावान महसूस करेंगे, जिससे आप सभी काम करने में सफल रहेंगे और आत्मविश्वास भी मजबूत होगा। जब आपको जरूरत होगी तब परिवार वाले आपके साथ खड़े नजर आएंगे और आपके कुछ नए मित्र भी बनेंगे। नौकरी करने वाले कल कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल करना चाहेंगे।

### मीन
आज धन प्राप्ति के नए नए मार्ग प्रशस्त होंगे और आपकी आधी से ज्यादा चिंताएं धीरे धीरे खत्म होती दिखाई देंगी। बिजनस करने वालों का सारा ध्यान काम करने पर होगा, जिससे आप सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे। समाज में आपका मान सम्मान बढ़ेगा और संतान की उन्नति को देखकर मन प्रसन्न भी रहेगा। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल के दगशाई में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण दम घुटने से तीन प्रवासी मजदूरों की मौत

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के दगशाई इलाके स्थित एक मकान के कमरे में रखी अंगीठी से निकली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण दम घुटने से तीन लोगों की शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी अरबाज (34), सुरेश (22) और सूरज (27) के रूप में हुई है। वे यहां कार पेंटिंग का का काम करते थे। वे दगशाई के रेहुन गांव में किराए के मकान में रहते थे। पुलिस ने बताया कि मृतकों में से एक के भाई दिलशाद ने बताया कि जब उसके भाई ने फोन नहीं उठाया तो वह उसे देखने के लिए गया जहां उसे कमरे में उसका भाई और अन्य दो लोग बेहोश मिले। जांच करने पर पुलिस को पता चला कि तीनों बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सो गए थे। पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि अंगीठी से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण ऑक्सीजन की कमी हो गई, जिससे तीनों को उल्टी हुई और फिर उनकी मौत हो गई।

### भुवनेश्वर में सब्जी बाजार में आग लगने से पांच दुकानें जलकर खाक



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के भुवनेश्वर शहर में सब्जी बाजार में आग लगने से पांच दुकानें जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार को यूनिट-एक बाजार में रात करीब साढ़े 11 बजे हुई, इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि दमकल की दो टीम मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। इस साल की शुरुआत में यूनिट-एक के भूमिगत बाजार में आग लगने से कपड़ों की करीब 25 दुकानें खाक हो गई थीं।

### बंगाल के छात्रों का सिविल सेवा परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन, वे फिर नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले सिंचन स्निग्धा अधिकारी और बिल्टू माजी को शनिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने पर उनकी सरकार ने जोर दिया है, जिसका परिणाम सामने आ रहा है। बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के छात्र सिविल सेवा परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और वे भारतीय नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे।

बनर्जी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मुझे खुशी है कि इस साल यूपीएससी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा में बंगाल के दो अभ्यर्थियों ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया है। मैं दो सफल विजेताओं - सिंचन और बिल्टू को बधाई देती हूं। मैं यह भी देखती हूं कि अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने पर हमारा जोर ठोस परिणाम दे रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे छात्र आईएएस और आईपीएस परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य सरकार का सत्येंद्रनाथ टैगोर सिविल सेवा अध्ययन केंद्र पहले से ही युवा और महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र है, जो इन परीक्षाओं के लिए अत्यधिक सब्सिडी वाली उच्चस्तरीय मदद चाहते हैं। वे फिर से भारतीय नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे।''

### गुरुग्राम में तेज रफ्तार का कहर, एक की मौत; 9 लोग घायल

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा के गुरुग्राम में एक सड़क दुर्घटना में एक आदमी की मौत हो गई और 9 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार जीप ने सवारी के लिए खड़े तिपहिया वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। इस संबंध में मामला दर्ज कर जीप चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुग्राम में एक तेज रफ्तार जीप ने एक तिपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और चालक समेत नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि इस घटना के संबंध में गुरुग्राम के सेक्टर 37 पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जीप चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हरियाणा के हिसार निवासी अंकुश मोर नामक यात्री द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, खांडसा गांव के पास और सनलाइफ अस्पताल के सामने सुबह करीब 5:30 बजे यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि वह (अंकुश) और अन्य यात्री सुबह 5:20 बजे रामपुरा फ्लाईओवर से तिपहिया वाहन पर बैठे थे। उसने बताया कि तिपहिया वाहन अस्पताल के पास एक अन्य यात्री को बैठाने के लिए रुका था, लेकिन तभी तेज रफ्तार से आ रही जीप ने वाहन में टक्कर मार दी। इस घटना में घायल हुए अशोक, राम खिलावन, रति राम, गुंजा गुप्ता, किरण देवी, योगेश, मुलायम सिंह, अवनेश कुमार और चालक राजबीर को अस्पताल ले जाया गया।

# साली की हत्या के आरोप में जीजा गिरफ्तार, कूड़े के ढेर में मिला कटा हुआ सिर



**कोलकाता, एजेंसी।**
पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक दिल दहला देने वाली घटना का खुलासा हुई है। दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज इलाके में कूड़े के ढेर में एक महिला का कटा हुआ सिर मिला था। 24 घंटे के भीतर ही महिला के जीजा को उसकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। जीजा की पहचान अतीउर रहमान लस्कर के रूप में हुई है। उसने इसलिए महिला की हत्या कर दी क्योंकि उसने उससे संबंध बनाने से इनकार कर दिया था। कोलकाता पुलिस ने उसे दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर में उसके पैतृक गांव बसुलडांगा से गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि लस्कर नामक एक मजदूर ने कथित तौर पर उस महिला की हत्या करने की बात कबूल की है जो पिछले दो साल से अपने पति से अलग रह रही थी। डीसीपी (दक्षिण उपनगरीय) बिदिशा कलिता ने कहा कि महिला का कटा हुआ सिर शुक्रवार को ग्राहम रोड के पास कूड़े के ढेर में मिला था और उसके धड़ और शरीर का निचला हिस्सा शनिवार को रीजेंट पार्क इलाके में एक तालाब के पास मिला था।

महिला रीजेंट पार्क में एक घर में काम करती थी। वह टॉलीगंज में काम करने वाले लस्कर के साथ हर दिन काम पर जाती थी। डीसीपी ने बताया कि उसका जीजा उसके साथ संबंध बनाना चाहता था, लेकिन उसने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इस उपेक्षा से लस्कर नाराज हो गया। एक सप्ताह पहले उसने ने जीजा से दूरी बनानी शुरू कर दी, जिससे वह और भी नाराज हो गया। उसने उसका फोन नंबर भी ब्लॉक कर दिया। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार शाम को जब वह फ्री हुई तो उसने उसे अपने साथ एक निर्माणाधीन इमारत में चलने के लिए मजबूर किया। उसने वहां उसका गला घोंट दिया और फिर उसका सिर काट दिया। उसने शव को तीन टुकड़ों में काटा और उन्हें फेंक दिया।

पुलिस इस संबंध में अन्य लोगों की संभावित संलिप्तता की भी जांच कर रही है। उस इलाके में कटा हुआ सिर बरामद होने से निवासियों की रूह कांप उठी और उनके अंदर डर पैदा हो गया। शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने गोल्फ ग्रीन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत ग्राहम रोड पर एक टैंक में कटा हुआ सिर भरा एक प्लास्टिक बैग देखा था।

# हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद एक्शन में योगी सरकार, यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण चेयरमैन अनिल सागर हटाए गए

**लखनऊ एजेंसी।**
यूपी की योगी सरकार ने प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास व आईटी एवं इलेक्ट्रानिक और अध्यक्ष यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण अनिल कुमार सागर को हटाते हुए प्रतीक्षारत कर दिया है। बताया जा रहा है कि यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण में एक ही तरह के तीन मामलों में अलग-अलग फैसला देना उन्हें भारी पड़ा है। यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण अध्यक्ष और प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास का चार्ज होने के नाते अनिल कुमार सागर के पास वहां के मामलों की सुनवाई करने का अधिकार उनके पास रहा। यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण के दायरे में आने वाली बर्ड सेंचुरी में एनजीटी के आदेश पर बिल्डरों कुछ लाभ दिया जाना था। मगर आरोप है कि कुछ बिल्डर्स को तो यह लाभ मिला, लेकिन कुछ को नहीं दिया गया। बताया जा रहा है कि इस नाराजगी के चलते एक बिल्डर ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। इसमें आरोप लगाया गया कि एक ही तरह के मामलों में अलग-अलग तरीके के निर्णय दिए गए। कुछ बिल्डर के कई प्रोजेक्ट रद्द करने का आरोप लगाया गया है। इसी के बाद हाईकोर्ट ने अनिल सागर को लेकर टिप्पणी की थी। अनिल कुमार सागर 1 दिसंबर 2022 को औद्योगिक विकास विभाग में बतौर सचिव तैनात किए गए थे। सचिव के बाद उच्च पद पर पदोन्नति मिली तो उन्हें यहीं पर 1 दिसंबर 2022 से प्रमुख सचिव की तैनाती दे दी गई।



**औद्योगिक प्राधिकरणों में सुनवाई के लिए नए सिरे से अधिकारी अधिकृत:** औद्योगिक विकास विभाग ने मामलों की सुनवाई के लिए अधिकारियों को नए सिरे से अधिकृत किया है। संयुत सचिव औद्योगिक विकास जयवीर सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। अभिषेक प्रकाश सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास ग्रेटर नोएडा और सीडा, रम्या आर विशेष सचिव नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण व गीडा और पीयूष वर्मा विशेष सचिव यमुना एक्सप्रेस औद्योगिक विकास प्राधिकरण व यूपीसीडा के मामलों की सुनवाई करेंगे।

# इरफान ने अरुण बन बुआ-भतीजी से किया रेप, पति को नींद की गोलियां खिला पत्नी से बनाता था संबंध

**रेवाड़ी, एजेंसी।**
गुरुग्राम से सटे रेवाड़ी में एक मुस्लिम युवक खुद को हिंदू बताकर पहले एक विवाहित महिला को अपने प्रेम जाल में फंसाकर साथ लेकर फरार हो गया। इतना ही नहीं आरोपी ने पिस्तौल के बल पर महिला की नाबालिग भतीजी से भी दुष्कर्म किया। आरोप है कि पीड़ित परिवार द्वारा शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने की बजाय उसे थाने से भगा दिया।

आरोप है कि पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल कराने की भी जहमत नहीं उठाई। इतना ही नहीं जांच अधिकारी ने लड़की की अनपढ़ मां से कागजों पर दुष्कर्म के स्थान पर छेड़छाड़ की शिकायत लिखवा डाली और मामले को दबाने का प्रयास किया, लेकिन इसकी भनक जब हिन्दू संगठनों को लगी तो मामला एसपी तक जा पहुंचा।

यह मामला नगर की एक गोशाला का है, जहां कई वर्षों से एक परिवार रह रहा था। इस परिवार की विवाहिता से हापुड़ यूपी का एक युवक संपर्क में आया। उसने अपना नाम अरुण बताया और कहा कि वह एक चूड़ी की दुकान पर काम करता है। अरुण विवाहिता को अपनी मोहब्बत के जाल में फंसाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा और पूरी रात उसके घर पर भी रहता। महिला के पति को नींद की गोलियां खिलाकर सुला दिया जाता था। पति इस प्रेम प्रसंग से अनजान था। इस दौरान अरुण ने मौका पाकर विवाहिता की नाबालिग भतीजी से भी पिस्तौल के बल पर दो बार दुष्कर्म किया। उसने लड़की को धमकी दी थी कि यदि उसने किसी को इस बारे में बताया तो उसके चाचा और पिता को गोली मार देगा। कुछ दिन बाद अरुण विवाहिता को साथ लेकर फरार हो गया। बाद में पता चला कि अरुण असल में मुसलमान है और उसका नाम इरफान खान है।

मामले में विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने कहा कि इतने गंभीर मामले में पुलिस की लापरवाही शर्मनाक है। वहीं, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की चेयरपर्सन कुसुमलता ने कहा कि काउंसलिंग में लड़की ने सारी आपबीती बताई।

पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने के आरोपों पर हिंदू संगठन द्वारा पीड़ित परिवार को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सामने पेश किया गया। वहां कमेटी ने मेडिकल कराकर केस दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके बावजूद महिला जांच अधिकारी मेडिकल कराने की बजाय गोशाला में छोड़ आई। शनिवार को हिन्दू संगठन के पदाधिकारी एक बार फिर पीड़ित परिवार को एसपी कार्यालय लेकर गए और न्याय की गुहार लगाई। महीपाल, अतिरिक्त प्रभारी, मॉडल टाउन थाना ने कहा, शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट में केस दर्ज कर लिया गया है। पूरी जांच का जिम्मा महिला अधिकारी संगीता को दिया गया है।

# छात्र की नाबालिग बहन को भगाने वाला ट्यूशन टीचर 16 साल बाद नूंह से गिरफ्तार, 50 हजार का था इनाम

**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मसूरी थानाक्षेत्र से दूसरे समुदाय की किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी ट्यूशन टीचर को 16 साल बाद नूंह से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम था। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने नाबालिग से निकाह कर लिया था। अब इनके तीन बच्चे हैं।



एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि 20 अप्रैल 2008 को डासना के रहने वाले व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का मुकदमा मसूरी थाने में दर्ज कराया था। इसमें मसूरी कस्बा निवासी यूसुफ सैफी पर बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया था। शिकायत में बताया था कि आरोपी यूसुफ पीड़ित के बेटों को ट्यूशन पढ़ाने घर आता था, जहां आरोपी का उनकी बेटी से संपर्क हुआ और फिर वह उसे भगाकर ले गया। इस मामले में पीड़ित ने यूसुफ के परिजनों को भी केस में आरोपी बनाया था, जिसके आधार पर मसूरी पुलिस ने यूसुफ के पिता सलीमुद्दीन, अन्य परिजन करीमुद्दीन, अय्यूब, अज्जू उर्फ अयाज और आरिफ तसलीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पुलिस मुख्य आरोपी यूसुफ और लड़की का पता नहीं लगा सकी थी। अब पुलिस ने यूसुफ को हरियाणा के नूंह से गिरफ्तार कर लिया है। जहां वह 16 साल पहले भगाकर लाई गई नाबालिग के साथ रह रहा था। उसके तीन बच्चे भी हैं। पुलिस का कहना है कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपी और उसकी पत्नी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। कोर्ट के आदेशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को अंदेशा है कि यूसुफ ने किशोरी का धर्मांतरण कराने के बाद उससे निकाह किया होगा। हालांकि, इस संबंध में आरोपी ने कुछ नहीं बताया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार घर से जाने के बाद आरोपी और किशोरी ने अपने-अपने परिजनों से संपर्क तोड़ लिया था, जिसके चलते दोनों के परिजन भी इनके बारे में कोई जानकारी नहीं दे सके थे। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस काफी समय से दोनों की तलाश में जुटी थी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल रही थी।

## गाजियाबाद में संभ्रांत परिवार के कपल की करतूत, लॉकर खुला मिला तो पार कर दिए 30 लाख रु के गहने

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के एक बैंक में अपना लॉकर देखने गए संभ्रांत परिवार के पति-पत्नी को वहां एक अन्य लॉकर खुला मिल गया, जिसके बाद उनकी नीयत खराब हो गई और उन्होंने उसमें रखी करीब 30 लाख रुपए की ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया। हालांकि मामला पुलिस तक पहुंच गया और करीब दो महीने बाद पुलिस भी उन तक पहुंच गई। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं पति फिलहाल फरार है। आरोपी पति-पत्नी का नाम नितिन गर्ग और प्रिया गर्ग है। यह घटना बैंक ऑफ बडौदा की गाजियाबाद स्थित राज चौपला चौराहा ब्रांच में करीब दो महीने पहले हुई थी और इस चोरी के संबंध में 25 अक्टूबर को मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में शनिवार को आरोपी महिला प्रिया को सोने और चांदी के गहने चुराने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी ग्रामीण एनके तिवारी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि करीब दो महीने बाद पुलिस ने शनिवार को आदर्श नगर कॉलोनी से चोरी की आरोपी प्रिया गर्ग को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला का लॉकर भी उसी ब्रांच में है और पूछताछ के दौरान उसने पीड़िता के लॉकर से चोरी करने की बात कबूल कर ली। आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा की मोदीनगर शाखा में ईशा गोयल के लॉकर के बगल में मेरा लॉकर है, जिसका संचालन मैं और मेरे पति नितिन गर्ग करते हैं। 19 अक्टूबर, 2024 को जब हम अपना लॉकर खोलने बैंक गए, तो देखा कि लॉकर नंबर बी-42 खुला पड़ा था।

# रेलवे स्टेशन के बाहर 80 साल पुराने हनुमान मंदिर को गिराने का नोटिस, आदित्य ठाकरे ने की महाआरती

**मुंबई, एजेंसी।**
मुंबई में दादर रेलवे स्टेशन के बाहर 80 साल पुराने भगवान हनुमान मंदिर को ध्वस्त करने के लिए जारी नोटिस पर रोक लग गई है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के हस्तक्षेप के बाद यह कदम उठाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गत 4 दिसंबर को मध्य रेलवे ने मंदिर के ट्रस्टियों को नोटिस जारी किया था, जिसमें दावा किया गया कि मंदिर का निर्माण अवैध है। इससे ट्रेनों की आवाजाही बाधित होने के साथ ही यात्रियों को असुविधा हो रही है। नोटिस में सात दिनों के भीतर मंदिर को हटाने का आदेश दिया गया था। पूर्व मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के प्रतिनिधिमंडल के साथ मध्य रेलवे के अधिकारियों से मुलाकात की। साथ ही, मामले को सुलझाने के लिए उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की और उनके प्रयास सफल रहे। उन्होंने कहा, रेल मंत्री ने मंदिरों पर ध्वस्तीकरण के आदेश को रद्द करने का फैसला किया है। लोग वहां हमेशा की तरह पूजा कर सकेंगे। हम अब वहां आरती भी करने जा रहे हैं। मंदिर को गिराने के लिए रेलवे के नोटिस जारी करने को लेकर हुए विवाद के बीच शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने शनिवार को दादर स्टेशन



के बाहर स्थित हनुमान मंदिर में महाआरती की। आदित्य ठाकरे शाम को मंदिर पहुंचे और महाआरती की। इस दौरान उनके साथ पार्टी नेता अनिल देसाई, संजय राउत और कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे। इससे पहले, पत्रकारों से बात करते हुए आदित्य ने इस मुद्दे पर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह हिंदुत्व की विचारधारा का इस्तेमाल केवल वोट पाने के लिए करती है।

# अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया गुरुग्राम से गिरफ्तार, सास-साला प्रयागराज से दबोचे

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
बेंगलुरु में खुदकुशी करने वाले एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया को बेंगलुरु पुलिस ने हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया। वहीं, निकिता के मां और भाई को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया है। सुसाइड से पहले बनाए वीडियो में निकिता के पति अतुल सुभाष ने पत्नी द्वारा उत्पीड़न करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। जानकारी के अनुसार, निकिता संघानिया को बेंगलुरु पुलिस ने 14 दिसंबर की सुबह गुरुग्राम के सेक्टर-57 स्थित ब्लोसम स्टेज पीजी से गिरफ्तार किया था। निकिता पिछले कई दिनों से गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रही थी। बेंगलुरु की व्हाइट फील्ड डिवीजन की डीसीपी शिवकुमार ने तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अतुल की पत्नी निकिता सिंघानिया को हरियाणा के गुरुग्राम से और उसकी मां निशा और भाई अनुराग को प्रयागराज से आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।





निकिता और उसके परिवारवालों पर पर अतुल के खिलाफ मामला वापस लेने के लिए 3 करोड़ रुपये और बेटे का मुंह दिखाने के लिए 30 लाख रुपये रुपये मांगने का आरोप है। वार्ता के अनुसार, अतुल सुभाष खुदखुशी मामले में गिरफ्तारी से बचने को रात के अंधेरे में फरार होने के बाद आरोपियों ने 12 दिसंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। बता दें कि, मृतक के भाई विकास ने 9 दिसंबर को बेंगलुरु के मराठाहल्ली थाने में भाई की पत्नी और ससुरालवालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद बेंगलुरु पुलिस ने इस मामले में वॉन्टेड मृतक की पत्नी निकिता और उसके परिवार के लोगों को समन भेजकर तीन दिन में थाने में हाजिर होने को कहा था।

अतुल सुभाष के भाई विकास ने आरोप लगाया था कि अतुल की पत्नी निकिता और ससुराल वालों ने मुकदमा वापस लेने के लिए 3 करोड़ और इकलौते बेटे से मिलने के लिए 30 लाख रुपये की मांग की थी। यही वजह और मुकदमों से परेशान होकर अतुल सुभाष ने बेंगलुरु में आत्महत्या कर ली थी।

विकास ने बताया था कि अतुल और निकिता की 2019 में शादी हुई थी। भाई से पैसे ऐंठने को निकिता, उसकी मां निशा, भाई अनुराग व चाचा ससुर सुशील ने पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाया और अत्यधिक मानसिक और शारीरिक तनाव दिया। निकिता और उसके परिवार ने मेरे भाई अतुल के खिलाफ कई झूठे मामले दर्ज कराए और उन मामलों को बंद करने के लिए आरोपी 3 करोड़ रुपये की मांग कर रहे थे। मेरे भाई को अपने बच्चे को देखने और उससे मिलने के लिए भी 30 लाख रुपये की मांग की जा रही थी।

विकास ने कहा कि जौनपुर अदालत की सुनवाई के दौरान भाई अतुल के बयानों का मजाक उड़ाकर उसे आत्महत्या करने के लिए उकसाया गया।



गाबा टेस्टः

# ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 400 पार

## हेड और स्मिथ ने शतकीय पारियां खेलीं



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने गाबा टेस्ट में भारत के खिलाफ मजबूत शुरुआत की है। टीम ने मुकाबले के दूसरे दिन रविवार को अपनी पहली में 7 विकेट पर 405 रन बना लिए हैं। स्टंप्स पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी 45 और मिचेल स्टार्क 20 रन पर नाबाद लौटे हैं। ब्रिस्बेन के द गाबा मैदान पर खेले जा रहे इस मुकाबले में होस्ट टीम ने 28/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से स्टीव स्मिथ ने 101 और ट्रैविस हेड ने 152 रन की शतकीय पारियां खेलीं।

दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 241 रन की पार्टनरशिप हुई। ओपनर उस्मान ख्वाजा 21 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय खेमे से जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और नीतीश राणा को एक-एक विकेट मिला। इस मुकाबले का पहला दिन बारिश के नाम रहा। शनिवार को 13.2 ओवर ही डाले जा सके थे। भारतीय टीम टॉस जीतकर गेंदबाजी कर रही है। फिलहाल, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी एक-एक की बराबरी पर है। भारत ने पहला टेस्ट 295 रनों से जीता था, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मैच 10 विकेट से जीतकर वापसी की थी।

## ब्रिसबेन में भी जसप्रीत बुमराह अकेले लड़ते रहे जंग, ऑस्ट्रेलिया को तीसरी बार दिया ऐसा झटका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जिस बात का डर ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले जताया जा रहा था, वो तीसरे टेस्ट मैच में पूरी तरह से सच साबित हो गया. ब्रिसबेन में खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया के उप-कप्तान और स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अकेले ही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों से मोर्चा लेते हुए नजर आए, जबकि बाकी अन्य तेज गेंदबाज कोई भी खास असर नहीं डाल सके. इसका ही असर था कि ऑस्ट्रेलिया ने एक बड़ा स्कोर बना दिया लेकिन बुमराह ने फिर भी दम दिखाया और ऑस्ट्रेलिया की आधी टीम को निपटा दिया. इस तरह बुमराह ने सीरीज में दूसरी बार पारी में 5 विकेट लेकर अपनी बेहतरीन फॉर्म का एक और नजारा पेश किया. मोहम्मद शमी के इस दौरे पर नहीं आने के बाद से ही ये डर जताया जा रहा था कि टीम इंडिया के लिए पूरी सीरीज में बुमराह को ही पूरा दारोमदार उठाना पड़ेगा. उनके साथ मोहम्मद सिराज के रूप में एक अनुभवी साथी गेंदबाज जरूर है लेकिन उनकी हालिया फॉर्म बहुत अच्छी नहीं रही है. वहीं आकाश दीप, हर्षित राणा और नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में अनुभवहीन गेंदबाजों के होने से बुमराह के भरोसे ही टीम इंडिया इस सीरीज में उतरी और लगातार तीसरे टेस्ट में ये बात सही साबित हो गई. पर्थ और एडिलेड टेस्ट में बुमराह को फिर भी थोड़ा साथ दूसरे गेंदबाजों से मिला था लेकिन ब्रिसबेन में वो पूरी तरह अकेले लड़ाके बनकर रह गए. मैच के दूसरे दिन रविवार 15 दिसंबर को बुमराह ने शुरुआत में ही ऑस्ट्रेलिया के दोनों ओपनर्स को आउट कर दिया था. इसके बाद स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड टीम इंडिया पर टूट पड़े. दोनों ने शानदार शतक जमाए और टीम को 300 रनों के पार पहुंचाया. आखिरकार इस साझेदारी को भी बुमराह ने ही स्मिथ को आउट कर तोड़ा. दूसरी नई गेंद से बुमराह ने स्मिथ को आउट किया. फिर दो ओवर बाद दोहरा झटका दिया. पारी के 87वें ओवर में बुमराह ने पहले मिचेल मार्श को और फिर ट्रेविस हेड के रूप में सबसे बड़ी रुकावट को दूर किया.



# नीरज की ओलिंपिक जर्सी वर्ल्ड एथलेटिक्स हेरिटेज कलेक्शन में शामिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलिंपिक वाली जर्सी वर्ल्ड एथलेटिक्स हेरिटेज कलेक्शन में शामिल की गई है। टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज ने अगस्त में खत्म हुए पेरिस ओलिंपिक गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था। उन्होंने 89.45 मीटर का सीजन बेस्ट थ्रो किया था। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने 2020 के टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता था।लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले तीसरे भारतीय नीरज लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। नीरज से पहले रेसलर सुशील कुमार और बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीते थे। 2 ओलिंपिक मेडल जीतने वाले चौथे खिलाड़ी नीरज भारतीय इतिहास में नीरज चोपड़ा 2 ओलिंपिक मेडल जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले रेसलिंग में सुशील कुमार, बैडमिंटन में पीवी सिंधु और शूटिंग में मनु भाकर भी दो ओलिंपिक मेडल जीत चुकी हैं। इनमें से नीरज चोपड़ा, सुशील कुमार और पीवी सिंधु ने लगातार दो ओलिंपिक गेम्स में ये मेडल जीते। वहीं मनु भाकर ने इसी पेरिस ओलिंपिक में शूटिंग में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते।

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले साल बुडापेस्ट में में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था।इससे पहले, 2022 यूजीन में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता था।

## सिराज पर निशाना साधने वालों को गावस्कर का जवाब, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट 'पंडितों का दोहरा चरित्र दिखाया



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने एडीलेड में दिन रात्रि टेस्ट में ट्रेविस हेड के साथ विवाद में मोहम्मद सिराज पर निशाना साधने को लेकर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट 'पंडितों के दोहरे चरित्र की आलोचना की है। पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में बाएं हाथ के बल्लेबाज हेड ने शतक पूरा करने के बाद डीप स्क्वायर लेग पर छक्का लगाया जिसके बाद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर दिया और ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा किया था।

हेड ने दावा किया कि उन्होंने आउट होने के बाद सिराज से कहा था कि 'अच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारतीय गेंदबाज ने इस दावे से इनकार किया। सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और हेड को फटकार लगाई गई जबकि दोनों खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक-एक डिमेरिट अंक भी दिया। गावस्कर ने 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड में कटाक्ष करते हुए लिखा, 'सिराज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के 'पंडितों से कड़ी प्रतिक्रिया मिल रही है। ऐसी प्रतिक्रिया वहीं दे रहे जिन्हें मैदान पर इस तरह के व्यवहार के लिए जाना जाता है।

उन्होंने लिखा, 'इससे ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसक नाराज हो सकते हैं कि सिराज ने शानदार शतक बनाने वाले स्थानीय खिलाड़ी को आक्रामक इशारा किया। गावस्कर ने दोहरे चरित्र पर कटाक्ष किया कि कैसे यही लोग अपने खिलाड़ियों के असभ्य व्यवहार का समर्थन करते हैं। उन्होंने लिखा, 'यह लोग हालांकि अगले सत्र में की एशेज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के किसी तेज गेंदबाज की इंग्लैंड के बल्लेबाज के खिलाफ इस तरह की हरकत का समर्थन करेंगे। मीडिया में कुछ सुझाव थे कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को को फिर से पहले की तरह बेहद आक्रामक रवैया अपनाना चाहिए।

गावस्कर हालांकि सिराज के गुस्से से आश्चर्यचकित थे क्योंकि आईपीएल ने खिलाड़ियों के बीच कटुता को कम कर दिया था। उन्होंने कहा, 'सिराज का गुस्सा आश्चर्यजनक था क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग ने ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटरों और कोचों को करोड़पति बनाने के अलावा एक काम किया है और वह काम है पहले से मौजूद कटुता को काफी हद तक कम करना।

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में

## अजीबोगरीब तरीके से आउट हुए केन विलियमसन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट एक अप्रत्याशित खेल है, जिसने पिछले कुछ सालों में कुछ मजेदार आउट के जरिए प्रशंसकों को खूब हंसाया है। ये आउट क्रिकेट के हल्के-फुल्के पहलू को दिखाते हैं और खेल के अप्रत्याशित, मजेदार और मानवीय पहलू की याद दिलाते हैं। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच हैमिल्टन के सेडन पार्क में शनिवार को तीसरे टेस्ट के पहले दिन भी इसी तरह का आउट हुआ और इस बार बल्लेबाजी केन विलियमसन कर रहे थे।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीता और कीवी टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा। मैथ्यू पॉट्स द्वारा 59वें ओवर में गेंदबाजी करने के साथ न्यूजीलैंड का स्कोर दिन के आखिरी सत्र में 185/3 था, जबकि स्ट्राइक पर पूर्व कप्तान केन विलियमसन थे। पॉट्स ने विलियमसन को ऑफ स्टंप पर एंगलिंग करते हुए लेंथ बॉल फेंकी, जिसे विलियमसन ने अपनी डिफेंड कर दिया।

गेंद उछलकर स्टंप की ओर चल दी। विलियमसन ने इसे रोकने की कोशिश की और किक मारा, लेकिन गेंद स्टंप से टकरा गई, जिससे इंग्लैंड के प्लेयर्स बहुत खुश हुए। विलियमसन 44 रन बनाकर आउट हो गए और न्यूजीलैंड ने दिन का खेल 315/9 पर समाप्त किया।

हॉकीः

## भारत ने जापान को हराया, महिला जूनियर एशिया कप हॉकी के फाइनल में चीन से होगा सामना




**मस्कट, एजेंसी।** खिताबी मुकाबले में भारत का सामना चीन से होगा जिसने दूसरे सेमीफाइनल में पिछले चरण के उप विजेता दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया। गत चैंपियन भारत ने शनिवार को यहां जापान पर 3-1 की जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखते हुए महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुमताज खान (चौथे), साक्षी राणा (पांचवें), दीपिका (13वें) ने पहले क्वार्टर में गोल किए जबकि जापान के लिए निको मारुयामा ने 23वें मिनट में सांत्वना गोल किया।

ज्योति सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम के लिए शुरुआती क्वार्टर में यह एकतरफा रहा जब सुनलिता टोप्पो ने खेल के दूसरे मिनट में खतरनाक गेंद को रोकने के लिए तेजी से दौड़कर जापान के ड्रैग-फ्लिक के मौके को विफल कर दिया। भारत ने दो मिनट बाद गलती का फायदा उठाकर बढ़त बना ली। एक मिनट बाद साक्षी राणा ने एक और मैदानी गोल करके गत विजेता को 2-0 से आगे कर दिया। भारत ने ग्रुप मैच में चीन से मिली हार से सबक सीखा। पहले क्वार्टर में दो मिनट रहते भारत को एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे दीपिका ने गोल में बदलकर स्कोर 3-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में जापान ने कुछ मौकों पर प्रतिद्वंद्वी सर्कल में घुसने की कोशिश की, लेकिन मजबूत डिफेंस के कारण उन्हें नाकाम कर दिया गया।

जापान की खिलाड़ियों ने आखिरकार 23वें मिनट में पहला गोल किया जिससे अंतर कम हुआ और अंत तक यही स्कोर रहा। खिताबी मुकाबले में भारत का सामना चीन से होगा जिसने दूसरे सेमीफाइनल में पिछले चरण के उप विजेता दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया।




दो दिन के अंदर तीन संन्यास

## पाकिस्तान के एक और खिलाड़ी ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रमुख ऑलराउंडर इमाद वसीम ने शुक्रवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया। उन्होंने इस साल टी20 वर्ल्ड कप में भी हिस्सा लिया था। इसके कुछ घंटे बाद ही अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने भी संन्यास ले लिया। आमिर भी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तानी टीम का हिस्सा थे। इन दोनों के संन्यास के बाद एक और बाएं हाथ के पाकिस्तानी गेंदबाज ने संन्यास ले लिया है।


मोहम्मद इरफान ने भी लिया संन्यास

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। यह घोषणा उन्होंने सोशल मीडिया पर की। इरफान ने अपने साथियों और कोच का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल तीनों फॉर्मेट में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया। इरफान क्रिकेट इतिहास के सबसे लंबे खिलाड़ी हैं। उनकी लंबाई 7 फीट और एक इंच है।

42 साल के मोहम्मद इरफान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अपने साथियों और कोचों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। प्यार, उत्साह और अविस्मरणीय यादों के लिए धन्यवाद।

डब्ल्यूपीएल 2025 के लिए मिनी ऑक्शन

## सिमरन शेख को1.90 करोड़ में गुजरात ने खरीदा, अनकैप्ड कमलिनी को 16 गुना ज्यादा कीमत मिली



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई से घरेलू क्रिकेट खेलने वालीं ऑलराउंडर सिमरन शेख मिनी ऑक्शन में सबसे महंगी रहीं। उन्हें गुजरात जायंट्स ने 1.90 करोड़ रुपए में खरीदा। उनकी बेस प्राइस 30 लाख रुपए थी। उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने भी बोली लगाई, लेकिन गुजरात ने आखिर में बाजी मार ली। दिल्ली ने फिर नंदिनी कश्यप को 10 लाख रुपए में खरीद लिया।

तमिलनाडु से खेलने वालीं 16 साल की बैटर जी कमलिनी के लिए मुंबई इंडियंस ने 16 गुना ज्यादा कीमत लगा दी।

उनकी बेस प्राइस महज 10 लाख रुपए थी, उन्हें मुंबई ने 1.60 करोड़ रुपए में खरीदा। उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने भी बोली लगाई थी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ में महेन्द्र और तन्नु ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से औरंगाबाद जिले में रविवार की सुबह 5 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया गया। औरंगाबाद पुलिस के द्वारा आयोजित यह मैराथन दौड़ कार्यक्रम शहर के गेट स्कूल मैदान से शुरू हुई और रमेश चौक, ओवरब्रिज, महाराणा प्रताप चौक, दानी बिगहा होते हुए वापस मैदान में ही आकर दौड़ समाप्त हुई। इसमें सैकड़ो की संख्या में युवक एवं युवतियां शामिल हुई। मैराथन दौड़ को पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद अम्बरीष राहुल, एसडीपीओ–1 संजय कुमार पांडेय, डीएसपी ट्रैफिक मनोज कुमार, एएसपी अभियान व डीएफओ रूचि सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने कहा कि औरंगाबाद शहर से एनएच–19 और एनएच–139 गुजरी है जिसके कारण जिले भर में लगातार सड़क दुर्घटनाएं होते रहती हैं। इसी सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से यह मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया था ताकि लोग सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो और सुरक्षित तरीके से अपना वाहन चलाएं। उन्होंने बताया कि इस मैराथन दौड़ का संकल्प सुरक्षित चलना और सुरक्षित पहुंचना था अर्थात जो लोग अपने घर से वाहन के द्वारा निकलते हैं वह सुरक्षित निकले और वापस सुरक्षित अपने घर पहुंचे क्योंकि उनके परिवार वाले उनका इंतजार करते रहते हैं। डीएसपी ट्रैफिक मनोज कुमार ने बताया कि इस दौड़ में पुरुष वर्ग से डेहरी के महेंद्र कुमार ने प्रथम स्थान, अभिषेक कुमार तिवारी ने द्वितीय स्थान एवं पिपरडीह के अभिषेक राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग से गंगटी पावरग्रिड की तन्नु सिंह ने प्रथम स्थान, गोडतारा ओबरा की शीलू सिंह ने द्वितीय स्थान एवं झिकटिया औरंगाबाद की अंशु कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अधिकारियों ने प्रथम को 5000, द्वितीय को 3000 एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागी को 2000 रूपये का चेक और मोमेंटो दिया। उन्होंने बताया कि इस दौड़ से पहले प्रतिभागियों को जुंबा डांस एक्सरसाइज के माध्यम से वार्म अप कराया गया ताकि लोग आसानी से दौड़ में शामिल हो सके। इसके लिए पटना से जुंबा डांस एक्सरसाइज की एक्सपर्ट चुमकी दास अपनी टीम के साथ आई थी।

### बिना रेलिंग का पुल दे रहा हादसे को निमंत्रण, दर्जनों हो चुके हैं घायल

**औरंगाबाद (का.सं.)।** शहर के राजर्षि विद्या मंदिर के समीप अदरी नदी पर बने पुल पर रेलिंग नहीं होने से लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करते हैं। यहां कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। इस पुल से चौधरी नगर, जरमाखाप, गंगटी, तिवारी बिगहा, छोटकी बेला सहित अन्य गांव के हजारों लोगों का आवागमन होता है। इसमें छोटे-बड़े वाहन, साइकिल, बाइक, ई-रिक्शा, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि आते-जाते हैं। इसी मार्ग से स्कूली छात्र-छात्राएं साइकिल व पैदल पढ़ने आते-जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल निर्माण करने के बाद बिना रेलिंग लगाए पुल को ऐसे ही छोड़ दिया गया है। लोग विभाग को एक बार नही, कई बार रेलिंग लगाने की गुहार लगा चुके है लेकिन किसी के कान में जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने विभाग से इस पुल पर दोनो तरफ लोहे की पक्की रेलिंग लगाने की मांग की है। इस पुलिया पर छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई लोग तो बाइक सहित इस पुलिया से गिरकर घायल हो चुके हैं। इस जानलेवा पुलिया पर से कई वाहन अनियंत्रित होकर गिर चुके हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बाइक चलानेवालों को हो रही है। अचानक नियंत्रण बिगड़ने से और रात के अंधेरे में पुलिया से गिर रहे हैं। रात के समय सामने से आने वाले वाहन की तेज रोशनी में पुलिया दिखाई नहीं देती है। लोगों का कहना है कि पुलिया की मरम्मत कर उस पर रेलिंग लगा दी जाए। इससे हादसे होने से बच जाएंगे। वहीं कुछ लोगों का कहना है पुरानी पुलिया की उंचाई कम है। इसकी जगह अधिक ऊंचाई वाली नई पुलिया बनाई जाए।

### मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**औरंगाबाद (नि.स.)।** पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दाउदनगर थाना क्षेत्र के पासवान चौक से 4 ग्राम ब्राउन शुगर, 3 मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दाउदनगर के पासवान चौक इलाके में मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है।

# महिला पर भर भराकर गिरी पुरानी जर्जर दीवार, दबकर मौत

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद शहर के शाहपुर पोखरा मुहल्लें में रविवार को ईंट की पुरानी दीवार के भर-भराकर गिरने से चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान शाहपुर पोखरा मुहल्ला निवासी उदय चौधरी की पत्नी रेशमी देवी(45) के रूप में की गई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची औरंगाबाद नगर थाना की पुलिस ने मृतका के शव को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। शव का पोस्टमार्टम कराने औरंगाबाद सदर अस्पताल आए परिजनों ने बताया कि रेशमी देवी रविवार की सुबह अपने घर के पास गिरी हुई गिट्टी(स्टोन चिप्स) को उठाकर दूसरे स्थान पर रख रही थी। उसी स्थान पर ईंट का एक पुराना दीवार जर्जर हालत में था। गिट्टी उठाने के दौरान ही वह ईंट की जर्जर दीवार अचानक से भर-भराकर महिला पर जा गिरी, जिससे दबकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी सी मच गई। आनन-फानन में परिजनों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से किसी तरह ईंट की गिरी हुई दीवार के मलबें को हटाकर महिला को बाहर निकाला। इसके बाद महिला को लेकर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन शव से लिपटकर फफक-फफक कर रोने लगे। परिजनों की चीत्कार से सदर अस्पताल का परिसर दहल उठा। परिजनों के मुताबिक महिला की एक बेटी और दो बेटे हैं। पति मजदूरी करते है। इसी से परिवार का भरण-पोषण होता हैं।

## VCNB अभियान में कई वांछित वारंटी गिरफ्तार

निज संवाददाता | औरंगाबाद

पुलिस ने दिनांक 14/15 दिसंबर 2024 की रात को VCNB (वीकली क्राइम और नेग्लिजेंस ब्रेकडाउन) अभियान के तहत विशेष छापेमारी अभियान चलाते हुए बड़ी सफलता हासिल की। इस अभियान में जिले के विभिन्न थानों से कई वांछित गैर-जमानती वारंटी और मामलों में फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस निरीक्षक स्तर पर संचालित इस विशेष अभियान में जिले के सभी थानों को शामिल किया गया था। पुलिस टीमों ने पूरी योजना के साथ विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने उन आरोपियों को निशाने पर लिया, जो लंबे समय से वारंटी और फरार अभियुक्त की सूची में थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की जानकारी अभियान के दौरान पुलिस ने कई गैर-जमानती वारंटी और कांडों में वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। हालांकि, गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या और उनके नामों का खुलासा अभी पुलिस द्वारा नहीं किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई जिला में अपराध पर नियंत्रण के उद्देश्य से की गई है। संगठित प्रयास और भविष्य की योजना पुलिस अधीक्षक ने बताया कि VCNB अभियान का उद्देश्य जिले में अपराधों पर लगाम लगाना और कानूनी प्रक्रिया से फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि कानून तोड़ने वाले अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जिले में सुरक्षा को बढ़ावा इस छापेमारी अभियान से न केवल अपराधियों में भय का माहौल बना है, बल्कि जनता के बीच सुरक्षा की भावना भी मजबूत हुई है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में इस तरह के अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## 52वीं राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में औरंगाबाद से सर्वाधिक 8 प्रदर्शों का होगा प्रदर्शन

**शिक्षक मुकुल कुमार पांडेय ने जिला स्तरीय आयोजन में सराहनीय भूमिका निभाई है।**

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)

प्रदेश की राजधानी पटना में पटना में 17-18 दिसंबर को राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित की जा रही 52वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में राज्यस्तर पर चयनित प्रतिभागियों के 80 प्रदर्शों की प्रदर्शनी लगेगी। साथ ही सेमिनार का भी आयोजन होगा। इन 80 प्रदर्शों में सर्वाधिक 8 प्रदर्श औरंगाबाद जिले के चयनित प्रतिभागियों के है। बिहार शिक्षा परियोजना, औरंगाबाद के सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि औरंगाबाद के+2 उच्च विद्यालय लौवावार सिकरिया, नबीनगर के विज्ञान शिक्षक मुकुल कुमार पांडेय ने जिला स्तरीय आयोजन में सराहनीय भूमिका निभाई है। उनके स्कूल से प्रथम कुमार, बिट्टू कुमार, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेला औरंगाबाद से हरेंद्र कुमार, राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय देव से सूरज कुमार, रोशन कुमार, उच्च विद्यालय बिजौली से विक्की कुमार, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय देव से सृष्टि कुमारी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खरोखर रफीगंज से प्रियांशु कुमारी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। ये सभी प्रतिभागी राज्य स्तरीय कार्यशाला में भाग लेने के लिए 16 दिसंबर को रवाना होंगे। कार्यशाला का आयोजन 17 से 18 दिसंबर तक होगा।

## अनियंत्रित ट्रक ने युवक को रौंदा, मौके पर हुई मौत

निज संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद के ओबरा थाना क्षेत्र में कदियाही रोड में मायापुर के पास रविवार को बेलगाम ट्रक ने एक युवक को रौंद डाला। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़कर भाग निकला। मृतक की पहचान ओबरा बाजार के बेल रोड निवासी मृत्युंजय दूबे(48) के रूप में की गई है। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची ओबरा थाना की पुलिस ने शव को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया है। साथ ही पुलिस ने दुर्घटना कारित करने वाले ट्रक को जब्त कर लिया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। बताया जाता हैं कि मृत्युंजय अपना खेत देखने मायापुर के पास जा रहे थे। इसी दौरान बेलगाम ट्रक ने उसे रौंद डाला, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उसे जीवित समझते हुए आनन-फानन में इलाज के लिए ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही रोते-बिलखते परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर दौड़ पड़े। वहां पहुंचने पर मृत्युंजय दूबे की मौत होने की जानकारी मिलते ही परिजन चीखने चिल्लाने। परिजनों की चीख से अस्पताल में मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गई। फिलहाल परिजनों में हाहाकार मचा है। उनका रो रोकर बुरा हाल है।

## पूर्व मुखिया के शोक संतप्त परिजनों से मिले पूर्व सांसद

**रविवार को चित्रसारी गांव पहुंचें। शोक संतप्त परिजनों से मिले और गहरा दुःख व्यक्त करते हुए ढांढ़स बंधाया।**

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



रफीगंज के भदुकी कला पंचायत के पूर्व मुखिया चित्रसारी गांव निवासी 48 वर्षीय शिवपूजन सिंह की बीमारी के कारण मौत हो गयी थी। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह रविवार को चित्रसारी गांव पहुंचें। शोक संतप्त परिजनों से मिले और गहरा दुःख व्यक्त करते हुए ढांढ़स बंधाया। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष ओम प्रकाश उर्फ गूडू यादव, मुखिया प्रतिनिधि बिरजा ठाकुर, पूर्व मुखिया संदीप सिंह समदर्शी, दीपक भारती, विनोद सिंह, सुनिल सिंह, प्रियोद सिंह, उमेश सिंह, विनय सिंह, अनुज सिंह, मोहन सिंह, अनिल सिंह, सोहन सिंह, उमेश प्रसाद, सरोज सिंह, रिशू सिंह, विकास सिंह सहित कई अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## हसपुरा बनाम टाल के बीच होगा सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)

हसपुरा के छोटी फिल्ड पर होने वाले सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। टूर्नामेंट आयोजन कमेटी के मुख्य संयोजक धर्मेंद्र कुमार लाला ने बताया कि लगातार 12 वर्ष से हसपुरा में सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा हैं। इस बार के टूर्नामेंट का पहला क्वार्टर फाइनल मैच हसपुरा बनाम टाल पंचायत के बीच होगा। उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि काराकाट के पूर्व सांसद महाबली सिंह और लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा होंगे। बताया कि टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग लेंगी। दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच चौरी बनाम डुमरा, तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच खुटहन बनाम मुस्लिमाबाद एवं चौथा क्वार्टर फाइनल मैच जलपुरा बनाम पुरहारा के बीच होगा। कमेटी के अध्यक्ष विपिन पटेल ने बताया की टूर्नामेंट के आयोजन में बतौर मुख्य संरक्षक हसपुरा के मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह का विशेष सहयोग मिलता रहता है।

## 35 लीटर देसी महुआ शराब बरामद, 500 लीटर जावा महुआ किया गया विनष्ट

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)




गोह के बंदेया थाना की पुलिस ने चपरा गांव में छापेमारी कर महुआ शराब की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने रामबली दास के के पुत्र जितलाल दास के गौशाला से करीब 500 लीटर जावा महुआ को यथावत विनष्ट किया एवं 35 लीटर महुआ चुलाई देसी शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि चपरा गांव में महुआ शराब की अवैध रूप से बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने जीतलाल दास के गौशाला में छापेमारी की और वहां से 500 लीटर जावा महुआ और 35 लीटर महुआ चुलाई देसी शराब बरामद किया। पुलिस ने बताया कि जीतलाल दास के खिलाफ अवैध शराब बिक्री के आरोप में मामला दर्ज किया गया है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## कचरा डंपिंग करने को ले कर्मियों और जमीन मालिकों के बीच हुई झड़प

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

नगर परिषद औरंगाबाद द्वारा गीला कचरा डंपिंग को लेकर नगर परिषद के कर्मियों और जमीन मालिकों के बीच झड़प का मामला सामने आया है। मामला शहर के शाहपुर मुहल्ले के वार्ड नंबर 27 स्थित लक्ष्मी नगर की है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मुहल्ले वासियों द्वारा नगर थाना में आवेदन भी दिया गया है जिसमें बताया गया कि निजी जमीन पर नगर परिषद द्वारा कचरा गिराया जा रहा है। गीले कचड़े से निकलने वाले दुर्गंध से स्थानीय लोगों का जीना मुहाल है। स्थानीय लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया है। पूर्व में भी मुहल्ले वासियों ने नगर परिषद और नगर थाना को आवेदन देकर उस जगह पर कचरा न गिराने की गुहार लगाई थी, लेकिन मामले में कोई पहल नहीं की गई। शनिवार को भी नगर परिषद द्वारा गीले कचड़ों को डंपिंग कराया जा रहा था जिसका मुहल्ले वासियों ने विरोध किया। मौके पर निजी जमीन वाले कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और कचरा न गिराने को कहा। इस दौरान नगर परिषद के कर्मियों और जमीन मालिकों के बीच झड़प भी हुआ। कुछ लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। इधर नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कचरा गिराने को लेकर कुछ लोगों द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है।

## चुकंदर की खेती से 3 लाख सालाना कमा रहे किसान, किसान की 2 बीघा में उपज

निज संवाददाता | कुटुम्बा (औरंगाबाद)



कुटुंबा प्रखंड के चिल्की बिगहा गांव के किसान अजय मेहता द्वारा 2 बीघा में चुकंदर की खेती की जा रही है। किसान पिछले तीन सालों से चुकंदर की खेती कर रहे हैं। ये सालाना तीन लाख रुपए कमा रहे हैं। किसान अजय मेहता ने बताया कि चुकंदर की उपज समतल बलुई दोमट मिट्टी में अच्छी होती हैं। ऐसे में अंबा में इसका प्रयोग के तौर पर साल 2021 में शुरुआत में सिर्फ़ 8 कट्ठा में इसकी खेती किया था। बता दें चुकंदर की खेती जिले के सबसे पहले किसान अजय मेहता के द्वारा ही शुरू किया गया था। किसान ने बताया कि शुरुआत के साल में ही चुकंदर की अच्छी उपज हुई। जिससे मुनाफा भी हुआ। किसान ने बताया कि चुकंदर की खेती साल में 2 बार होती हैं। वहीं ये पौधा 80- 100 दिनों में तैयार हो जाता हैं। ठंड के मौसम में अक्टूबर से नवंबर के बीच इसकी खेती करना सही माना जाता हैं। हालांकि गर्मी में भी इसकी खेती कर सकते हैं । किसान ने बताया कि बुवाई के समय किसान को खेतों में खरपतवार की अच्छे से सफाई करना चाहिए और गोबर की खाद डालकर चुकंदर के खेत को तैयार करना चाहिए। जिससे खेती में फसल की अच्छी उपज हो सके। चुकंदर की उपज प्रति कट्ठा 30-40 किलो तक होती है। किसान अजय मेहता को चुकंदर की खेती से सालाना तीन लाख रुपए का मुनाफा होता है। किसान ने बताया कि तैयार हुए चुकंदर को बिहार के कई जिलों के व्यापारी को थोक रेट पर बेचा जाता है। बता दें चुकंदर के कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं। चुकंदर खाने से ब्लड सर्कुलेशन, हीमोग्लोबिन बढ़ना, पाचन तंत्र में सुधार सहित कई फायदे हैं। यही कारण है कि इस सब्जी की डिमांड सालो भर होती है। अजय मेहता ने बताया कि चुकंदर तैयार हो जाने के 60 से 65 दिनों के बाद जिले के विभिन्न प्रखंडों के सब्जी विक्रेता और फल विक्रेता ही इसे खरीद लेते हैं। बाहर बेचने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। हालांकि जिले में अजय मेहता के अलावा कई लोग बीते 45 सालों से चुकंदर की खेती कर रहे हैं। बता दें कि धान गेहूं की खेती के अलावा दर्जनों किसान सब्जियों और फलों की खेती बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। किसान सब्जियों में भी कई तरह के नए सब्जियों की खेती प्रयोग के तौर पर कर रहे है।

## मंडल कारा में कैदी की मौत पर बवाल, परिजनों ने जेल प्रशासन पर हत्या का लगाया आरोप

निज संवाददाता | औरंगाबाद



मुफस्सिल थाना के पास स्थित मंडल कारा में काराधीन 45 वर्षीय कैदी की गुरुवार की रात मौत हो गई थी। मृतक कैदी रंजीत सिंह जम्होर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के रहने वाले थे। मौत के बाद परिजनों ने जमकर बवाल किया और मौत का कारण जेल प्रशासन से पूछा था। रविवार को रंजीत सिंह के भाई ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। भाई राम पुकार सिंह उर्फ़ महंत सिंह ने का है कि रंजीत कुमार सिंह मंडल कारा औरंगाबाद में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। 12 दिसंबर 2024 को जेल में जेलर और जेल सुपरिंटेंडेंट की लापरवाही से साजिश के तहत उनकी हत्या कर दी गई है। रंजीत के परिजन को जेल से किसी व्यक्ति ने मोबाइल फोन पर सूचना दी थी कि रंजीत की तबीयत खराब है। आप लोग मिल लीजिए, वे अस्पताल में ले गए। रंजीत कुमार सिंह के परिजन औरंगाबाद सदर अस्पताल में पहुंचे तो देखा कि वह मृत अवस्था में था। मुझे संदेह है कि मेरे भाई रंजीत कुमार सिंह की हत्या एक साजिश के तहत जेलर और जेल सुपरिटेंडेंट ने कर दी है। नगर थाना अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने रविवार की दोपहर करीब 3 बजे के आसपास बताया कि नगर थाना में आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 854/24 दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है।अनुसंधानकर्ता ने बताया कि जेल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद और वार्ड नंबर 2 में कैदियों से पूछताछ की गई है। अनुसंधान चल रहा है। उन्होंने बताया कि जेल परिसर में लगे फोटो में देखा गया कि गुरुवार की सुबह मृतक कैदी 6 बजे निकल कर मेस (जेल का किचन) की ओर गए हैं। उधर से करीब 10 बजे के आसपास वह बाहर निकलते हैं। इसके बाद 10:30 में सीने में दर्द रहने के कारण जेल परिसर के अस्पताल में ही पैदल जाकर अपना इलाज करवाते हैं। पुनः करीब शाम 4:00 बजे के आसपास सीने में दर्द हुई इसके बाद यह पुणे करीब 4:30 में जेल परिसर में ही स्थित अस्पताल में अपना इलाज करवाया। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। मृतक कैदी जम्होर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी स्वर्गीय मंगल सिंह के 50 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार सिंह है। वह भतीजे के मर्डर में सजा काट रहा था। जमीन के विवाद में हत्या हुई थी। सूत्रों के अनुसार मृतक कैदी रंजीत कुमार सिंह छह भाई थे। संपत्ति बटवारा को लेकर भाई विक्रमादित्य के साथ विवाद चल रहा था। मृतक कैदी ने भाई विक्रमादित्य के बड़े बेटे अंकुर कुमार की 17 जुलाई 2018 को गोली मारकर हत्या की थी। इसका आरोप मृतक कैदी रंजीत कुमार सिंह एवं तीन अन्य पर लगा था। इसी मामले में रंजीत कुमार सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जो घटना के बाद जेल में बंद थे। जानकारी के अनुसार गुरुवार के संध्या करीब 5:00 के आसपास उनकी तबीयत बिगड़ने लगी इसके बाद वार्ड नंबर 2 में बंद कैदियों ने इस बात की जानकारी आसपास में लगे सुरक्षा कर्मियों को दिया। मंडल कारा के डॉक्टर अरुण कुमार सिंह ने कैदी रंजीत की इलाज की। घंटों इलाज के बाद तबीयत में सुधार नहीं होने पर उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच सदर अस्पताल इलाज के लिए लाया गया, लेकिन यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और काफी हाल हंगामा किया। शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे के आसपास कैमरा के बीच रिकॉर्डिंग के साथ मृतक की पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करवाई जाएगी।

## अपराध रोकने को सघन जांच अभियान

निज संवाददाता | औरंगाबाद

पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, अवैध शराब की तस्करी पर लगाम लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जिले के प्रमुख मार्गों, चौराहों और हाईवे पर लगातार जारी है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई जिले में बढ़ते अपराध और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस जांच अभियान के दौरान अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले वाहनों पर खास नजर रखी जा रही है। साथ ही, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। बिना हेलमेट, ओवरस्पीडिंग और ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने वाले चालकों के खिलाफ चालान काटे जा रहे हैं। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें और वैध दस्तावेजों के साथ ही वाहन चलाएं। अभियान के तहत बड़ी संख्या में वाहनों की जांच की गई है। कई मामलों में बिना परमिट और बिना दस्तावेज के वाहनों को जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## यातायात व्यवस्था सुधार के लिए सघन जांच अभियान जारी

निज संवाददाता | औरंगाबाद

पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, अवैधजैसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बड़ी संख्या में वाहनों की जांच की और कई मामलों में वाहनों को जब्त किया है। जनता से सहयोग की अपील पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज अपने पास रखें। उन्होंने कहा कि इस अभियान से जिले में अपराध पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इसके अलावा, उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे पुलिस को सहयोग दें और किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत साझा करें। अपराध पर नियंत्रण और जागरूकता बढ़ाने की कोशिश इस अभियान के माध्यम से न केवल अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा रही है।